CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 30 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा की मौजूदा सरकार 'नंबर एक' : अखिलेश यादव पेज 2



स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन किए पूरे खेल टाइम्स



वनों का कटान एक गंभीर समस्या सम्पादकीय



पानी को हथियार बना रहा भारत: शेरी रहमान पेज 12

# सेना के आधुनिकीकरण के लिए 79000 करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- भारत की सैन्य शक्ति में होगा बड़ा इजाफा: रक्षा मंत्री
- रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं की आवश्यकताओं पर मंथन के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किए गए इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई। वायुसेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-2 मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई। लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक प्रहार के लिए किया जाता है, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार की, कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उनका पीछा करने में सक्षम होते हैं। लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट प्रणाली की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाएंगे, जिससे लक्ष्यों पर प्रभावी प्रहार संभव होगा। उन्नत रेंज वाला इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-2 सामरिक युद्ध क्षेत्र और हिन्टरलैंड में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। नौसेना के लिए खरीदा जाने वाला बोलार्ड पुल टग्स की तैनाती से नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों को बंदरगाहों और संकरे जल क्षेत्रों में बर्थिंग, अनबर्थिंग और संचालन में सहायता मिलेगी। यह एक विशेष तरह की टगबोट होती है, जो जहाजों को खींचने में सक्षम होती है। हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो बोर्डिंग और लैंडिंग अभियानों के दौरान लंबी दूरी की सुरक्षित संचार व्यवस्था को मजबूत करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने ऋण निपटान मामले में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि ये छापेमारी इंदरजीत सिंह यादव, उनके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अन्य संबंधित संस्थाओं से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। तलाशी में पता चला कि यादव द्वारा कॉरपोरेट घरानों और निजी वित्तदाताओं के बीच ऋण निपटान की सुविधा के लिए एक वेबसाइट/पोर्टल विकसित और संचालित किया गया था। इसके अलावा अभियान के दौरान यह भी पता चला है कि धन शोधन की आय का उपयोग करके यादव और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर विभिन्न चल और अचल संपत्तियां अर्जित की गई है। ईडी ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज की गई 15 से अधिक प्राथमिकी और आरोपपत्र के आधार पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू की।

### नौसेना का स्वदेशी पाल नौकायन पोत ओमान रवाना

**नई दिल्ली।** नौसेना के पारंपरिक तरीके से सिले हुए स्वदेशी पाल नौकायन पोत आईएनएस कौंडिन्य ने सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान सल्तनत के मस्कट के लिए अपनी पहली विदेशी समुद्री यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पोत को बनाने वाली टीम को बधाई देते हुए इसके चालक दल को सुरक्षित और यादगार यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह ऐतिहासिक अभियान जीवंत समुद्री यात्रा के माध्यम से भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने, समझने और उसे मनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हो रहा है।

### PDUNASS और ICCFG के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्था पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस) ने आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस (आईसीसीएफजी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से सोमवार को बताया गया कि पीडीयूएनएएसएस के क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त-प्रथम राम आनंद और आईसीसीएफजी के महासचिव शांति नारायण ने यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पीडीयूएनएएसएस के निदेशक कुमार रोहित ने इस साझेदारी की रणनीतिक अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि भारत के सामाजिक सुरक्षा परिदृश्य में परिवर्तनकारी सुधारों के बीच ईपीएफओ की जिम्मेदारियां बढ़ रही हैं, ऐसे में हमारे अधिकारियों को न केवल प्रक्रियात्मक दक्षता बल्कि नैतिक योग्यता की भी आवश्यकता है।

## सीबीआई ने टीवीके के दो नेताओं के बयान दर्ज किए

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के महासचिव अधर्व अर्जुन और पार्टी पदाधिकारी निर्मल कुमार सोमवार की सुबह सीबीआई के सामने पेश हुए और अधिकारियों के सामने अपने बयान दर्ज कराए। सीबीआई ने स्थानीय पुलिस से मामला अपने हाथ लिया है। वह इससे जुड़े व्यक्तियों को तलब कर उनकी भूमिका की जांच कर रही है। इसी प्रक्रिया के तहत अधर्व अर्जुन और निर्मल कुमार को बुलाया गया था। दोनों नेताओं ने कहा कि जांच में पूरा सहयोग करेंगे और संबंधित सभी जानकारी जानकारी साझा करेंगे।

# कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका

## शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत आदेश पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

उन्नाव दुष्कर्म कांड





कोर्ट ने सेंगर को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी।

यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में कानून के कई महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हुए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर जमानत पर रिहा हुए व्यक्ति को सुने बिना उसके आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती, लेकिन इस मामले के तथ्य 'असाधारण' हैं। न्यायालय ने -शेष पृष्ठ दो पर

## अरावली केस: सुप्रीम कोर्ट का अपने ऑर्डर पर स्टे

- कोर्ट ने पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को दी थी मंजूरी, अब रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी। अदालत ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। पीठ ने टिप्पणी की कि हम यह आवश्यक समझते हैं कि समिति की सिफारिशों और इस अदालत के निर्देशों को स्थगित रखा जाए।

# असम ही नहीं, पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान: शाह

## गृह मंत्री ने असम में कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

- अमित शाह ने घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया।

बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का गायन-बयान (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां गुरु आसन पूजनीय संत की सीट रखी है। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला सबसे पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था। इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना (आविर्भाव क्षेत्र), महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने एक भारत का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। अमित शाह ने दावा किया कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए, इन समझौतों की 92 फीसदी शर्तें पूरी हो चुकी हैं। शाह ने कहा कि बीजेपी पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है। क्या यह सही था कि शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे? मैं हिमंत बिस्वा सरमा को यहां से घुसपैठियों को हटाने और नामघर को फिर से स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं। एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन घुसपैठियों से आजाद कराई गई है।

# ललित मोदी ने वायरल वीडियो पर मांगी माफी

- लिखा: मैं भारत सरकार से माफी मांगता हूं

**नई दिल्ली।** भारत में आर्थिक अपराधी घोषित ललित मोदी का 22 दिसम्बर को वीडियो सामने आया था। इसमें वो भगोड़े विजय माल्या के साथ नजर आए थे।

इसमें ललित ने खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कहा था। अब ललित ने अपने वीडियो पर माफी मांगी है। एक्स पोस्ट में ललित ने लिखा कि मेरे बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हों, खासकर भारत सरकार की, तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं। बयान का आशय वैसा नहीं था, जैसा उसे समझा गया। किसी भी गलतफहमी के लिए फिर से माफी मांगता हूं।

# आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में लगी आग, एक की मौत, दो कोच जले



**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम से करीब 66किमी दूर येलमंचिली में टाटानगर- एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को बी1 कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है।

# दिल्ली घने कोहरे व जहरीले धुएं की चपेट में

- एक्यूआई पहुंचा गंभीर स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में छाई गहरी धुंध के कारण सोमवार सुबह दृश्यता में भारी गिरावट दर्ज की गई और पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया, जिसका मतलब है कि एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वायु प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ती गई और सुबह सात बजे तक एक्यूआई 403 तक पहुंच गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता लगभग शून्य हो गई, जिससे रेलगाड़ियों एवं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। ठंड एवं धुंध के कारण नोएडा के स्कूल बंद रहे। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में अत्यधिक घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान लगाया है। आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 459 दर्ज किया गया।

### 125 से अधिक उड़ानें रद्द, आठ दूसरे शहरों में भेजी गईं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण सोमवार सुबह को 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं और आठ उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए रवाना करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक विभिन्न एयरलाइंस की यहां से जाने वाली 64 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा, दूसरे शहरों से यहां आने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द रहीं।

# ऐंजल चकमा हत्याकांड में राहुल गांधी की एंट्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या नफरत का नतीजा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा के साथ हुई बर्बरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश में फैल रही नफरत का ताजा उदाहरण है।

श्री गांधी ने दोनों भाईयों को न्याय देने की मांग करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देहरादून में अंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ वह एक भयानक घृणा से उपजा अपराध है। नफरत रातोरात पैदा नहीं होती। अब वर्षों से इसे रोजाना -विशेष रूप से युवाओं को-जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना आख्यानों के माध्यम से नफरता का जहर खिलाया जा रहा है और सत्तारूढ़ भाजपा के नफरत फैलाने वाले नेतृत्व द्वारा इसे सामान्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण बंधुत्व, समानता और प्रेम आधारित है तथा एकता पर हुआ है। भय और दुर्व्यवहार के लिए इस माहौल में कहीं काई जगह रही नहीं है।

## रिटायर सैनिकों को प्राइवेट अस्पतालों में इलाज नहीं मिलता: राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी में रिटायर सैनिकों से मुद्दे उठाए। संसद में आयोजित बैठक में राहुल ने कहा कि रिटायक सैनिकों को जब प्राइवेट अस्पतालों में रैफर किया जाता है, तो उन्हें वहां इलाज नहीं मिलता। राहुल ने बैठक में कहा है कि पूर्व सैनिकों की भर्ती और पुनर्वास में कमी है। बड़ी संख्या में रिटायर सैनिकों को रोजगार और तय सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। दरअसल, राहुल गांधी रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सदस्य हैं। आज की बैठक का एजेंडा पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनके लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों की समीक्षा करना था।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी बलात्कारियों को बचाने के पक्ष में

**लखनऊ।** उन्नाव रेप केस में सजायाफ्ता कुलदीप सेंगर की जमानत के हाईकोर्ट के फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाजवादी पार्टी ने स्वागत किया है और कहा कि कमजोर पैरवी की वजह से कुलदीप सेंगर को जमानत मिल गई थी। बीजेपी का चरित्र सामने आ गया है, वो हमेशा बलात्कारियों के पक्ष में खड़ी रहती है। उन्नाव रेप केस में कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक लगने पर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि बीजेपी का चरित्र सामने आ गया है। कहीं वो बलात्कारियों की सजा माफ करती है, तो कहीं बलात्कारियों के पक्ष में खड़ी रहती है और कुलदीप सेंगर के मामले में तो जब से ये शुरू हुआ, तब से हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही मुकदमा लिखा गया और कार्रवाई हुई। सपा नेता ने कहा कि कमजोर पैरवी की वजह से हाईकोर्ट से उसे जमानत मिल गई थी, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है।

### सेंगर के समर्थन में उतरा पुरुष आयोग

**लखनऊ।** उन्नाव रेप केस में दोषी कुलदीप सेंगर के समर्थन में पुरुष आयोग आ गया है। आयोग की अध्यक्ष बरखा त्रेहन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले रविवार को मीडिया में यह बयान दिया था कि बलात्कार जैसे मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पीड़िता को लेकर भी सवाल उठाया था कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से न्याय नहीं मिलेगा। बरखा त्रेहन ने कहा कि हमें अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए, इसीलिए वे कुलदीप सेंगर के समर्थन में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने गईं थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि जो लोग संविधान की किताब लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, क्या उन्हें कोर्ट के फैसले का सम्मान नहीं करना चाहिए, कोर्ट ने उन्हें निर्दोष नहीं किया।

## मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

# यूपी के कई शहर भीषण ठंड की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक जनवरी तक 12वीं तक स्कूल बंद करने के आदेश, आगरा, सहारनपुर में दृश्यता शून्य

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। वाराणसी, कानपुर शहर, प्रयागराज, गाजीपुर, शाहजहांपुर, हरदोई और आसपास के जिलों में दिन के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इस बीच योगी सरकार ने एक जनवरी तक 12 तक के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए सोमवार और मंगलवार को घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रह सकती है। रविवार को लखनऊ में इस मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान गिरकर 15.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 5.8 डिग्री कम रहा। इससे पहले 19 दिसम्बर को अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार, पिछले साल दिसम्बर में लखनऊ का न्यूनतम दिन का तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए लखनऊ में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, दिन में कोल्ड डे की स्थिति और सुबह के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान करीब 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश के अन्य शहरों में भी दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। शाहजहांपुर और हरदोई में सबसे कम 12.5 डिग्री, वाराणसी एयरपोर्ट और गाजीपुर में 13.5 डिग्री, वाराणसी बीएचयू में 13.9 डिग्री और बरेली में 14 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। आजमगढ़ और हमीरपुर में 14.2, कानपुर शहर में 14.3, उरई और मुजफ्फरनगर में 14.4, गोरखपुर और बलिया में 14.5 तथा प्रयागराज में 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति भी बनी रह सकती है।

### ठंड में भी जारी रहा सीएम का जनता दर्शन

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचंड ठंड में भी गोरखपुर में सोमवार को जनता के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे और सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीघ्ति व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कोडीनयुक्त कफ सिरप की पैरेलल सप्लाई चेन ध्वस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम के निर्देश पर एफएसडीए का बड़ा एक्शन

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में अवैध नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। सूत्रों की मानें तो अगले माह एसआईटी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप सकती है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) को कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय- विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। विभाग ने कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन को लेकर देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। इस दौरान झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में विवेचना की गई और यूपी के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबारी रिश्तों के सबूत जुटाए। इसके बाद प्रदेश में क्रैक डाउन शुरू हुआ, जिसने सिरप के अवैध डायवर्जन की परतें उधेड़ दीं। एसएसडीए की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए एक्शन शुरू किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाने को सही ठहराते हुए 22 मामलों में आरोपियों की रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने 22 मामलों में आरोपियों द्वारा अरेस्ट स्टे की रिट याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। एफएसडीए ने पिछले तीन माह में कोडिनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर कुल 52 जनपदों में 332 से अधिक थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान प्राप्त अभिलेखीय एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 36 जनपदों की कुल 161 फर्मों/संचालकों के विरुद्ध बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# यूपी वालों का जनवरी में कम आएगा बिजली का बिल!

■ यूपीपीसीएल ने नए साल पर किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी में नए साल पर बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ा तोहफा दिया गया है। बिजली विभाग ने साल 2026 के जनवरी महीने में बिजली के बिल पर 2.33 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं का नए साल पर बिजली का बिल कम रहेगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

दरअसल उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी यूपीपीसीएल ने ईंधन अधिभार शुल्क को लेकर आदेश जारी किया है। जिसके तहत जनवरी महीने में बिजली के बिल में 2.33 प्रतिशत छूट रहेगी और एक महीने के लिए बिजली की दरें कम हो जाएंगी। इससे करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं का नए साल के पहले महीने का बिल कम आएगा। उत्तर प्रदेश में यूपीपीसीएल प्रत्येक महीने विद्युत का फ्यूल सरचार्ज निर्धारित किया जाता है। आदेश के तहत अक्टूबर महीने के ईंधन अधिभार का समायोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा। जिसका लाभ बिजली के सभी तरह के उपभोक्ताओं को मिलेगा और प्रदेश के उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये का सीधा लाभ होगा। इससे पहले सितंबर 2025 का ईंधन अधिभार दिसंबर में 5.56 प्रतिशत की दर से लिया गया था, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 264 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था।

# भ्रष्टाचार में भाजपा सरकार नंबर-1: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बन गया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है और भ्रष्टाचार के मामले में मौजूदा सरकार 'नंबर एक' बन चुकी है।

सोमवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशाई हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन अब 'लूट का मिशन' बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में अवैध कारोबारों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूरे उत्तर प्रदेश में नशे और अवैध धंधों का जाल फैला हुआ है। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं। जनता से किए गए वादे पूरे करने में सरकार विफल रही है और भ्रष्टाचार रोकने के उसके दावे खोखले साबित हुए हैं। कन्नौज जनपद के छिबरामऊ का उदाहरण देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि चार दिन में करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क उखड़ गई। भाजपा सरकार में सड़कें नहीं बनतीं, बल्कि 'कमीशनखोरी की सड़कें' बिछाई जाती हैं। तहसील और थाने भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं, जहां आम आदमी को अपने ही काम के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण आम जनता बुरी तरह परेशान और त्रस्त है। सपा जनता की आवाज बनेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा भ्रष्टाचार को सड़क से सदन तक उजागर करती रहेगी।

### कश्मीर के तंगमर्ग जंगलों में ट्रेकिंग पर पुलिस की पाबंदी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र के ऊपरी वन क्षेत्रों में ट्रेकिंग को लेकर सख्त प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए गैर-स्थानीय पर्यटकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जबकि स्थानीय निवासियों को जंगल क्षेत्रों में जाने से पहले पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। पुलिस ने इस बावत एक सुरक्षा परामर्श जारी किया है और इसे गत 21 दिसम्बर को डनवास वन क्षेत्र में हुई एक अनधिकृत ट्रेकिग की घटना के बाद जारी किया गया है। पुलिस ने कहा कि जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी तरह की सुरक्षा संबंधी गलतफहमी से बचने के लिए स्थानीय निवासियों को ऊपरी वन क्षेत्रों में प्रवेश से पहले संबंधित स्थानीय अधिकारियों से आवश्यक अनुमति लेनी होगी तथा स्थानीय पुलिस या प्रशासन को इसकी जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि गैर-स्थानीय पर्यटकों के लिए ऊपरी वन क्षेत्रों में प्रवेश और ट्रेकिग सभी परिस्थितियों में सख्त रूप से प्रतिबंधित रहेगी।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# ऑटो और आईटी कंपनियों के शेयर टूटे

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक गिरकर बंद हुए

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग डेढ़ सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 345.91 अंक (0.41 प्रतिशत) टूटकर 84,695.54 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबार दिवस पर लाल निशान में बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 100.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,942.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 18 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन खुलते ही दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। हालांकि कुछ ही देर बाद वे एक बार फिर गिरावट में आ गए। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, आईटी, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी और सार्वजनिक बैंकों के सूचकांकों में तेजी दर्ज की गई। एनएसई में कुल 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,185 के शेयरों में गिरावट और 1,022 में बढ़त रही। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में रहे। अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.22 प्रतिशत टूट गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 फीसदी और पावरग्रिड में 1.85 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.36 प्रतिशत, बीईएल का 1.26 और भारती एयरटेल का 1.14 प्रतिशत गिर गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 1.83 फीसदी और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी और जापान का निक्केई 0.44 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.04 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.02 प्रतिशत नीचे था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 फीसदी की बढ़त थी।

# चांदी 2.43 लाख किलो हुई, तो सोना 1.38 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन ऑलटाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 205 रुपए बढ़कर 1,38,161 पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,37,956 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 1,53,76 रुपए महंगी होकर 2,43,483 किलो हो गई है। इससे पहले ये 2,28,107 रुपए पर थी। इस साल सोना 61,999 रुपए और चांदी 1,57,466 रुपए महंगी हो चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,999 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,38,161 रुपए हो गया है। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई है, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल, चीनी और दालें रहीं मजबूत खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई, जबकि गेहूं के दाम टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा भी 30 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 161 रुपये और तुअर दाल 165 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 133 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल 92 रुपये और उड़द दाल 44 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 40 रिंगिट की गिरावट के साथ 4049 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत टूटकर 49.05 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 63 रुपये, सोया तेल की 53 रुपये और सरसों तेल की 52 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति का भाव 110 रुपये, मूंगफली तेल का 84 रुपये और सूरजमुखी तेल का 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। गुड़ के औसत भाव में 43 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चीनी की कीमत भी 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल चना 7814.33 रुपये, मसूर काली 8148.03 रुपये, मूंग दाल 10089.91 रुपये, उड़द दाल 10357.58 रुपये, तुअर दाल 10581.51 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2853.64 रुपये और चावल 3850.88 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3293.77 रुपये प्रति क्विंटल। खाद्य तेल : सरसों तेल 17883.03 रुपये, मूंगफली तेल 17883.03 रुपये, सूरजमुखी तेल 15776.27 रुपये, सोया तेल 13796.77 रुपये, पाम ऑयल 12420.68 रुपये और वनस्पति 14450.39 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# उत्तर प्रदेश बना देश में सर्वाधिक पर्यटकों के आगमन वाला राज्य

**लखनऊ।** एक दशक पहले तक ताजमहल समेत कुछ अन्य ऐतिहासिक धरोहरें उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं मगर हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के चलते पर्यटन क्षेत्र को अभूतपूर्व रफ्तार मिली है और घनी आबादी वाले राज्य में प्रयागराज, काशी, मथुरा, अयोध्या समेत अन्य जिलों में स्थित धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल आज देश दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के नवीनीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास से यूपी ने घरेलू पर्यटन में देश में प्रथम तथा विदेशी पर्यटन में चौथा स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि 3.66 लाख विदेशी पर्यटकों ने प्रदेश की यात्रा की। इसकी सबसे बड़ी वजह प्रयागराज में आयोजित दिव्य-भव्य महाकुंभ-2025 रहा, जहां रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### कुलदीप सेंगर को...

जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में सीबीआई ने एक विशेष अनुमति याचिका दायर 26 दिसम्बर, 2025 को दायर की थी। इसमें 23 दिसम्बर के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने सेंगर की अपील लंबित रहने के दौरान उनके आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। सेंगर को दिसम्बर 2019 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया था और 25 लाख रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सेंगर ने जनवरी 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी और बाद में मार्च 2022 में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उच्च न्यायालय ने 23 दिसम्बर को अपने आदेश में सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उनकी अपील के निपटारे तक कुछ शर्तों के अधीन उन्हें जमानत दे दी। हालांकि सेंगर अभी भी जेल में बंद है, क्योंकि वह पीड़िता के पिता की गैर-इरादतन हत्या से संबंधित एक अलग सीबीआई मामले में 10 साल की सजा काट रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन्नाव पीड़िता व परिजनों की जीत: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के उन्नाव दुष्कर्म मामले में उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह फैसला पीड़िता और उसके साथ खड़े लोगों की जीत है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि आज उच्चतम न्यायालय के फैसले ने उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दी गई थी। उच्चतम न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि नाबालिग से दुष्कर्म और उसके परिजनों की हत्या का दोषी भाजपा का पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर जेल से बाहर नहीं आएगा। यह पीड़िता, उसके परिवार और उसके साथ खड़ी हर आवाज की जीत है। मगर यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि श्री मोदी कहते थे कि नाबालिग के दुष्कर्मियों को दोषी साबित होते ही फांसी दी जाएगी, लेकिन सभी ने देखा कि कैसे दुष्कर्मी और अपराधियों को बचाया जा रहा है। सेंगर का मामला अब उच्चम न्यायालय पहुंच चुका है। कुलदीप सिंह सेंगर हो, अंकिता भंडारी के दोषी हों या बिलकिस बानो के दोषी हों, मोदी और उनकी सरकार हर मामले में बेनकाब हुई है। आज न्याय की जीत हुई है।

### कांग्रेस ने अरावली पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा बदलने के केंद्र सरकार के प्रयासों पर उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का स्वागत किया है। पार्टी ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जिस तरह के तर्कों से इस बदलाव को सही ठहरा रहे थे, न्यायालय ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार के अरावली की परिभाषा बदलने के प्रयासों पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पार्टी स्वागत करती है।

# अगले सत्र में विधायकों को बिल पढ़कर आना होगा

■ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बोले- 19 को लखनऊ में होगा सम्मेलन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विधानसभा के सदस्य अपने सवालों को रखने के लिए परेशान रहते हैं। कभी-कभी उत्तेजित भी हो जाते हैं, इस सत्र के दौरान एक ही दिन में 11 बिल पारित हुए हैं।

विधायकों को अगले सत्र में सदन में बिल पढ़कर आना होगा। किसी भी विधायक को रैंडम बोलने के लिए कहा जा सकता है। ये बातें सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कही। विधानसभा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मैंने सभी सदस्यों से कहा था कि एक बात को रिपीट न किया जाए, उसे मैं कार्यवाही में शामिल नहीं करूंगा। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करने के बाद कई पूर्व विधायक मेरे पास आए। पुराने सदस्य सदन की कार्यवाही की प्रशंसा कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर के 2 साल पूरे हो रहे हैं। विधायकों को इस बार अयोध्या ले जाएंगे, अगले विधानसभा सत्र में यह प्रयास करूंगा कि मैं किसी विधायक से कह दूंगा कि इस बिल पर आप बोलिए, चाहे वह हाथ उठाएं या न उठाएं. इससे कम से कम विधायक बिल को पढ़कर सदन में आएंगे। कम से कम उन्हें पता तो रहेगा कि बिल आखिर किस चीज के लिए है। अध्यक्ष ने कहा कि मैं सभी सदस्यों को सदन की कार्यवाही में भागीदारी कराने के लिए प्रयास करूंगा। वंदे मातरम पर भी इस बार चर्चा हुई। कई विधायकों को टीस रह गई कि उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला।

## गौचर में किसानों के कल्याण व आर्थिक उत्थान को समर्पित राज्य स्तरीय किसान दिवस का आयोजन

# 100 करोड़ की लागत से बनेगा क्लीन प्लांट सेंटर : शिवराज

■ केंद्रीय कृषि मंत्री ने उत्तराखंड के लिए की अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** गौचर में किसानों के कल्याण तथा आर्थिक उत्थान को समर्पित राज्य स्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत 88 हजार किसानों को 65 करोड़ 12 लाख रूपये की बीमा राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड में 100 करोड़ की लागत से 'क्लीन प्लांट सेंटर' स्थापित किए जाने और घेरबाड़ योजना के लिए प्रदेश को 90 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने की घोषणा की। चौहान ने इस अवसर पर पीएमजीएसवाई-4 योजना के तहत राज्य की 309 बसावटों को जोड़ने के लिए 1228.2 किमी सड़कों के निर्माण के लिए 1706.94 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किए जाने का पत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा।

उन्होंने उत्तराखंड के माल्टा की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखंड के माल्टा को देश - विदेश तक पहुंचाने के लिए कोर कसर नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि खराब पौधों के कारण किसानों की मेहनत बेकार न हो, इसके लिए केंद्र सरकार ने मुक्तेश्वर में 100 करोड़ की लागत से 'क्लीन प्लांट सेंटर' स्थापित करेगी। इस सेंटर से किसानों को कीवी, सेब, माल्टा सहित नींबू प्रजाति फलों की अच्छी पौध मिलेगी।



### किसानों के उत्थान को धामी सरकार प्रतिबद्ध : जोशी

उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि कृषकों के आर्थिक उत्थान एवं कल्याण के लिए संचालित योजनाओं को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों की समस्याओं के निराकरण, उन्हें जागरूक करने तथा कृषि से संबंधित विषयों पर त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को किसान दिवस मनाया जाएगा।

### कृषि क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन : सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि किसान स्वाभिमान और परिश्रम के प्रतीक हैं, जिनकी समृद्धि से ही देश की समृद्धि संभव है। राज्य के लगभग 9 लाख किसान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में पॉलीहाउस निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि गेहूं पर 20 रुपये प्रति क्विंटल बोनस और गन्ने पर 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। इसके अतिरिक्त, एक हजार करोड़ रुपये की उत्तराखंड क्लाइमेट रिस्पॉन्सिव रेन-फेड फार्मिंग परियोजना को स्वीकृति दी गई है। राज्य सरकार ने मंडुवा, कीवी और ड्रैगन फ्रूट जैसे फसलों के प्रोत्साहन के लिए नई नीतियां लागू की हैं, जिन पर 1200 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बाग. वानी और औद्यानिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जापान सहायतित 526 करोड़ रुपये की उत्तराखंड एकीकृत औद्यानिक विकास परियोजना संचालित है।

जंगली जानवरों से खेती को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए केंद्र सरकार इस वित्तीय वर्ष में घेरबाड़ योजना में 90 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराएगी। केंद्र सरकार उत्तराखंड में न्यूजीलैंड के साथ मिलकर, कीवी पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनाएगी।


कार्यक्रम में विधायक अनिल नौटियाल,

भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, गजपाल बर्तवाल, संदीप नेगी, बलवीर घुनियाल, रमेश गड़िया, रामचन्द्र गौड़, हरक सिंह नेगी, राजेंद्र भंडारी, गणेश शाह,डीएम गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत पंवार, सचिव कृषि डॉ. एस.एन.पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने एंजेल चकमा के पिता से की फोन पर वार्ता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा के पिता तरुण प्रसाद चकमा से फोन पर बात कर, एंजेल की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि, इस मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जबकि एक अन्य आरोपी के नेपाल भागने की आशंका है, इनाम घोषित करते हुए उसे भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तरुण चकमा से कहा कि इस घटना पर वो व्यक्तिगत तौर पर दुखी हैं। इस स्थिति में परिवार के दुख को समझ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार दोषियों को कड़ी सजा दिलाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कभी भी इस तरह का माहौल नहीं रहा है, यहां देश- विदेश के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। इसलिए यह घटना हम सबके लिए भी कष्टपूर्ण है। सरकार ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई करेगी। उन्होने कहा कि घटना के बाद त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी उनकी बात हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

## जन जन सरकार कार्यक्रम से बौखलाई कांग्रेस: सुरेश जोशी



■ विकास से ध्यान भटकाने को कांग्रेस कर रही दिवंगत बेटी और देवभूमि को अपमानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस पर जन-जन की सरकार कार्यक्रम की सफलता से, बौखलाहट में आने का आरोप लगाया है। मुख्य प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कांग्रेस को निशाने पर हुए कहा, दिवंगत बेटी को लेकर चल रहे सोशल मीडिया घटनाक्रम पर झूठ एवं भ्रम की राजनीति की जा रही है। ऐसा करके, जनता का ध्यान विकास से भटकाने के लिए कांग्रेस, मृत आत्मा और देवभूमि को भी अपमा. नित कर रही है।

विभिन्न माध्यमों के जरिए मीडिया से हुई बातचीत का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास के नए-नए आयाम छू रहा है। आधारभूत ढांचे से लेकर जनकल्याण के तमाम सूचकांकों और सभी सार्वजनिक व्यवस्थाओं में उत्तराखंड अब देश के अग्रणी राज्य में शुमार हो गया है। 50-50 वर्षों से लंबित जमरानी बंद जैसी परियोजनाएं भी साकार रूप ले रही है, बद्री केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब से लेकर आदि कैलाश और मानस मंदिरखण्ड मंदिर, पुनर्निमाण एवं सौंदर्यीकरण से नई पहचान ले रहे हैं, दिल्ली से देहरादून एलिवेटेड सड़क हो या ऋषिकेश करणप्रयाग रेल परियोजना या फिर हवाई कैक्टिविटी या राज्य के विभिन्न स्थानों को जोड़ना आदि योजनाओं से प्रदेश जुड़ भी रहा है और आगे बढ़ भी रहा है।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इस अभियान से जनता को मिलने वाले लाभ और सरकार के प्रति बढ़ती संतुष्टि ही कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा है। वह पूरी तरह से बौखलाई हुई है और लगातार अनैतिक राजनैति करने का पाप कर रही है। जिसके क्रम में वह लगातार सोशल मीडिया पर जारी अपुष्ट, अमर्यादित और व्यवहारिक चर्चा को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाए हुए हैं।

दुखद अंकित हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने कभी भी एक भी सबूत या ठोस जानकारी पुलिस या न्यायालय को नहीं दी, सिवाय राजनीतिक लाभ उठाने के। पूर्व में भी इस घटना को लेकर फैलाए झूठ एवं प्रपंच से उन्होंने देवभूमि की छवि को दागधार करने का प्रयास किया था। एक बार पुन: कांग्रेस अपने इस प्रयास को दोहरा रही है, लेकिन देवभूमि की महान जनता उनकी इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देगी।

## हरिद्वार रिश्वत कांड: आरोपी खंड शिक्षा अधिकारी निलम्बित

■ 20 हजार की रिश्वत लेते विजिलेंस टीम ने किया था गिरफ्तार, विभागीय मंत्री डा. रावत की चेतावनी, अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं



शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता एवं अनियमित. ताओं के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है। ऐसे कृत्यों में लिप्त किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। हरिद्वार रिश्वत प्रकरण में आरोपी खण्ड शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई की जायेगी...

**डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हरिद्वार के बहादराबाद ब्लॉक में विजीलेंस टीम द्वारा रिश्वत प्रकरण में रंगेहाथों गिरफ्तार किये गये खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजपाल सिंह राठौड़ पर शासन ने कड़ा एक्शन लिया है। आरोपी शिक्षा अधिकारी के खिलाफ उत्तराखण्ड सरकारी सेवक (अनुशासन अपील नियमावली) 2003 तहत विभागीय कार्यवाही करते हुये उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। जिसकी संस्तुति विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा दी गई। शासन ने खण्ड शिक्षा अधिकारी का प्रभार राजकीय इंटर कॉलेज गैंडीखाता के प्रधानाचार्य को हस्तांतरित कर दिया है, ताकि शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों।

विद्यालयी शिक्षा विभाग में कतिपय कर्मचारी अनुशासन को ताक पर रखकर विभाग की छवि धूमिल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में अब सरकार आरोपी अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शने के मूड़ में नहीं है। इसी कड़ी में हरिद्वार के बहादराबाद में विजीलेंस टीम द्वारा 20 हजार के रिश्वत मामले में गिरफ्तार खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजपाल सिंह राठौड को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। शासन द्वारा प्रस्तुत राठौड के निलम्बन प्रस्ताव को विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने मंजूर कर दिया है।

रिश्वत प्रकरण में विजीलेंस टीम द्वारा आरोपी खण्ड शिक्षा अधिकारी को गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। विभागीय स्तर पर की गई जांच के आधार पर शासन स्तर से आरोपी खण्ड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ उत्तराखण्ड सरकारी सेवक 2003 के तहत निलम्बन की कार्यवाही की गई है। जबकि खण्ड शिक्षा अधिकारी बहादराबाद का प्रभार राजकीय इंटर कॉलेज गैंडीखाता के प्रधानाचार्य को हस्तांतरित किया गया है, ताकि विकासखण्ड में विभागीय कार्य प्रभावित न हो।

## राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने किया सुंदरकांड का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के द्वारा अक्षरा स्कूल बनियावाला, प्रेमनगर देहरादून संगठन की प्रदेश महासचिव रजनी गुसाई की अध्यक्षता में सुंदरकांड का पाठ एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता शर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति विजया पुरोहित, के द्वारा प्रदान किए गए जिसमें प्रदेश महासचिव रजनी गुसाई, प्रदेश सचिव अनिता तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती मधुबाला सेमवाल , कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हंसा धामी, जिला संगठन मंत्री ज्योति अग्रवाल आदि को नियुक्ति पत्र दिए गए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा रहे सरिता शर्मा जी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी एवं कर्त्तव्य का पूर्ण निष्ठा से पालन करने के लिए प्रेरित किया। दीपक पुरोहित जी ने हिंदुओं की रक्षा के लिए राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया इस अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन परिवार में रेनू कंवर , सविता, सीमा, सोनिया, कुशला कंडियाल, उर्मिला बिष्ट, श्रीमती नेहा वर्मा, मनीषा चौधरी, अनिता रौतेला, संगीता नौटियाल, लीला बिष्ट, कुसुम नेगी , रेखा रावत, विनीता एवं राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन परिवार के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने जाना भाजपा कार्यकर्ता संगीता असवाल का हाल

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को देहरादून स्थित निजी अस्पताल पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता संगीता असवाल का कुशलक्षेम जाना।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उनके शीघ्र स्वस्थ लाभ की कामना की। इस दौरान बीजेपी नेता अनुज कौशल भी उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस ने स्पीकर का आवास घेरा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी के नाम का खुलासा होने पर सोमवार को महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी के यमुना कॉलोनी स्थित आवास का घेराव कर सडक पर सांकेतिक विधानसभा लगाकर उनसे इस जघन्य हत्याकांड में कई ज्वलंत सवाल पूछे।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी के प्रतीक के रूप में प्रदेश महिला उपाध्यक्ष आशा मनोरमा शर्मा को पदासीन करते हुए प्रश्न पूछा कि भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी व भाजपा के बडबोले महिला प्रवक्ता इस मामले में क्यों चुप्पी साधे हुए हैं?

हत्याकांड के सबूत मिटाने वाली विधायक रेणु बिष्ट की सदस्यता क्यों बर्खास्त नहीं की गई? क्या उन्हें प्रदेश की महिलाओं की अस्मिता एवं उनके दु:ख दर्द से कोई लेना देना नहीं है? यदि भाजपा की नेत्रियां महिलाओं के प्रति जरा सी भी संवेदनशील हैं और उन्हें अंकिता भंडारी जघन्य हत्याकांड पर जरा सी भी शर्म है तो उन्हें स्वयं से दुष्यन्त गौतम के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग करनी चाहिए।



ज्योति रौतेला ने कहा कि विगत तीन वर्ष में प्रदेश में जितने भी महिला अपराध की घटनाएं घटित हुई। महिलाओं के साथ अत्याचार और बलात्कार की घटनायें घटित हुई हैं उनमें से अधिकतर मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता पाई गई जिसके चलते इन मामलों मे कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई जो उत्तराखंड राज्य की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटनाएं हैं और इन सभी घटनाओं में भाजपा नेत्रियों ने अपने मुंह बंद रखे हैं। इससे स्पष्ट है कि भाजपा नेत्रियों को न तो राज्य की बेटियों की अस्मिता से कोई लेना देना है और न ही अपनी पार्टी मे बैठे कुकर्मी नेताओं की कारगुजारियों से। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी से यह भी कहा कि उन्हें एक महिला होने के नाते इस दर्द को समझना चाहिए।

घेराव में चन्द्रकला नेगी, पार्षद कोमल बोरा, संगीता गुप्ता, अनुराधा तिवाडी, महासचिव निधि नेगी, पुष्पा पंवार, सुशीला शर्मा, अंशुल त्यागी, शिवानी मिश्रा, अमृता कौशल, नीरू सिंह, दीपा चौहान, देवेन्द्र कौर, आयुष गुप्ता, गौरव रावत, रितेश क्षेत्री, अभिषेक डोबरियाल आदि शामिल थे।

## राज्यपाल ने 42 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से नवाजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को दून विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न संकायों के 42 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया, जिसमें से 34 पदक प्राप्त कर छात्राएँ अव्वल रहीं, जिस पर उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत केवल उपाधि प्राप्ति का क्षण नहीं, बल्कि छात्र से जिम्मेदार नागरिक बनने की यात्रा का आरम्भ है। उन्होंने इसे अमृत पीढ़ी के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का उत्सव बताया। राज्यपाल ने उपाधि तथा पदक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए इसे विद्यार्थियों की व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ उनके माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और दून विश्वविद्यालय की सकारात्मक शैक्षणिक संस्कृति का परिणाम बताया। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष दीक्षांत समारोह की विषयवस्तु को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित किया गया, जिस पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने तकनीक और विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संदर्भ में कहा कि वर्तमान समय का यह एक सशक्त माध्यम है, जो शिक्षा, अनुसंधान और कार्यशैली को नई दिशा दे रहा है।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह के मुख्य वक्ता एवं आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर गणेश रामकृष्णन द्वारा 'ठींतंजळमद' जैसी स्वदेशी एआई पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं और संस्कृति के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करने से तकनीक वास्तव में जन-जन तक पहुँचती है। राज्यपाल ने दून विश्वविद्यालय सहित देश की अमृत पीढ़ी के युवाओं से आह्वान किया कि वे एआई का नैतिक, मानवीय और समाजोपयोगी उपयोग करते हुए उत्तराखण्ड की भौगोलिक चुनौतियों और स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार-आधारित कार्य करें।

## प्रशासन ने 48 परिवारों को बांटे 17 लाख के चेक

**देहरादून।** रायपुर ब्लॉक में बीते सितंबर माह में आई भीषण आपदा और बादल फटने की घटना से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जिला प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं आगे आई हैं। सोमवार को डीएम सविन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सहयोग से 48 चिन्हित परिवारों को कुल 17 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। संस्था द्वारा प्रत्येक प्रभावित परिवार को 15-15 हजार रुपये की सहायता दी गई है। सहायता राशि पाने वालों में रायपुर ब्लॉक की कार्लीगढ़, धनौला, फूलेत, सरखेत और छमरौली ग्राम पंचायतों के आपदा पीड़ित शामिल हैं। वेस्ट वॉरियर्स संस्था के नवीन कुमार सडाना ने बताया कि दानदाताओं के सहयोग से यह राशि जुटाई गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, ओएनजीसी के जीएम नीरज शर्मा, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाईं, वेस्ट वॉरियर्स से मयंक शर्मा, असलम खान आदि मौजूद रहे।

## एंजेल की मौत प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था का जीवंत उदाहरण: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने देहरादून में एंजेल चकमा और उसके भाई माइकल के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस घटना को प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था का जीवंत उदाहरण बताया।

गोदियाल ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राजधानी देहरादून में ही आम नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तो पूरे प्रदेश की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अत्यंत चिंताजनक तथ्य यह है कि घटना के तीन दिन बाद पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज की गई, जो प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस प्रकार की देरी न्याय प्रक्रिया को कमजोर करती है और पीड़ितों के साथ अन्याय है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड का चरित्र कभी ऐसा नहीं रहा है। "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना को उत्तराखंड ने सदैव आत्मसात किया है। राज्य में इस तरह की घटनाएं न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक एकता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती हैं। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है कि यह घटना नस्लीय भेदभाव का परिणाम है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना की रिपोर्ट तीन दिन बाद दर्ज होना बेहद गंभीर विषय है, जिसके लिए सरकार और पुलिस प्रशासन जिम्मेदार हैं। ऐसी घटनाओं को रो. कना सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तरखंड के लोग विशाल हृदय के हैं और किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है।

गोदियाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर रही है और अपराधों पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।

## सखी कैब से बुजुर्ग महिला को भिजवाया घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री की जननीतियों से प्रेरित होकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित 'जनता दर्शन' में आम जनता की समस्याओं का समाधान किया। शिविर में कुल 172 मामले आए, जिनमें से अधिकांश का डीएम ने मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

अपनों की प्रताड़ना से बुजुर्गों को मिली मुक्ति जनता मिलन में ऋषिकेश की 75 वर्षीय विधवा चम्पा गिरी ने अपनी बेटी और पौत्र द्वारा मारपीट की व्यथा सुनाई। भावुक डीएम ने तत्काल पुलिस को जांच के आदेश दिए और चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग महिला को श्सखी कैबश से सुरक्षित उनके घर भिजवाया। इसी तरह ईसी रोड की शकुंतला देवी की शिकायत पर उनके बेटे-बहू के खिलाफ भरण-पोषण का वाद तत्काल दायर कराया गया।

रेलवे रोड के 11 वर्षीय कैंसर पीड़ित बच्चे और संजय विहार की मनीषा के लिए एम्स ऋषिकेश व दून अस्पताल में नि:शुल्क इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनीषा के लिए मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से मदद का प्रस्ताव भी तैयार कराया गया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे शमशाद को राइफल क्लब से आर्थिक सहायता दिलाने और 70 वर्षीय सुरेश त्यागी की रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन को तत्काल बहाल करने के आदेश समाज कल्याण अधिकारी को दिए गए। विधवा रंजना देवी के बच्चों की पढ़ाई और पति की बीमा राशि दिलाने के लिए एसडीएम को प्राथमिकता पर कार्य करने को कहा गया।

### अपराधियों से मित्रा निभाई जा रही

### एसआईटी के सदस्य के दर्ज कराए मुकदमे में राजपुर पुलिस का अजब कारनामा

# कुख्यात भू-माफिया संजय घई के खिलाफ दर्ज मुकदमे में लगाई एफआर

■ मात्र पांच माह में विववेचना पूरी कर एफआर को आनन-फानन में भेजा न्यायालय

■ संजय घई के कुछ गुर्गे मुकदमों की विवेचना कर रहे दरोगाओं के है संपर्क में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर जमीनों की धोखाधड़ी करने वालों के लिए बनाई गई एसआईटी में नियुक्त अधिकारियों की और से अपनी जांच पूरी कर लिखवाए जा रहे मुकदमों में पुलिस भी बड़ा खेल खेल रही है।

देहरादून के भू-माफिया संजय घई और अन्यों के खिलाफ राजपुर थाने पर सुसंगत धाराओं में दर्ज करवाए गए एक मुकदमे में विवेचनाधिकारी ने विवेचना पूरी करने में इतनी उतावली दिखाई की पांच माह के अंदर ही विवेचना पूरी कर उसमे फाईनल रिपोर्ट लगाकर उसे आनन-फानन में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय की कोर्ट में पेश भी कर दिया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के दरबार में जब जमीनों की धोखाधड़ल किए जाने और गोल्डन फोरेस्ट की जमीनों को भू-माफियाओं द्वारा खुर्दबुर्द कर दिए जाने की शिकायते पहुंची थी तो उन्होंने एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया था और एसआईटी को निर्देश दिए थे कि वह सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों, गोल्डन फोरेस्ट की जमीनों को खुर्दबुर्द करने वालों और आम आदमी की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्रीया करने की शिकायते प्राप्त हो जाने के बाद सुबूत के साथ जांच पूरी कर आरोपियां के खिलाफ संबंधित कोतवालियों और थाने पर अभियोग पंजीकृत करवाए।

एसआईटी टीम में शामिल सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प अरूण कुमार श्रीवास्तव को जब इस बात की लिखित में शिकायत प्राप्त हुई थी कि राजपुर थाना क्षेत्र के आईटी पार्क से कुछ ही दूरी पर स्थित खुरावा की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्रीया कर दी गई तो उन्होंने पूरे मामले की गहनता से जांच कर सुबूत एकत्र कर दून के कुख्यात भू-माफिया संजय घई ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई लोगों को उक्त करोड़ों रुपये की जमीन की धोखाधड़ी कर जमीनों की रजिस्ट्रीया कर दी गई।

एसआईटी में तैनात नामित अधिकारी अरूण कुमार श्रीवास्तव ने सभी दस्तावेजों को एकत्र कर उसे मुकदमे के लिए एसएसपी को पत्र लिखकर भेज दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के आदेश पर 25 फरवरी 2025 को संजय घई पुत्र देवकीनन्दन घई निवासी इन्द्रनगर बसंत विहार और अनूपमा पत्नी चन्द्रप्रकाश निवासी टाईप चतुर्थ हाथीबड़कला के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 29/2025 धारा 420 का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना राजपुर थाने पर तैनात उपनिरीक्षक अरूण कोटियाल के सुपूर्द कर दी गई। सूत्र बताते है कि इस दौरान संजय घई के गुर्गे सर्किय हो गए और उन्होंने राजपुर थाने के चक्कर लगाने प्रारंभ कर दिए ताकि वह उक्त मुकदमे में फाईनल रिपोर्ट लगवा दे। सूत्र बताते है कि विवेचक ने संजय घई को बयान अंकित करवाने के लिए राजपुर थाने बुलवाया और उसके साथ उसका गुर्गा जो हमेशा साय की तरह उसके साथ रहता है भी साथ था।

बस यही से खेल शुरू हुआ। संजय घई और उसके गुर्गा ने विवेचक को उक्त मुकदमे से संबंधित गलत दस्तावजों को सौंपा और अपनी मिठी-चुपड़ी बातों में लेकर मात्र पांच माह में भी मुकदमे में 11 जुलाई 2025 को फाईनल रिपोर्ट लगवाने में कामयाबी हासिल कर ली।

सवाल यह खड़ा होता है कि क्या संजय घई के साथ साए की तरह रहने वाले उसके गुर्गा और नामजद आरोपी संजय घई द्वारा विवेचक को सौंपे गए जमीन से संबंधित दस्तावेज सही थे, क्या विवेचक ने एसआईटी द्वारा विवेचना के लिए सौंपे गए दस्तावेज गलत थे या फिर एसआईटी की टीम में शामिल सहायक उपनिबंधक अरूण कुमार गलत थे और उन्होंने खुरावा की जमीन से संबंधित जांच सही ढंग से नहीं की।

संजय घई और उसके साथियों पर देहरादून के रायपुर और सेलाकुई थाने पर भी जमीनों की फर्जी रस्ट्रिया करने से संबंधित संगीन धाराओ में नामजद अभियोग पंजीकृत है और संजय घई के गुर्गे मुकदमों की विवेचना कर रहे विवेचकों के संपर्क में रहकर उनमे भी फाईनल रिपोर्ट लगवाने की जुगत में है। जल्द ही शाह टाइम्स के पाठकों के सामने खुरावा की जमीन के असली दस्तावेजों के साथ खबर को प्रकाशित किया जाएगा।

# 120 शिकायतों में से 47 का मौके पर निस्तारण

## जन जन की सरकार जन जन के द्वार: प्रतापपुर में बहुउद्देशीय शिविर व कृषक गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सरकार द्वारा संचालित जन जन की सरकार, जन जन के द्वार गोष्ठी कार्यक्रम के तहत न्यायपंचायत खड़कपुर देवीपुरा के धनौरी प्रतापपुर इंटर कॉलेज में वृहद बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायपंचायत क्षेत्र के लगभग 8 ग्राम पंचायतों के साथ ही अन्य आम जनता ने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया।

शिविर का मुख्य अतिथि शुभारंभ सांसद अजय भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, मेयर दीपक बाली व मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी द्वारा किया गया व जनसमस्याएं सुनी तथा उनका समाधान किया। शिविर में 25 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सांसद भट्ट ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जो जनकल्याणकारी योजनायें संचालित है उन योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से सीधे आम नागरिकों तक पहुचे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली व ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान के अंतर्गत गावों मे बहुद्देशीय शिवरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जनता को उनके गांवों में ही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके व उनकी समस्याओं का समाधान हो सके इसके लिए जनता को अधिकारियों के कार्यालयों में ना जाना पड़े। शिविर/किसान गोष्ठी में किसान बंधुओ को केवीके डॉ. शिव कुमार शर्मा, डॉ. सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ना, मक्का अन्य फसलों की बुआई, रोग निवारण, उन्नत बीज एवं उन्नत कृषि उपकरणों, मृदा परीक्षण के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में कृषि, विद्युत, सिंचाई, पूर्ति, गन्ना, श्रम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, उद्योग, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी, कौशल विकास, ग्राम्य विकास, राजस्व आदि विभागों की समस्यायें आई जिनका मौके पर समाधान किया गया। शिविर में बाल विकास द्वारा 18 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई व 08 महालक्ष्मी किट वितरित किए गए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी ने पशुपालन विभाग की विस्तृत जानकारियां दी गई। 25 सरकारी विभागों द्वारा अपना स्टाल लगाया गया। शिविर में कुल 1422 लोगो ने प्रतिभाग किया। जिसमे 1241 लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 251 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 120 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 47 का निस्तारण मौके पर ही करते हुए शेष 73 शिकायतो को विभागों को निस्तारण हेतु भेजा गया। शिविर में दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, महामंत्री सुशील शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, खण्ड विकास अधिकार आतिया परवीन, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, पीडबलूडी विवेक सक्सेना, भूमि संरक्षण अधिकारी कल्याण सिंह, ईडीएम जादवेद पांडे सहित अन्य विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामवासी एवं बडी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।



# ठंड में विशेष सावधानी की ज़रूरत: डा. जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जैसे-जैसे तापमान में गिरावट आ रही है, वैसे-वैसे सर्दी से जुड़ी विभिन्न बीमारियों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी के जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा आमजन से ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। जनरल मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक एवं चिकित्साधीक्षक डा. अरुण जोशी ने बताया कि सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इसके साथ ही अस्थमा, उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग से पीड़ित मरीजों की तकलीफें भी इस मौसम में बढ़ सकती हैं। डा. जोशी ने कहा कि ठंड के मौसम में हृदयाघात (कार्डियक अटैक) के मामलों में वृद्धि देखी जाती है। तापमान गिरने के कारण रक्त नलिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है और हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यही कारण है कि सर्दियों में हृदय संबंधी जोखिम अधिक हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त इस मौसम में शारीरिक गतिविधियों में कमी, तैलीय व अधिक कैलोरी वाले भोजन का सेवन तथा सुबह के समय अचानक ठंड के संपर्क में आना भी कार्डियक अटैक के खतरे को बढ़ा देता है। उन्होंने बताया कि कार्डियक अटैक के सामान्य लक्षणों में सीने में दबाव या दर्द, सांस लेने में कठिनाई, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना, घबराहट, तथा दर्द का बाएं हाथ, गर्दन या जबड़े तक फैलना शामिल हो सकता है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेना अत्यंत आवश्यक है। ठंड से बचाव के लिए डा. जोशी ने सलाह दी कि पूरे शरीर को ढकने वाले गर्म कपड़े पहनें। विशेष रूप से सिर, कान, गला और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें। गर्म एवं पौष्टिक आहार लें, जैसे गर्म भोजन, सूप, दूध, हल्दी वाला दूध तथा मौसमी फल-सब्जियों का सेवन करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। अत्यधिक ठंड के समय, विशेषकर सुबह तड़के और देर रात बाहर निकलने से बचें। संक्रमण से बचाव के लिए हाथों की नियमित सफाई करें तथा खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकें। हल्का-फुल्का व्यायाम करें और प्रतिदिन कुछ समय धूप में अवश्य बैठें, जिससे शरीर को गर्माहट के साथ-साथ विटामिन-डी भी प्राप्त हो सके। डा. अरुण जोशी ने यह भी कहा कि यदि लंबे समय तक बुखार बना रहे, सांस लेने में परेशानी हो, सीने में दर्द हो या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें तथा स्वयं दवा लेने से बचें। उन्होंने बताया कि थोड़ी-सी जागरूकता, संतुलित दिनचर्या और समय पर उपचार से सर्दियों में होने वाली बीमारियों एवं कार्डियक अटैक के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



## पिता की हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने फैक्ट्री मालिक और उसके सहकर्मियों पर अपने पिता की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिंकू कुमार, उत्तर प्रदेश के ग्राम सैदपुरा, बुलंदशहर का निवासी, ने बताया कि उसके पिता कर्मवीर सिंह कुछ दिन पहले गांव के योगेन्द्र सिंह के साथ तोशा इंटरनेशनल प्रा. लि. फैक्ट्री में काम करने गए थे। 28 दिसंबर 2025 को धर्मेन्द्र नामक व्यक्ति ने रिंकू को सूचना दी कि उसका पिता मृत अवस्था में फैक्ट्री के गेट पर पड़ा हुआ है। रिंकू ने आरोप लगाया कि उसे संदेह है कि उसके पिता की हत्या फैक्ट्री मालिक, उसके सहकर्मियों और उनके साथ आए अपरान्त द्वारा की गई है। रिंकू के अनुसार, फैक्ट्री के अंदर साफ-सफाई थी, जिससे लगता है कि वह सुचारू रूप से चल रही थी, जबकि मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी फैक्ट्री मालिक व अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## व्यक्ति लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** मानसिक रूप से कमजोर एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। मौ. अल्लीखां निवासी शमा परवीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति 37 वर्षीय मौ. शाहिद पुत्र मौ. यामीन बीती 12 दिसंबर की सुबह करीब 10.15 से लापता है। बताया कि उसकी मानसिक हालत सही नहीं है और अभी तक घर वापस नहीं आया है। पुलिस ने तहरीर के आधर मौ. शाहिद की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# भाजपाइयों ने दुष्यंत गौतम को दी जन्मदिन की बधाई

## गुस्साए कांग्रेसियों ने भाजपाइयों का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े वायरल वीडियो का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है। वायरल वीडियो में जिस व्यक्ति का नाम सामने आया है गट्टू उर्फ दुष्यंत गौतम को जिले के भाजपा जनप्रतिनिधियों द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं देने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसबीआई तिराहे पर कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और उसके जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में आज तक न्याय नहीं मिल पाया है और भाजपा सरकार लगातार मामले को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। मामले में जिस व्यक्ति का नाम पूरे राज्य में घूम रहा है, उसी व्यक्ति को जन्म दिवस पर ढेरों बधाई प्रेषित की जा रही है। जो साफ दर्शाता है कि भाजपा दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के बजाय उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बेटियों के सम्मान और न्याय से जुड़े मामलों में भाजपा नेताओं की जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने कहा कि भाजपा के विधायक और स्थानीय नेता पूरी तरह से नैतिकता खो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें जनता, बेटियों और समाज की संवेदनाओं से कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें केवल अपने आकाओं की जी-हजूरी करनी आती है। वहीं पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा का हर दिन कोई न कोई नेता महिलाओं और बेटियों से जुड़े मामलों में विवादों में घिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत घटनाएं नहीं, बल्कि भाजपा की सोच और चरित्र को दर्शाता है। इनकी सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, और सत्ता में बैठे लोग संवेदनहीन होकर ऐसे कृत्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसे प्रदेश व देश की जनता माफ नहीं करेगी। इस मौके पर बालकृष्ण, महेश पंत, गौरव पाठक, गौरव परिहार, सुरेश खेतवाल, भुवन भैसोड़ा, कुंदन गोस्वामी, बहादुर बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## किसान दिवस पर कृषकों की समस्याओं का समाधान

**अल्मोड़ा।** जनपद के हवालबाग ब्लॉक में किसान दिवस का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने किया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं का समाधान करने और खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिए कई स्टॉल लगाए गए। किसानों ने जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा और सिंचाई सुविधाओं में सुधार की मांग की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि वास्तविक समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस मौके पर सीडीओ रामजी शरण शर्मा, वीपीकेएएस संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू और मुख्य कृषि अधिकारी आनंद गोस्वामी मौजूद रहे।

# अनियमितताओं का जिला अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ज़िलाधिकारी अंशुल सिंह ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, औषधि वितरण कक्ष, जन औषधि केंद्र के स्टॉक रजिस्टर तथा दवाओं की उपलब्धता की जांच की। निरीक्षण में 12 बजे तक 550 से अधिक ओपीडी पंजीकरण दर्ज पाए गए, जिससे अस्पताल में रोगियों की काफी भीड़ रही। ज़िलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे, एवं पैथोलॉजी लैब की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, शौचालय व्यवस्था एवं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को शौचालयों की साफ सफाई सुनिश्चित करने और परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर कड़ा जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। जन औषधि केंद्र के लाइसेंस की अवधि समाप्त होने की स्थिति को देखते हुए अग्रिम आदेशों तक केंद्र का संचालन सीएमएस की निगरानी में किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि दवाओं की उपलब्धता की अद्यतन सूची तत्काल उन्हें उपलब्ध कराई जाए। साथ ही स्टॉक रजिस्टर का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान ज़िलाधिकारी ने अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेने आए रोगियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। इस अवसर पर पीएमएस एचसी गड़कोटी को निर्देशित किया गया कि अस्पताल की सभी सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप, सुचारु एवं पारदर्शी रूप से संचालित हों, ताकि आमजन को समयबद्ध एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।



# विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** सोमवार से विधानसभा स्तरीय विधायक चैंपियनशिप ट्राफी का आगाज़ हो गया। कालाढूंगी स्टेडियम में आयोजित इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न न्याय पंचायतों से चयनित खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर विधायक बंशीधर भगत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा आगे बढ़ सकते हैं और अपना भविष्य संवार सकते हैं। विधायक भगत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और गांव-गांव तक खेल सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कोटाबाग विकासखंड की युवा कल्याण अधिकारी बीना जोशी एवं विकासखंड अधिकारी डा. श्वेता की देखरेख में संपन्न हो रही प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा और ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना, अनुशासन और मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी, खो-खो और वालीबॉल सहित विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, दीवान सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह देऊपा, मोहन सिंह खोलिया, कमलेश पांडे, गोपाल बुधलाकोटी, श्याम दत्त खोलिया, विनोद बुढलाकोटी, भगवान कुमटिया, सुच्चा सिंह, महेंद्र दिगारी, कमल बोहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, युवा कल्याण के कार्मिक आदि उपस्थित रहे।



विधायक भगत ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

## एक नजर...

### वार्षिक खेलकूद के पुरस्कार वितरण

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति डा. चौहान ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय की अध्यापिकाओं के योगदान की सराहना की और शिक्षकों को छात्रों के व्यवहारिक कौशल सुधारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देने में सहयोग करने का अनुरोध भी किया। इस अवसर पर प्रबंधक डा. श्रीराम, डा. मोहन सिंह, अधिष्ठाती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, प्रधानाध्यापिका डा. मंजु जोशी, सभी अध्यापिकाएं, कर्मचारी, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विजया शुक्ला और राजरानी ने किया। इसके अतिरिक्त निधि मिश्रा, कविता सती और आशा जोशी द्वारा तैयार कराए गए नृत्यों की कुलपति द्वारा विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में कुलपति द्वारा 66 विद्यार्थियों को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

### मानवाधिकार आयोग के सदस्य बने डा. पांडेय

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत सरकार ने बागेश्वर के निवासी डा. जगदीश पांडेय को उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एक जनवरी से प्रभावी होगी और यह 31 दिसंबर 2028 तक तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगी। डा. पांडेय को मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक कल्याण कार्यों और लोकसेवा में उनके निरंतर योगदान के कारण यह नियुक्ति दी गई है। आयोग के चेयरमैन वी. रामासुब्रमण्यम ने नियुक्ति पत्र जारी किया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों, बैठकों, जागरूकता अभियानों और सेमिनारों में आयोग का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्रदान किया गया है। इसके अलावा, डा. पांडेय को आधिकारिक पहचान पत्र, नियुक्ति प्रमाणपत्र, यात्रा और आवास सुविधाओं सहित कई अधिकार सौंपे गए हैं। आयोग ने उन्हें आगामी 26 जनवरी 2026 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सम्मानित करने के लिए नामांकित किया है।

### मनरेगा से गांधी का नाम हटाने पर धरना प्रदर्शन

**काशीपुर।** मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने और रोजगार से खिलवाड़ करने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विशाल धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। विधानसभा क्षेत्र की ग्रामसभा गुलड़िया में महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में आहूत विशाल धरना प्रदर्शन में एआईसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने भाजपा सरकार पर मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने को एक साजिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्ट में संशोधन करके भाजपा रोजगार गारंटी का अस्तित्व खत्म करना चाहती है। वहीं, महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने ग्रामीण रोजगार की मांग आधारित प्रकृति को कमजोर कर काम की गारंटी को घटा दिया है, जिसका नुकसान ग्रामीण मजदूरों की जीविका पर पड़ेगा, कांग्रेस इसको सहन नहीं करेगी। संचालन पूर्व प्रधान रियासत अली ने किया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करें किसान

**बागेश्वर।** सोमवार को जनपद में किसान दिवस के अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बागेश्वर, कपकोट और गरुड़ विकासखंडों में आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी स्थलों पर गौचर से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का किसानों को संबोधित करते हुए सीधा प्रसारण दिखाया गया। कपकोट में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने की, जिन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विभागीय योजनाओं को आजीविका से जोड़ने पर जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र, काफलीगैर के वैज्ञानिकों ने रबी फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को उन्नत बीज, कृषि यंत्र और सरकारी अनुदानों की जानकारी दी गई।

### बहुउद्देशीय शिविर में समस्याओं का समाधान

**बागेश्वर।** प्रदेश सरकार के जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को न्याय पंचायत भराड़ी, कपकोट में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 45 का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि बाकी को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। 640 लाभार्थियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शिविर में स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा से संबंधित सभी एस्टीमेट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने को कहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई, और स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताते हुए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, उप जिलाधिकारी कपकोट अनिल चन्याल, ब्लॉक प्रमुख भावना शाही, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सूखी ठंड का असर सेहत पर, दिनचर्या बदलें

**बागेश्वर।** जिले में सूखी ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। पिछले दो माह से बारिश नहीं होने के कारण मौसम खुश्क हो चुका है। रात में पाला पड़ने लगा है, जबकि घाटियों में धूप आधे दिन के बाद निकल रही है। जिले में समय से बारिश और बर्फबारी न होने के कारण सूखी सर्दी का कहर जारी है। ऐसे में छोटे छोटे बच्चों को खांसी, जुखाम, शरीर में दर्द जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो रहे है। अधिकतर बच्चे स्कूलों से इस बीमारी की चपेट में आ रहे है। वही दूसरी ओर सुबह-शाम गिरता पारा और दोपहर तक लगे रहे कोहरे से घाटी वाले क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है। जिला अस्पताल में आए दिन 50-55 लोग खांसी, जुकाम और शारीरिक दर्द की परेशानी लेकर पहुंच रह हैं। जिला अस्पताल में तैनात फिजिशियन डा. सीएमएस भैसोड़ा ने बताया कि सूखी ठंड से बचने के लिए लोगों को दिनचर्या में बदलाव करने पड़ेंगे। उन्होंने मरीजों को सुबह-शाम की ठंड से बचने, गुनगुने पानी का सेवन करने, जोड़ों के दर्द से बचने के लिए शरीर को गर्म कपड़ों से ढंककर रखने और संतुलित भोजन करने की सलाह दी है।

# अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच हो

## किसान महासभा और भाकपा माले का बागजाला में संयुक्त प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग को लेकर बागजाला जशबुथान चौराहे पर किसान महासभा और भाकपा माले के संयुक्त तत्वाधान में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के सीबीआई जांच करने तथा वीआईपी की पहचान कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर अपनी पार्टी की छवि बचाने के लिए दोषियों का संरक्षण करने से जनता में आक्रोश है। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा की अध्यक्ष डा. उर्मिला रैसवाल ने कहा कि जघन्य अंकिता भंडारी हत्याकांड में हमेशा से यह चर्चा रही कि अंकिता भंडारी पर किसी वीआईपी को स्पेशल सर्विस देने के लिए दबाव डाला जा रहा था और ऐसा करने से इनकार करने पर अंकिता की हत्या कर दी गयी। भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि अंकिता मामले में सामने आए दावे बेहद गंभीर और क्षोभनीय हैं, जिनकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। मीना भट्ट ने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए जाने जरूरी हैं। इस दौरान भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, किसान महासभा बागजाला अध्यक्ष डा. उर्मिला रैसवाल, मीना भट्ट, प्रेम सिंह नयाल, हेमा देवी, दीवान सिंह बर्गली, चंदन सिंह मटियाली, हीरा देवी, दुर्गा देवी, तुलसी देवी, हेमा आर्या, हेमा देवी, नीलम आर्या, पुष्पा देवी, सुनीता रावत, कुमकुम, मुन्नी देवी, दीपा देवी, पार्वती, दुर्गा देवी, हेमंती देवी, सुनीता देवी, हेमा, लीला देवी, पुष्पा देवी, मुन्नी देवी, भगवती, अनीता देवी, मालती देवी, हीरा देवी, सरोज देवी, चंपा देवी, सरला सिंह, देवकी देवी, बसंती देवी, सोनिया देवी, पुष्पा देवी, सुनीता, अनीता, शोभा, मिथिलेश रहे।



## सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। हवालबाग के रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सभागार में हुई इस बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार शिकायतों की स्थिति पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता और संवेदनशीलता से किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन नागरिकों की समस्याओं के समाधान का अहम माध्यम है, इसलिए इसमें कोई लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं सेफीडबैक लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे पूरी तरह संतुष्ट हों।

# एबीवीपी ने फूंका विवि का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर की तमाम समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को नाराज कार्यकर्ताओं ने विवि कुलसचिव का घेराव कर पुतला फूंका और जमकर प्रदर्शन किया। जल्द समस्याओं का निदान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सिमकनी मैदान का निर्माण कार्य होना था, लेकिन अब तक कार्य नहीं हो सका है। कई बार निर्माण कार्य के जांच की मांग की गई है। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। कहा कि विवि में सत्र भी अकादमिक कलैंडर के मुताबिक नहीं चल रहा है। अब भी सत्र दो से तीन महीने पीछे चल रहा है। जिसका नुकसान छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव का घेराव कर जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो एबीवीपी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विवि प्रशासन की होगी। पुतला फूंकने वालों में रोहित कुमल्टा, वंदना गोस्वामी, हिमांशु भट्ट, भास्कर जोशी, लकी जोशी, दिंक्षात जोशी, प्रियांशु, पारस, आशीष, पुष्कर जोशी, साहिल नेगी, करन कापड़ी, निखिल उप्रेती मौजूद रहे।



## दुकान में लगी आग

**काशीपुर।** दुकान में लगी आग को फायर यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते बुझा दिया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार सुबह फायर स्टेशन को सूचना प्राप्त हुई कि गिरीताल स्थित एक दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन काशीपुर से लीडिंग फायरमैन विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि विशाल भारद्वाज की दुकान में आग शॉर्ट सर्किट/हीटिंग उपकरण के कारण लगी थी। फायर यूनिट द्वारा आग को कुछ ही समय में पूर्ण रूप से नियंत्रित कर बुझा दिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। फायर यूनिट में फायरमैन बलवंत तुमकियाल व सनी कुमार, महिला फायरमैन शिखा मलिक, चालक संदीप शर्मा शामिल रहे।

# भू-राजस्व अभिलेखों पर पब्लिक डीलिंग

## तहसील के निरीक्षण में डीएम के सामने खुला मामला, दो लोगों को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तहसील में प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा भू-राजस्व अभिलेखों पर पब्लिक डीलिंग की शिकायत पर सोमवार को जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल ने

### अधिकारियों को पड़ी फटकार



तहसील का औचक निरीक्षण किया तो उन्होंने दो प्राइवेट व्यक्तियों को पकड़ा, जो न्यायालयीन फाइलों पर आम नागरिकों से पब्लिक डीलिंग कर रहे थे। यह दोनों प्राइवेट व्यक्ति संबंधित कक्ष पर कब्जा किए हुए थे, और इस समय वहां कोई अधिकृत सरकारी कर्मचारी भी मौजूद नहीं था। जिसपर डीएम ने अधिकारियों की जमकर फटकार लगाते हुए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नैनीताल को आदेश दिए हैं कि वह इस घटना की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करें। जांच प्रतिवेदन तीन सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सोमवार को तहसील हल्द्वानी का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक निरीक्षण के दौरान तहसील में हड़कंप मच गया। डीएम श्री रयाल ने निरीक्षण के दौरान तहसीलदार/नायब तहस. ीलदार न्यायालय से संबंधित भू-राजस्व अभिलेखों के कक्ष में दो प्राइवेट व्यक्ति पाए गए, जो न्यायालयीन फाइलों पर आम नागरिकों से पब्लिक डीलिंग कर रहे थे। यह दोनों प्राइवेट व्यक्ति संबंधित कक्ष पर कब्जा किए हुए थे, और उस समय वहां कोई अधिकृत सरकारी कर्मचारी भी मौजूद नहीं था। उक्त कक्ष में न्यायालयीन अभिलेख अनधिकृत व्यक्तियों की पहुंच में पाए गए, जो सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा में गंभीर चूक और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अनियमितता का संकेत देते हैं। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी व्यक्त की और इसे न्यायालयीन प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप का स्पष्ट उदाहरण बताया। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नैनीताल को आदेश दिए हैं कि वह इस घटना की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करें। जांच में निम्नलिखित बिंदुओं पर गौर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि यदि जांच के दौरान किसी आपराधिक कृत्य के संकेत मिलते हैं, तो उसका उल्लेख जांच प्रतिवे. दन में किया जाए। जांच की प्रक्रिया में संबंधित अभिलेखों को सुरक्षित रखने और अधिकारियों/कर्मचारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच प्रतिवेदन तीन सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा।

### इन 7 बिन्दुओं पर दिए जांच के आदेश

- उक्त प्राइवेट व्यक्तियों की पहचान और उनकी पृष्ठभूमि।
- न्यायालय कक्ष में उनकी उपस्थिति का आधार और किस अधिकार या अनुमति के तहत वहां थे।
- भू-राजस्व से संबंधित किन-किन फाइलों/प्रकरणों पर उन्होंने पब्लिक डीलिंग की।
- कक्ष और अभिलेखों तक उनकी पहुंच कैसे सुनिश्चित हुई। किसी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी की अनुपस्थिति और उत्तरदायित्व।
- क्या किसी अधिकारी/कर्मचारी ने उन्हें कार्य करने की अनुमति दी।
- क्या इस अनधिकृत डीलिंग से किसी पक्ष को अनुचित लाभ या किसी अन्य को हानि हुई।
- सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा, गोपनीयता और न्यायालयीन मर्यादा के उल्लंघन के तथ्य।

# गुम 206 मोबाइल बरामद

## एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने मालिकों को लौटाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** नए साल से दो दिन पूर्व नैनीताल पुलिस ने लोगों के खोए हुए मोबाइलों की रिकवरी कर उन्हें वापस लौटाए है। खोए मोबाइल पाकर लोगों के चहरे में एक फिर खुशी लौट आई है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में नैनीताल पुलिस की मोबाइल एप सेल ने 206 गुम हुए मोबाइल फोनों को कई राज्यों से बरामद कर मोबा. इल स्वामी को लौटाए। बरामद किए गए इन मोबाइल फोनों की कीमत करीब 33 लाख 46 हजार 200 रुपये बताई जा रही है। सोमवार को बहुदेशशीय भवन में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि नवंबर और दिसंबर में दर्ज शिकायतों के आधार पर मोबाइल ऐप सेल ने आईएमईआई नंबर और सीईआईआर पोर्टल की सहायता से मोबाइल फोनों को ट्रैक किया। इस अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से मोबाइल बरामद किए गए। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने लोगों को जागरूक कर कहा कि मोबाइल बहुत अच्छी और उपयोगी चीज है, लेकिन हमेशा इसका सदुपयोग करें। गलत गति. विधियों से दूर रहें। अपने बच्चों के फोन को भी चेक करें कि कहीं वह मोबाइल में कुछ गलत तो सर्च नहीं कर रहे हैं। एसएसपी ने कहा कि अगर किसी का फोन गुम या चोरी हो जाता है तो वह पुलिस थाने पर शिकायत जरूर करें। उन्होंने कहा आम जनता की सहायता के मद्देनजर नैनीताल पुलिस की ओर से मोबाइल रिकवरी सेल का गठन किया, और पुलिस आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अमित कुमार, मोबाइल एप प्रभारी निरीक्षक गणेश सिंह मनोला, हेड कांस्टेबल बलवंत सिंह, कांस्टेबल रामचंद्र प्रजापति मौजूद रहे।

# गौला नदी के श्रमिकों के कल्याणार्थ कंबल वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौला नदी में खनन कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए जिलाधिकारी और जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के अध्यक्ष ललित मोहन रयाल द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन निधि से धनरा. शि स्वीकृत की गई है। यह धनराशि उत्तराखंड वन विकास निगम को श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रदान की गई है। स्वीकृत धनराशि के तहत सोमवार को बेरीपड़ाव गेट में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट मौजूद रहे। इस मौके पर गौला नदी के श्रमिकों को कंबल वितरित किए गए ताकि ठंड से राहत मिल सके। इस मौके पर उपजिलाधिकारी लालकुंआ रेखा कोहली, जिला खान अधिक. ारी हल्द्वानी, प्रभागीय लौगिंग प्रबंधक, खनन गौला हल्द्वानी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दस दिन बाद भी ज्वैलर्स चोरी मामला अनसुलझा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में स्थित राधिका ज्वैलर्स में सवा करोड़ रुपये की चोरी की घटना को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस का दावा है कि एसओजी सहित कई टीमों को चोरों की तलाश में लगाया गया है और एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी भी गठित की है। बावजूद इसके, अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जिससे चोरों तक पहुंचा जा सके। बता दें कि बीती 19 दिसंबर की रात कुसुमखेड़ा स्थित राधिका ज्वैलर्स में हुई इस चोरी में चोरों ने ज्वैलरी शॉप की दीवार को काटकर करीब सवा करोड़ रुपये की सोने और चांदी की जेवरात चोरी कर ली। इसके अलावा चोर 25 हजार रुपये की नकदी भी ले गए। पुलिस और स्थानीय लोगों को इस वारदात का पता 21 दिसंबर को चला, तब तक चोर नैनीताल जिले की सीमा पार कर चुके थे। सूत्रों के मुताबिक चोरी की योजना पूर्वनियोजित थी। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के लिए ज्वैलर्स के बगल की दुकान किराए पर ली और वहां देर रात तक फर्नीचर का काम करने का बहाना कर तैयारियां कीं। पीड़ित कारोबारी नवनीत शर्मा ने इस दुकान और वहां काम कर रहे लोगों पर शक जताया है। वहीं सूत्रों के मुताबिक चोरी की गैंग के तीन से चार सदस्य पुलिस की पकड़ में आ चुके हैं, जो चोरी की गैंग के सदस्य हैं। इधर एसपी सिटी मनोज कत्याल के मुताबिक चोरी की वारदात को लेकर पुलिस टीमें कई राज्यों में दबिश दे रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस लीड नहीं मिली है। वैसे उन्होंने दावा किया है कि जल्द ही चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया जायेगा।




# नया साल: जिले में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

## 31 और 1 जनवरी तक रहेगी नो-इंट्री: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नए साल के जश्न को लेकर नैनीताल और जिले के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पुलिस ने इस दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। खासकर यातायात को लेकर एक बड़ा बदलाव किया गया है। पहले भारी वाहनों को हल्द्वानी शहर की सीमाओं पर रोका जा रहा था, लेकिन अब भारी वाहन जिले में दाखिल ही नहीं होने दिए जाएंगे। शहर में वाहनों के पार्क होने जाम की स्थिति बन रही थी। सोमवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसंबर और 1 जनवरी को हजारों पर्यटकों के नैनीताल पहुं. चने की संभावना है। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कल यानि आज मंगलवार 30 दिसंबर की रात से ही यह योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत 31 दिसंबर और 1 जनवरी को भारी वाहन जिले में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। अल्मोड़ा और ऊधमसिंह नगर की सीमाओं पर इन वाहनों को रोक दिया जाएगा। हालांकि, दूध, राशन और आपातकालीन वाहनों को रात 11 बजे बाद पहाड़ की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।



### जगह होने पर ही मिलेगा दोपहिया वाहनों को प्रवेश

नए साल के दौरान नैनीताल में वाहनों का दबाव बढ़ने के मद्देनजर, जहां एक ओर भारी वाहनों पर प्रति. बंध लगाया जाएगा, वहीं दोपहिया वाहनों के लिए भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। काठगोदाम और कालाढूंगी बाईपास से आगे इन वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने कहा कि नैनीताल से अलर्ट मिलने के बाद दोपहिया वाहनों पर भी रोक लगा दी जाएगी, हालांकि स्थानीय लोगों को जाने की अनुमति दी जाएगी। पुलिस ने इसके लिए पहले ही डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है।

# शाहजहांपुर से लापता महिला चोरगलिया से बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चोरगलिया पुलिस ने शाहजहांपुर से गुमशुदा एक मान. सिक रूप से अस्वस्थ महिला को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। महिला के परिजनों का कहना है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है, हालांकि महिला ने खुद को पहचानते हुए अपने पति का नाम और मोबाइल नंबर भी बताया।

जानकारी देते हुए चोरगलिया थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को एक महिला के घूमने की सूचना रविवार को मिली थी। पुलिस टीम मौके पर भेजी गई और महिला को थाने लाया गया। पूछताछ के बाद महिला ने अपना नाम मुन्नी देवी निवासी शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश बताया। पति का नाम बताने के साथ ही मोबाइल नंबर की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने पूरे घटनाक्रम को लेकर परिवार के लोगों से पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जिसकी गुमशुदगी बीते शनिवार को शाहजहांपुर थाने में लिखी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

# मंडी परिषद को व्यापारियों की चेतावनी

## कार्यालय में दिया धरना, कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडी परिषद हल्द्वानी में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए आलू-फल एसोसिएशन एवं गल्ला मर्चेंट एसोसिएशन के संयुक्त नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अपना समर्थन दिया है। व्यापारियों ने मंडी परिषद कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण ने कहा कि मंडी परिषद में इस समय भ्रष्टाचार चरम पर है। लीज नवीनीकरण के नाम पर व्यापारियों पर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है और मंडी परिसर में अनावश्यक निर्माण कार्य कर मंडी के मूल स्वरूप के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंडी परिषद ने अपनी कार्यशैली में शीघ्र सुधार नहीं किया तो आलू-फल मंडी एवं गल्ला मर्चेंट मंडी को अनिश्चितकालीन बंद करने से व्यापारी पीछे नहीं हटेंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की होगी। प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा हम मंडी के व्यापारियों के इस आंदोलन में पूरी तरह से उनके साथ हैं। भविष्य में केवल हल्द्वानी नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य व्यापारी और काश्तकार भी इस संघर्ष में शामिल होंगे। हम प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम का अनुसरण करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों की आय और संपत्ति की जांच की मांग करेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो हम उच्च न्यायालय का भी रुख करेंगे। धरना प्रदर्शन में प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता, अंकुर मोंगा, गिरीश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष जीवन कार्की, देवानंद बुद्धू लाल, सोनू गर्ग मौजूद रहे।



# सुशीला उनियाल बने यूकेडी के केन्द्रीय महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती ने एक बार फिर से सुशीला उनियाल को केन्द्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। केन्द्रीय अध्यक्ष श्री कुकरेती ने



मनोनीत केन्द्रीय महामंत्री सुशीला उनियाल से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जिस निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ पार्टी ने दायित्व सौंपा है उसका वह निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे, और पार्टी को मजबूत बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। नवनियुक्त यूकेडी के केन्द्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि आने वाले समय में सभी साथियों को लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। प्रदेश के हर जनपद, ब्लॉक और गाँव-गाँव तक उत्तराखंड क्रांति दल के संगठन को खड़ा करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। जनसरोकारों, राज्यहित और मूल उत्तराखंड आंदोलन की भावना को जन-जन तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

# यूथ कांग्रेस का मशाल जुलूस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सोमवार देर शाम यूथ कांग्रेस नेता विशाल भोजक व हेमंत साहू के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में एकत्र हुए और वहां से एसडीएम कोर्ट तक मशाल जुलूस निकाला।

इस दौरान यूथ कांग्रेस नेता विशाल भोजक व हेमंत साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिल जाता उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने वीआईपी की गिरफ्तारी, दोषियों को कड़ी सजा, सीबीआई जांच के साथ हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में जांच की मांग की है। मशाल जुलूस में युवा नेत्री दीपा खत्री, अक्षत पाठक, सौरभ कुमार, रक्षित बिष्ट, अमन अंसारी, बिलाल अहमद, भावेश कुरिया, खगेन्द्र मेहरा, नंदनी खत्री, शाहनवाज मालिक, मयंक गोस्वामी, शानू अल्वी, आयुष नागर, मोहम्मद शारिक, शोभित कुमार, गुरमीत गौतम, साहिल राज, उमंग पाठक, दीपक बिष्ट, पवन बिष्ट, हर्ष शर्मा, सुशील राय, गौरव, राहुल, दीपू पांडे मौजूद रहे।

# दो पार्कों का सौन्दर्यीकरण शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत 17 पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की श्रृंखला में सोमवार को दो पार्कों के कार्य का शिलान्यास किया गया। इन पार्कों का अनुमानित कुल व्यय 1285 लाख रुपये है। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने वार्ड 52 रूपनगर और वार्ड 56 मधुवन विहार में सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेयर गजराज बिष्ट ने बताया कि नगर निगम की ओर से शहर के विभिन्न पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए थे, जिन पर शासन द्वारा 1285 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पहले ही छह पार्कों में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और उसी क्रम में आज रूपनगर और मधुवन विहार स्थित पार्कों के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि इन पार्कों में नगर निगम द्वारा ओपन जिम, बच्चों के खेल-कूद के उपकरण, खेल मैदान का सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। कहा कि नगर निगम केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, पार्षद रेखा बिनवाल, पार्षद भागीरथी बिष्ट वार्ड-56, शक्ति केंद्र संयोजक पूरन चंद्र जोशी, बृजमोहन कोहली, बूथ अध्यक्ष दीपक जोशी, ज्ञान सिंह नेगी, सहायक अभियंता नवल नौटियाल, विजय बड़मोला समेत स्थानीय क्षेत्रावासी मौजूद रहे।



# जीएनजी ने जीता पहला मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का पहला मैच सोमवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में एचसीसी और जीएनजी क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया।



मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डा. छवि कांडपाल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीएनजी क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 39वें ओवर में 210 रन बनाकर आल आउट हो गयी। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की की टीम कुछ खास नहीं कर सकी और पूरी टीम 27वें ओवर में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 60 रनों से मैच हार गई। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार अलराउंड प्रदर्शन के लिए लक्ष्य राय चंदानी के नाम रहा। मैच में अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और भूपेश शाही जबकि स्कोरर की भूमिका रोहित ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आंनद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बीएल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

# पिच निर्माण का भूमि पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को गौलापार स्थित मानसखंड खेल परिसर के क्रिकेट स्टेडियम में ईवीसीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। क्रिकेट पिच के निर्माण कार्य का भूमि पूजन उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल की ओर विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान क्रिकेट आयोजकों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित ईवीसीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 17 जनवरी से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के कई अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्रिकेटरों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिससे क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता का विस्तृत कार्यक्रम आयोजकों द्वारा शीघ्र ही जारी किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान अंकुश रौतेला, दिनेश रावत, क्रिकेट कोच निशांत मेहता सहित खेल विभाग के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# अंशदान वृद्धि के फैसले का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सेवानिवृत कार्मिक समन्वय समिति ने सरकार के गोल्डन कार्ड को हाइब्रिड मोड में संचालित करने और अंशदान बढ़ाने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। बद्रीपुरा स्थित संघ भवन में हुई समिति की बैठक में सभी कर्मचारियों और पेंशनर संगठनों को एकजुट करने के लिए जनजागरूकता अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया। बैठक में वक्ताओं ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयकों के भुगतान में लगातार हो रहे विलंब पर भी नाराजगी व्यक्त की। समिति के मुख्य संयोजक नवीन कांडपाल की अध्यक्षता और विजय तिवारी के संचालन में हुई बैठक में आरोप लगाया गया कि सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जनवरी 2021 से शुरू हुई गोल्डन कार्ड योजना के तहत पेंशन और वेतन से नियमित कटौती के बावजूद लाभार्थियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है। बैठक में यह तय किया गया कि कैबिनेट के निर्णय का शासनादेश आने के तुरंत बाद सभी कार्मिक और पेंशनर संगठनों की संयुक्त बैठक कर व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरकार द्वारा कटौती में वृद्धि तानाशाहीपूर्ण कदम है और पेंशनर्स के हितों पर लगातार कुठाराघात किया जा रहा है। बैठक को समिति के संरक्षक पीसी जोशी, पेंशनर्स एक्टिव टीम के मुख्य संयोजक रमेश चंद्र पांडे, जेएस कन्याल, एलएम लोहानी, एलएस गौनिया, जेसी पाठक, बीएस गैड़ा, यतीश पंत, भुवन चंद्र पांडेय, एससी पंत सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य भी संबोधित किया।



# मनरेगा का नाम बदलने पर गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील परिसर पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहस. ीलदार पूजा शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति को संबो. धित ज्ञापन भेजा, और मनरेगा का नाम यथावत बनाए रखने की मांग की। सोमवार को बिंदुखत्ता ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और तहसील परिसर पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने जाने के विरोध में केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश न केवल चिंता. जनक है, बल्कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है। मनरेगा जनसंघर्ष से निकला ऐसा कानून है, जिसने (हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो) के सिद्धांत को मजबूती दी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को काम मांगने का कानूनी अधिकार देते हुए 100 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की है। ज्ञापन देने वालों में संदीप जोशी, हरेंद्र क्वीरा, प्रमोद कलोनी, गिरधर बम, प्रदीप बथ्याल, गोविंद दानू, रमेश चंद्र, राजकुमार शर्मा, शाहिद सिद्दीकी, मोहन चंद्र कुडाई सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंकिता मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए इस प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की। कांग्रेसी भगतसिंह चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए महाराजा रणजीत सिंह पार्क पहुंची।

इस मौके पर कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने कहा कि अंकिता भंडारी पहाड़ की बेटी थी और उसे न्याय दिलाना केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा प्रश्न है। जिस प्रकार से इस मामले में प्रारंभिक स्तर पर साक्ष्य नष्ट किए गए, रिसॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया और जांच को सीमित दायरे में रखा गया, उससे सरकार की नीयत पर संदेह उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उर्मिला के सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो और बयानों ने इस मामले को और अधिक गंभीर बना दिया है। एक भाजपा के बहुत बड़े कद्दावर नेता के ऊपर बहुत ही संगीन आरोप लगाये गए है। सरकार को तुरंत इन सारे तथ्यों की सीबीआई जांच करनी चाहिए। वक्ताओं ने



कहा कि यदि सरकार व जांच एजेंसियों के पास छिपाने को कुछ नहीं है, तो सीबीआई जांच से क्यों डर रही है? एसआईटी जांच से केवल कुछ आरोपियों को सजा दिलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी आवश्यक है कि इस जघन्य अपराध के पीछे शामिल सभी प्रभावशाली लोगों की भूमिका सामने आए। इस मौके पर पवन वर्मा, दिनेश पंत, सौरभ शर्मा, सौरभ बेहड़, सुनील जडवानी, मोहन खेड़ा, मोहन कुमार, प्रांजल गाबा, आशीत बाला, विक्रमजीत सिंह, राम कृष्ण कनौजिया, विकास मल्लिक, रंजीत तिवारी, तपन विश्वास, देवानंद स्वर्णकार, रमेंन विश्वास, महबूब अंसारी, नदीम खान, इंद्रजीत सिंह, प्रशांत शाही आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# अपहरण कर लूट करने के तीन आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने कुछ दिन पहले तीन युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने के साथ ही उसे तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने और अपहरण कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।



शुभम कश्यप पुत्र दलीप राम निवासी मौहल्ला भवानीगंज, छोटी नहर के पास रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिनों समीर खान द्वारा उसको बहला फुसलाकर जबरदस्ती अपनी बुलट बाइक पर बैठाकर उसका अपहरण कर ले गया। समीर द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मारपीट, गाली गलोज व जान से मारने की धमकी देना और देशी कट्टा उसकी कनपटी पर रखकर उसकी जेब मे रखे पर्स को छीनकर ले गए। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम टीम का गठन किया गया। आरोपी समीर खान पुत्र जावेद खान निवासी बम्बाघेर, ईशान खान उर्फ पव्वा पुत्र मौ. शावेज निवासी आला हजरत मस्जिद के पास शक्तिनगर पूछड़ी रामनगर और रिहान अल्वी पुत्र मौ. हनीफ निवासी तेलीपुरा रामनगर को मुखबिर की सूचना पर निगम मे बन्द पड़ी आरा मशीन के खण्डर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि समीर के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त तमन्चा 315 बोर, बुलट बाइक, ईशान उर्फ पव्वे के पास से पीड़ित का लूटा हुआ काले रंग का पर्स जिसमे कुल 290 रुपये अन्य कागजात थे और रिहान के पास से पीड़ित का लूटा हुआ आधार कार्ड बरामद हुआ। सोमवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में एसआई सोमेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, कांस्टेबल महबूब आलम, विपिन शर्मा, जसवीर सिंह शामिल रहे।

## एक नजर

# युवा समाजसेवी योगेश लांबा ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड में मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर पहाड़ी जिलों में चटख धूप के साथ मौसम शुष्क बना हुआ है, वहीं मैदानी इलाकों में घने कोहरे और 'शीत लहर' जैसी स्थिति ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए युवा समाज सेवी योगेश लांबा, चेतन शर्मा और राजेश गुप्ता ने अपने साथियों के साथ ट्रांजिट कैंप में जरूरतमंदों को कंबल, मिठाई एवं जरूरत की चीजों का वितरण किया और सभी से आग्रह किया कि सर्दी में बेसहारा लोगों की मदद के लिए आगे आएं। उधम सिंह नगर में सुबह के समय घना कोहरा हो रहा है, वहीं राज्य के पर्वतीय इलाकों में पाला पड़ने से ठिठुरन में इजाफा हो रहा है।

# माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को होंगे तहसील दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जनपद के प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को प्रातः 10 बजे से कार्य समापन तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि 06 जनवरी 2026 प्रथम मंगलवार को तहसील रुद्रपुर में तहसील दिवस का आयोजिन किया जाएगा। इसी तरह 20 जनवरी तृतीय मंगलवार को तहसील किच्छा, 03 फरवरी प्रथम मंगलवार को सितारगंज, 17 फरवरी तृतीय मंगलवार को जसपुर, 03 मार्च प्रथम मंगलवार को काशीपुर, 17 मार्च तृतीय मंगलवार को बाजपुर, 07 अप्रैल प्रथम मंगलवार को गदरपुर, 21 अप्रैल तृतीय मंगलवार को उप तहसील नानकमत्ता व 05 मई प्रथम मंगलवार तहसील खटीमा में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस तहसील दिवस को राजकीय अवकाश घोषित होगा उसके स्थान पर दूसरे दिन कार्य दिवस को तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को परगनाधिकारी की अध्यक्षता में परगना/तहसील कार्यालय में तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा।

# लेवड़ा पुल के कट पर बड़ा हादसा टला जिओ फ्रयूल वाहन खेत में उतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को नेशनल हाईवे-74 स्थित लेवड़ा पुल के कट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में जिओ फ्यूल का वाहन सड़क से उतरकर पास के खेत में जा घुसा। गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ और सतर्कता से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि समय रहते वाहन को नियंत्रित न किया जाता और टक्कर हो जाती तो बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था। घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण एवं राहगीर बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। हालांकि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। लोगों ने चालक की समझदारी की सराहना करते हुए राहत की सांस ली कि एक बड़ा हादसा टल गया।



# खेल महाकुंभ प्रतियोगिता चकरपुर में पालिकाध्यक्ष जोशी ने की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वन चेतना खेल स्टेडियम चकरपुर में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर



पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि हम मुख्यमंत्री धामी की युवाओं के प्रति विकास की सोच को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षकों ने स्टेडियम में लाइट लगवाने एवं लोंग जम्प की पिट के निर्माण की बात पालिका अध्यक्ष जोशी के समक्ष रखी। वहीं पालिका अध्यक्ष जोशी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ब्लॉक प्रमुख रवीन्द्र राणा को निर्देशित किया और उनके द्वारा 10 सोलर लाइट एवं लोंग जम्प के पिट के निर्माण के कार्य को स्वीकृति दी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष महिला मोर्चा नीता सक्सेना, सोमनाथ मौर्य, युवा कल्याण अधिकारी दिलशाद, गोविंद खाती, राहुल सक्सेना, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा, करन यादव तथा दीपक सामंत आदि मौजूद रहे।

# पावनी अंडर-14 एवं विनीता चिलकोटी अंडर-19 का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वन चेतना खेल स्टेडियम, चकरपुर में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस खेल महाकुंभ में सरस्वती एकेडमी, बिगराबाग की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-19 वर्ग में अंशिका उपाध्याय ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक एवं 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, अंजलि भट्ट ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक, पवन रावत ने 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में रजत पदक, अंडर-14 वर्ग में अमित भट्ट ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक, मुर्गा झपट प्रतियोगिता में अजय सिंह ने रजत पदक हासिल किया।



इसके अतिरिक्त कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती एकेडमी की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं मुर्गा झपट खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पावनी (अंडर-14) एवं विनीता चिलकोटी (अंडर-19) का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, खेल शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** निकटवर्ती ग्राम महतोष के बाजार के पास रविवार की रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।



जानकारी के अनुसार ग्राम खानपुर नम्बर एक निवासी 24 वर्षीय संजय पुत्र स्व. अशोक कुमार रविवार की रात्रि ग्राम महतोष के बाजार आया हुआ था। जब वह अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएम 4701 पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था तो बाजार से कुछ ही आगे तेज गति से आते अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे संजय संजय बाईक पर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी आ पहुंचे। संजय की मौत से उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक संजय के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक संजय परिवार में दो भाईयों मंगल व विष्णु में मझंला था उसकी तीन बहनें हैं जिनमें दो का विवाह हो चुका है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को घटना की तहरीर नहीं दी गई थी।

# खेल प्रतियोगिताओं का विधायक ने किया शुभारंभ

**खेल आयोजकों द्वारा विधायक राना एवं अतिथियों का किया स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** विधानसभा स्तरीय बालक वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राना द्वारा किया गया।

सोमवार को नगर के श्री गुरुनानक अकादमी के खेल मैदान में विधानसभा स्तरीय मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी के तहत खेल महाकुंभ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित बालक वर्ग खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ विधायक गोपाल सिंह राना ने किया। न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम ,द्वितीय स्थान प्राप्त करने



वाले बालक वर्ग के अंडर- 14 में 60 मीटर, 600 मीटर दौड़, कबड्डी, खो खो, मुर्गा झपट, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, पिट्टू गेम, वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं तथा अंडर-19 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मी, 100 मी लंबी रिले दौड़, कबड्डी, खो- खो,मुर्गा झपट, पिट्टू गेम, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। कार्यक्रम का संच. ालन करते हुए शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल ने सभी व्यायाम शिक्षकों व निर्णायकों को पारदर्शिता के साथ समस्त प्रतियोगिता संपन्न करवाने हेतु दिशा निर्देश दिए। खेल के संयोजक विद्यासागर वर्मा व ब्लॉक खेल समन्वयक ललित मेहरा ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। सहायक विकास अधिकारी सितारगंज केसी बहुगुणा, मुकेश गौड़ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सितारगंज, पूर्व सीआरसी समन्वयक जसौद मेहता ने मोमेंटो व शॉल पहनाकर विधायक व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। खेल महाकुंभ में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा विभाग से डा. पूजा बुगला, डा. कविंद्र सिंह की ड्यूटी लगाई गई थी। खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए व्यायाम शिक्षक लीला रौतेला, नीलम रानी, विरेश चौहान, निर्मल सिंह, ज्योति मेहरा, अजय सिंह क्यूरा , दलजीत सिंह, दलेर सिंह, फकीर सिंह, उमेश चंद्र ओली, बीना नगदली, मो हसन, निमाई चंद्र माझी पुष्पेंद्र कटियार, पाकेश चौहान, रंजू राणा, महेश आर्या, संजय टम्टा,कुंवर सिंह राणा,पवन कुमार, मोहित कुमार, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# जीएसटी कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड राज्य कर जीएसटी मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन द्वारा अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत सोमवार को रुद्रपुर स्थित राज्य कर जोनल कार्यालय पर गेट नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के तहत मिनिस्ट्रीयल स्टाफ ने 11 बजे से 12 बजे तक कार्यालय परिसर में एकत्र होकर शासन व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ रोष जताया।



एसोसिएशन के प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद से अब तक अधिकारी संवर्ग के ढांचे में तीन बार वृद्धि कर नए पद सृजित किए जा चुके हैं, लेकिन इसके विपरीत मिनिस्ट्री यल स्टाफ का ढांचा आज भी 777 पदों पर ही स्थिर है। जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद कार्यभार में भारी बढ़ोतरी के बावजूद मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के पदों में कोई इजाफा नहीं किया गया। वर्ष 2025 में पुनः अधिकारियों के पद बढ़ाए जाने से कर्मचारियों में असंतोष और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मिनिस्ट्रीयल स्टाफ द्वारा पदों की संख्या 777 से बढ़ाकर 1164 किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन उस पर कछुआ चाल से कार्रवाई हो रही है। साथ ही शासन स्तर पर प्रस्तावित ढांचे में कटौती की चर्चाओं से कर्मचारियों में गहरा रोष है। दूसरी प्रमुख मांग राज्य कर अधिकारी पदोन्नति नियमावली में संशोधन से जुड़ी है। संगठन का कहना है कि यह प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से शासन में लंबित है और फाइल को एक सैक्शन से दूसरे सैक्शन में घुमाया जा रहा है। नियमावली में संशोधन न होने के कारण मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की पदोन्नति प्रक्रिया अत्यंत धीमी हो गई है। एक साधारण संशोधन में चार वर्ष से अधिक का समय लगने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आयुक्त राज्य कर का रवैया भी इन मांगों को लेकर स्पष्ट नहीं है और शासन स्तर पर विभाग की ओर से प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही है। गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही दोनों मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन संपूर्ण हड़ताल और अनशन जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी आयुक्त राज्य कर और उत्तराखण्ड शासन की होगी। धरना-प्रदर्शन में प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, रुद्रपुर शाखा अध्यक्ष संजय उपाध्याय, शाखा महामंत्री नितीश जोशी सहित बड़ी संख्या में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद में हुए गोलीकांड मामले में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार को प्रीत विहार में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य हुए टकराव के बाद हुई फायरिंग की घटना की रपट दर्ज करा दी गई है।

ग्राम मंजरिया कालोनी थाना बहेरिया पोस्ट ओझलिया जिला बेतिया बिहार निवासी सूरज ने बताया है कि वह वर्ष 2001 से रुद्रपुर में रहकर राज मिस्त्री का काम करता है। कार्तिक पोद्दार पुत्र मानिक पोद्दार निवासी विरंची तीन नंबर थाना मानपुर जिला पश्चिमी चंपारण बिहार दूर के रिश्ते में उसके मामा का लड़का लगता है। यह गोवा में मजदूरी करता था दो-तीन दिन पहले यह उसके पास घूमने के लिए आया था। सूरज का कहना है कि वह बगवाड़ा निवासी सिम. रनजीत सिंह को पहले से जानता है, क्योंकि उनके घर में उसने पहले मजदूरी का काम किया है। 27 दिसम्बर को सिमरनजीत ने उसे फोन करके बताया कि कल खेत में काम करने जाना है 15-20 मजदूर लेकर मेरे घर आ जाना। वह तथा कार्तिक रविवार सुबह-सुबह लेबर अड्डे पर गए तथा कुछ मजदूरों को लेकर सिमरन जीत के घर पहुंचे। वहीं चौकी प्रभारी रम्पुरा उप निरीक्षक कवीन्द्र शर्मा का कहना है कि 28 दिसम्बर को सूचना मिली शनि मंदिर के पास प्रीत विहार में जमीन को लेकर फायरिंग हो रही है।

सूचना पर तत्काल पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि शनि मंदिर से आगे ग्रेटर कैलाश गेट के पास एक मटर के खेत में सिमरदीप सिंह पुत्र स्व. सुखविंदर सिंह अपने साथियों के साथ खड़ा था और खेत में एक ट्रैक्टर मय ट्राली तथा दूसरा टैक्ट्रर मय हैरो के खड़ा था तथा पास में ही सिमरदीप सिंह के साथ आए करीब 10-12 अज्ञात लोग और 10-12 मजदूर भी थे तथा एक वाहन में पीलर रखे हुए थे। एक व्यक्ति रोड में चित्त अवस्था में घायल पड़ा था। जिसके बारे में मौके पर मौजूद लोगों में से सूरज कुमार विश्वास ने बताया कि यह मजदूर है, जिसका नाम कार्तिक पोद्दार है इसे गोली लगी है कि हम पुलिस वालों को देखकर अफरा तफरी मच गयी। सब इधर उधर भागने लगे कि सिमरदीप सिंह एवं उसके अन्य दो साथी जिनके हाथ में डंडे, रायफल व पिस्टल थी जिनसे सामने की तरफ के घर में जान से मारने की नीयत से फायर कर रहे थे तथा सामने वाले घर जिसे लोगों ने कश्मीर सिंह, जशनदीप सिंह का घर बताया से भी छत से फायर हो रहे थे कि पुलिस को देखकर दोनों पक्ष एकदम से मौके से भागने लगे। मौके पर गाड़ी संख्य पीबी 65 एपी 2216, यूके 06 एजी1299, यूके 04एएच 9500, यूके07 एफपी 0029 व यूके06 एएन2588 तथा अन्य गाड़ियां जिससे ये लोग आए थे में बैठकर तेजी से भागने लगे। घटनास्थल पर गिरे घायल कार्तिक पोद्दार को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां घायल कार्तिक की मृत्यु हो गई। सिमरदीप सिंह एवं उसके साथियों के द्वारा जानबूझकर जमीन के विवाद के चलते कश्मीर सिंह के घर की तरफ जान से मारने की नीयत से फायर किए जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुभाष जोशी बने अग्निशमन द्वितीय अधिकारी

**एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जोशी के कंधे पर दूसरा स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अग्निशमन सेवा में उत्कृष्ट कार्य, अनुकरणीय अनुशासन एवं लंबे सेवाकाल के आधार पर लीडिंग फायरमैन सुभाष चंद्र जोशी को अग्निशमन द्वितीय अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा ने सोमवार को उनके कंधे पर दूसरा स्टार लगाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सुभाष चंद्र जोशी वर्ष 1987 में फायरमैन के पद पर भर्ती हुए थे। अपनी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सेवा भावना के बल पर उन्होंने वर्ष 2009 में लीडिंग फायरमैन के पद पर पदोन्नति प्राप्त की। अब अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के रूप में उन्हें विभागीय जिम्मेदारियों के निर्वहन का अवसर प्राप्त हुआ है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुभाष चंद्र जोशी का यह पदोन्नति सफर निष्ठा, अनुशासन और मेहनत का प्रतिफल है, जो अग्निशमन विभाग के अन्य कार्मिकों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई जिम्मेदारी के साथ वे भविष्य में भी जनसुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देंगे।

# नव वर्ष पर नैनी कॉर्बेट में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में नैनी कॉर्बेट क्षेत्र में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की मंडल मंत्री स्तुति गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव वर्ष का स्वागत सामाजिक समरसता एवं महिला सहभागिता के साथ करना रहा। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन अध्यापिका रिंकी बेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की अनेक समाजसेविकाओं, चिकित्सकों, शिक्षिकाओं एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेविका आभा तिलारा, डॉक्टर पूनम पांडे, रेखा कालरा, तान्या भटनागर, सुप्रसिद्ध संगीत गायिका मृणाली जैन, डॉक्टर कल्पना, खुशी चंद्रा, प्रियंका अग्रवाल, नीतू गुप्ता, तारा शर्मा, रिया तलवार, निशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, अनामिका तलवार, सपना थिंड, पूजा गुप्ता, मोना गर्ग, शीनू, सुधा तलवार, कृष्णा राठौर, बेबी, अनिता राठी, ममता जैन, वैशाली



बोरा, सोनिया बोरा, मनजोत, आकांशा, अंजलि, यामिनी चौधरी, गीता आनंद, मनजिंदर, रूपिंदर, सुनीता सिंघल, जसप्रीत, तेजेंदर, सहज, गुरांश, रानी तेजपाल, सीमा, मो. हिनी सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक कार्यों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर विचार साझा किए। आयोजक स्तुति गुप्ता ने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलती है।

# खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में आयोजित दो दिवसीय विधानसभा स्तरीय खेल महाकुंभ के पहले दिन सोमवार को बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खेल संयोजक बालमुकुंद तिवारी, बीडीओ सीआर आर्य एवं सहसंयोजक हृदेश कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्नीस वर्ष आयु वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ में आयुष सकलानी ने स्वर्ण पदक जीतकर दोहरा खिताब अपने नाम किया। 400 मीटर दौड़ में सुखदेव प्रथम व अनीश राय द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ में इरफान अंसारी प्रथम तथा विनोद कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 5000 मीटर दौड़ में आनंद कुमार ने स्वर्ण और देव ने रजत पदक जीता। लंबी कूद में अभिषेक सागर प्रथम और नमन साहनी द्वितीय रहे। गोला फेंक में करन बहादुर व हिमांशु बिष्ट,चक्का फेंक में वरुण भट्ट व करन, भाला फेंक में ऋतिक कुमार व अभिषेक ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम स्पर्धाओं में वॉलीबॉल में स्कॉलर वैली स्कूल और खो-खो में पीएमश्री इंटर कॉलेज शक्तिफार्म ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौदह वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़ में पवन जोशी प्रथम व वंश सिकदार द्वितीय रहे। 600 मीटर दौड़ में सारांश यादव प्रथम और सागर सिंह द्वितीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद में मानव मंडल प्रथम व पवन जोशी द्वितीय रहे। गोला फेंक में शौर्य बिष्ट और अक्ष टम्टा ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में वॉलीबॉल में स्कॉलर वैली स्कूल तथा खो-खो में न्यू ज्ञानदीप स्कूल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका रेहान सिद्दीकी, ललित जोशी, बलबीर सिंह, जयंत मंडल, अनिल श्रेष्ठ, रामजन्म चौहान, महेंद्र राणा, गुरदेव राणा, दलसिंगार सिंह, मुनीश सक्सेना, सच्चिदानंद, विशाल कुमार, जोगेंद्र कुमार, सतीश राणा, बीएन पटेल व हरिशंकर याज्ञिक ने निभाई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन से खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और खेल भावना को नई ऊर्जा मिली।

# जसपुर पहुंचे सांसद भट्ट को कांग्रेसियों ने दिखाए काले झंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्रीय भ्रमण पर पहुंचे नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जसपुर के सुभाष चौक पर काले झंडे दिखाकर जमकर विरोधाभास किया। पुलिस प्रशासन सांसद की सुरक्षा में ढील नजर आने के आरोप भी लगे।

अंकित भंडारी केस को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने काफिले को रोक कर विरोध प्रकट करते हुए तेज स्वर में जमकर नारेबाजी करते हुए अंकिता भंडारी के हथियारों फांसी दो फांसी दो



महिलाओं के सम्मान में उत्तरी कांग्रेस मैदान में के नारो से सुभाष चौक गूंज उठा। कांग्रेस के तीन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने ही नैनीताल सांसद अजय भट्ट के काफिले को रोक कर किया विरोधाभास किया। बाद में जसपुर कोतवाली पुलिस ने कांग्रेसी सुखवीर सिंह भुल्लर समेत तीनों कार्यकर्ताओं को अपने हिरासत में लिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए जब पत्रकार ने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान पर हमारे सांसद अजय भट्ट से वार्ता की गई। सांसद पत्रकारों के सवाल पर आवेश में आकर पत्रकारों को ही चोर बता दिया। फिर बड़े ही सुन्दर अंदाज में अपनी कही वात को किस तरह घुमाते नजर आए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मना. ेजपाल, वरिष्ठ भाजपा नेता ललित कुमार शर्मा, खड़क सिंह चौहान, राजकुमार सिंह, विनीत चौहान, गौहर अली, डा. एमपी सिंह, शमीम दूधिया, जुल्फीकार अली समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सीएमओ ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. केके अग्रवाल ने जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई कमियां सामने आईं, जिस पर सीएमओ ने संबंधित स्टाफ को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय पीएनसी वार्ड सहित अन्य कक्षों में लगे ऑल वेदर एसी में हीटर की व्यवस्था नहीं पाई गई। इस पर सीएमओ ने ठंड के मौसम को देखते हुए शीघ्र हीटर लगाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा कई बेडों पर चादरें बिछी नहीं मिलीं। इस पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल चादरें और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए। सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने कहा कि वार्डों, गलियारों और शौचालयों की नियमित व समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

# डीएम का स्पष्ट संदेश-जनसमस्याओं में देरी नहीं, राहत तुरंत

## जनसुनवाई में डीएम का मानवीय एक्शन-वयोवृद्ध श्रमिक को श्रवण यंत्र व टूल किट के निर्देश

**श्रवण बाधित श्रमिक को राहत, कन्याधन प्रकरण का निस्तारण, जनसुनवाई में डीएम का सख्त रुख**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला मुख्यालय स्थित कलक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 50 से अधिक समस्या दर्ज हुईं, अधिकाश समस्याओं का समाधान मौके से करते हुए अन्य समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश डीएम द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में जनपद के दूरस्थ एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पूर्व में दर्ज एक प्रकरण की जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए तहसील एवं जिला पिथौरागढ़ निवासी दिनेश सिंह पुत्र स्व. पुष्कर सिंह द्वारा कन्याधन योजना की स्वीकृत धनराशि न मिलने की शिकायत पुन: प्रस्तुत की गई। इस पर सहायक श्रम आयुक्त सुनील तिवारी ने अवगत कराया कि 24 दिसंबर 2025 को संबंधित लाभार्थी के बैंक खाते में कन्याधन योजना की धनराशि सफलतापूर्वक प्रेषित कर दी गई है। जिलाधिकारी ने प्रकरण के समाधान पर संतोष व्यक्त किया। इसी क्रम में ग्राम भुरमुनी निवासी वयोवृद्ध एवं श्रवण बाधित श्रमिक पुष्कर राम पुत्र दिलीप राम द्वारा मजदूर टूल किट उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। शिकायतकर्ता की न सुन पाने की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने मानवीय संवे. दनशीलता का परिचय देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल श्रवण यंत्र (कान की मशीन) उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा सहायक श्रम आयुक्त को शासन की योजना के अंतर्गत मजदूर टूल किट शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही टूल किट उपलब्ध कराए जाने के उपरांत इसकी सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को देने के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई में पुरानी बाजार निवासी सुनीता देवी द्वारा पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता की मांग रखी गई। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सहायक श्रम आयुक्त को पात्रता परीक्षण कर यथाशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विकासखंड मूनाकोट में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों को लेकर शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शाए जाने के बावजूद वास्तविकता में कार्य अधूरा होने की बात सामने आई। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर तथ्यात्मक जांच करने तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम गोगना से आई महिलाओं द्वारा पेयजल आपूर्ति न होने की गंभीर शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल संस्थान को तत्काल दूरभाष पर संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली तथा ग्रामवासियों को तुरंत पेयजल उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देशित किया कि समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता महिलाओं को तीन दिवस के भीतर की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसुनवाई कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच है।

**एक नजर**

## दिवंगत आरक्षी खगेन्द्र राम को अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** दिवंगत आरक्षी खगेन्द्र राम, जो कि एसएसबी के केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सपड़ी (हिमाचल प्रदेश) में पदस्थ थे, का उनके पैतृक निवास स्थान पिथौरागढ़ के घाट पर अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार में त्रिभुवन प्रसाद उप कमांडेंट के नेतृत्व में 55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पिथौरागढ़ की एक टुकड़ी द्वारा परिवार को सांत्वना अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने में सहयोग दिया गया। साथ ही वाहिनी की सम्मान गार्ड द्वारा शहीद बलकर्मी को अंतिम सम्मान दिया गया।

आरक्षी खगेन्द्र राम एक कर्तव्य निष्ठ, अनुशासित और समर्पित बलकर्मी थे। अपने सेवा काल के दौरान उन्होंने निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को सदैव ऊंचा रखा। उनके असमय निधन से सशस्त्र सीमा बल को अपूरणीय क्षति पहुंची है। अंतिम यात्रा के दौरान उनके सहकर्मियों, अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके राष्ट्रप्रेम और सेवाभाव को नमन किया। राष्ट्र एवं बल उनके योगदान को सदैव कृतज्ञता के साथ स्मरण रखेगा।

## मुख्य वन संरक्षक उत्तराखंड को ज्ञापन सौंपकर की रास्ते की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** मुख्य वन संरक्षक उत्तराखंड रंजन कुमार मिश्र से अग्रवाल युवा सभा के पदाधिकारियों ने वन विभाग के विश्राम गृह में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीलीभीत रोड़ स्थित प्रस्तावित श्री श्याम मंदिर स्थल श्री खाटू श्याम खटीमा धाम के मार्ग की समस्या का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग व खाटू श्याम धाम स्थल के बीच वन विभाग की जमीन पड़ती है। अग्रवाल युवा समाज के पदाधिकारियों ने मुख्य मार्ग से प्रस्तावित खाटू श्याम धाम स्थल तक लगभग 10 मीटर वन भूमि से एक छोटे से मार्ग की स्वीकृति की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में संचिन ग्रा. वर, रचित अग्रवाल, मानस बत्रा, शुभम अग्रवाल आदि सम्मिलित थे।

## एसपी ने किया बाजपुर कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** सोमवार को बाजपुर कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण काशीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वप्न किशोर सिंह के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली में रखे असलहों का रखरखाव उत्कृष्ट श्रेणी का पाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा असलहों की हैंडलिंग भी अत्यंत बेहतरीन पाई गई। निरीक्षण में बैरक का रखरखाव भी उत्कृष्ठ स्तर का रहा।

एसपी ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं और अन्य इकाइयों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इसके साथ ही अन्य कमरों की साफ-सफाई एवं रखरखाव व्यवस्था भी संतोषजनक और बेहतर पाई गई। एसपी काशीपुर ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह की कार्यशैली को बनाए रखा जाएगा तथा इससे बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और आगामी नव वर्ष के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नव वर्ष के दौरान आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम विधि के अनुसार ही संचा. लित हों। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नव वर्ष पर आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहेगा। एसपी ने चेतावनी दी कि हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सीओ विभव सैनी, कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई जसविंदर सिंह, एसएसआई कैलाश चंद्र नगरकोठी, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स

## अटल स्मृति सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बाजपुर।** सोमवार को बाजपुर के मुंडिया कलां में स्थित सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में 'अटल स्मृति सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्रीअटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

सम्मेलन में सहसंयोजक एवं प्रमुख वक्ता भाजपा नेता गौरव शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी एक महान देशभक्त, श्रेष्ठ कवि, सम्मानित पत्रकार और कुशल प्रशासक थे, जिनके विचारों और बेहतरीन कार्यशैली से जनसंघ से लेकर आज विश्व की नंबर-1 राजनीतिक पार्टी भाजपा की मजबूत नींव रखी गई। गौरव शर्मा ने कहा कि अटल जी ने राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए सुशासन का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण कर दुनिया में अपनी सामरिक शक्ति का परिचय दिया तथा कारगिल युद्ध के दौरान उनके दृढ़ नेतृत्व ने देश को नई मजबूती प्रदान की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीपीयू के चेयरमैन (राज्य मंत्री स्तर) राम मल्होत्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके राजनीतिक संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सम्मेलन में राजेश कुमार, टिंकू यादव, गुरमुख सिंह, कन्नू जोशी, धर्मपाल जाटव, सुरेंद्र नामधारी, यशपाल राजहंस, राकेश गुप्ता, संजीव चौहान, राजेश सैनी, विनोद कुमार, स्तुति गुप्ता, संदीप कुमार, अनीता , ममता जैन, राकेश कुमार, शुभम पाण्डेय, रविकांत, विशाल चौहान, देव सिंह, मंगल सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, इरफान, गुरदीप सिंह, जॉनी, सूरज सागर, निजाम अली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सोर वैली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया वार्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सोर वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने टनकपुर (चंपावत) स्थित पवित्र शारदा नदी के संबंध में जानकारियां हासिल की। विद्यालय के विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जंगल में औषधीय एवं तैलिया सुगन्ध युक्त पौधों का भी निरीक्षण किया। कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों ने अपने भ्रमण के दौरान शारदा नदी की पवित्रता उसके गुण आदि की तमाम जानकारियां एकत्रित की। इस दौरान बच्चों ने पूर्णागिरि धाम पहुंचकर मां पूर्णागिरि के दर्शन किए और मां पूर्णागिरि का आशीर्वाद लेकर शिक्षा के साथ ही देश प्रदेश की सुख शांति अमन चैन की भी कामना की। इस मौके पर समस्त सोर वैली पब्लिक विद्यालय परिवार सम्मिलित रहा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** देवभूमि उत्तराखंड के गुरुग्राम देवनगर बॉर्डर स्थित पवन पुत्र हनुमान मंदिर प्रांगण में वार्षिक श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में हुआ। कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने सहभागिता की।

श्रद्धालु महिलाओं ने पवित्र गंगा जल से भरे कलश सिर पर धारण कर कथा मंडप में स्थापित किए और मां गंगा से परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ से आचार्य श्रीराम चंद्र महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा वह दिव्य अमृत है, जो जीवन के समस्त विकारों को दूर कर जीव को कल्याण एवं मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है। यह कथा जीवात्मा को परमात्मा से जोड़ने का सरल और श्रेष्ठ माध्यम है। इस अवसर पर रीना दास, प्रिया कीर्तुनिया, सुचित्रा शील, गीता, श्वेता विश्वास, सुशंकर, कन्हाई, विशाखा बिस्वास, रेखा, अमर, शंकर, गौरांग, ज्योति मंडल, सुष्मिता, आशा मंडल, रत्ना सरकार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्राम सभाओं में जनसंवाद का हुआ सफल आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओखलकांडा।** नैनीताल जिले के ब्लॉक ओखलकांडा की सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं प्रशिक्षण अभियान के तहत ग्राम सभाओं में जनसंवाद का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सुनिश्चित रोजगार प्रदान करना, आजीविका के अवसरों का विस्तार करना और ग्राम स्तर पर पारदर्शी एवं सहभागी विकास को बढ़ावा देना है।

विकासखंड ओखलकांडा के ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली के द्वारा ग्राम पंचायत कालाआगर क्वैराला गड़गड़ी पश्यां क्षेत्र में विकास खंड की जनयोजनाओं को लेकर क्षेत्रीय लोगों के बीच पहुंचकर जनसभा आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के युवा बुजुर्ग एवं माता बहनें उपस्थित रहे और अपार स्नेह और जन विश्वास मिला। क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद हुआ और विकासखंड की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से लोगों को बताया। इस अवसर पर जल संरक्षण, जल-संवर्धन, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, पर्यावरण संरक्षण, आजीविका संवर्धन और जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से कार्य प्रस्ताव तैयार किए गए, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी हो सके। प्रमुख रूवाली ने बताया कि यह जन अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करेगा।

## जनता दरबार में भूमि विवाद में उलझे चचेरे भाइयों में हुई सुलह

**दिव्यांगों, विधवाओं और महिलाओं की समस्याओं को मिली सर्वोच्च प्राथमिकता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी का जनता दरबार केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह टूटे हुए दिलों और बिखरे रिश्तों को जोड़ने का माध्यम भी बनता जा रहा है।

इसका ताजा उदाहरण फुलेरा गांव से सामने आया, जहां पिछले 25 वर्षों से भूमि विवाद को लेकर कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहे चचेरे भाई हरिजात फुलारा और हरिदत्त फुलारा जनता दरबार में अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे। दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुनने के बाद जिलाधिकारी ने भावुक अंदाज में कहा आधी जिंदगी तो आपने कोर्ट के चक्कर में गुजार दी, अब आगे और कितना समय लगाओगे। भाई संपत्ति नहीं, विपत्ति में काम आता है। रावण शक्ति होते हुए भी भाई के बिना हार गया, जबकि भगवान श्रीराम ने भाई लक्ष्मण के साथ विजय पाई। जिलाधिकारी के इन शब्दों का गहरा असर हुआ और दोनों पक्ष आपसी सुलह के लिए सहमत हो गए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दो दिनों के भीतर समझौता कराए जाने का निर्णय लिया गया, जिससे वर्षों से टूटे खून के रिश्तों में फिर से नई जान आने की उम्मीद जगी है। जनता दरबार में मानवीय संवेदनाओं का एक और उदाहरण तब देखने को मिला जब दोनों हाथों से दिव्यांग धवन गांव की चंद्रा देवी की पेंशन स्वीकृत की गई। साथ ही उन्हें शौचालय सुविधा देने, उनके मकान को नाले से हो रहे खतरे को देखते हुए प्रोटेक्शन वॉल निर्माण के आदेश भी दिए गए।

दूरस्थ नीड़ गांव से दूधमुंही बच्ची को गोद में लेकर पहुंची विधवा जानकी देवी को आवासीय सुविधा प्रदान की गई। जनता दरबार में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ फरियाद लेकर पहुंचीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दिव्यांगों, वृद्धों और महिलाओं की समस्याएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। नागनाथ वार्ड की एक शारीरिक रूप से कमजोर और अत्यंत गरीब महिला की पेयजल समस्या का समाधान होते ही वह भावुक हो गई और जिलाधिकारी के पैरों में गिर पड़ी। इस दृश्य ने जनता दरबार में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। जाते-जाते महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों ने जिलाधिकारी को दिल से आशीर्वाद दिया।

## एसडीएम ने 12 कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सरकार की नवीन पहल एवं कृषकों को सम्मान देने हेतु किसान दिवस का विकास खण्ड के सभागार में सोमवार को एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा की अध्यक्षता में सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया।किसान दिवस के अवसर पर 90 कास्तकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया, एवं उत्कृष्ट कृषि कार्य करने वाले 12 कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में पंतनगर से आए कृषि वैज्ञानिक विपिन ध्यानी द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का, दलहनी फसलें, मैन्था,गन्ना,एवं सब्जी उत्पादन का विकल्प दिया गया। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा द्वारा कृषकों की धान बिक्री की समस्या एवं गन्ना भुगतान संबंधी समस्या से अवगत कराया गया।वहां पर तहसीलदार प्रताप चौहान, जोरावर सिंह भुल्लर, राजेश कुमार, डीके जोशी आदि थे।

## ट्रांसपोर्टरों ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** खनन कारोबार से जुड़े सैकड़ों वाहन स्वामियों ने तराई पश्चिमी वन विभाग कार्यालय पहुंचकर कोसी नदी में खनन कार्य में 10 टायरा वाहनों की अनुमति दिए जाने का विरोध करते हुए तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य को सौंपे ज्ञापन में खनन कारोबारीयो और ग्रामीणों ने कहा कि कोसी नदी में दस टायरा वाहनों का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुमाऊं भर में कही पर दस टायरा वाहनों को अनुमति नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जुड़वा क्षेत्र में कीमती पेड़ों का कटान कर रास्ता बनाया गया है जो की पूरी तरह अवैध है। उन्होंने कहा कि इससे अवैध खनन के बाद निकलने के साथ ही राजस्व की भी चोरी की जा रही है और रास्ता जंगल के बीच होने के कारण जंगली जानवरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही किसानों की फसलों का भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि 500 रुपये प्रति वहां बिना रॉयल्टी वाले वाहनों से अवैध वसूली उच्च अधिकारियों का नाम पर किए जाने का भी आरोप लगाया है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने कार्य करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान खनन समिति के अध्यक्ष अनवर मलिक,गौतम बिष्ट, मोहम्मद अली, हाजी सालिम, कृपाल सिंह, चांद मोहम्मद, प्रवीण चौधरी,राजेश मेहरा, शेर सिंह, इमरान, आसिफ चौधरी, मुस्तकीम, सूरत डंगवाल, देवेंद्र सिंह बिष्ट, रमेश सैनी, राजेंद्र सिंह, गोविंद लाल,मुकुट प्रसाद, विनोद अधिकारी, गोविंद सिंह, हरपाल सिंह, जगदीश सिंह, मनमोहन सिंह, हैप्पी सिंह, अमरजीत सिंह, पप्पू रंधावा आदि मौजूद रहे।

## वाजपेयी का जीवन भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए आदर्श: पासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जहां पूरे देशभर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम मना रही है, तो वहीं रुद्रपुर के सिटी क्लब में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां बड़ी मात्रा में बुद्धिजीवी वर्ग व पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वन्देमातरम गीत के साथ हुई । वहीं पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के साथ जिन्होंने उस संघर्ष के कालखण्ड को बिताया ऐसे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता को शॉल ओड़ाकर यशपाल घई, कस्तूरी लाल तागरा, वेद ठुकराल, मीना शर्मा, शाहखान राजशाही, बलराज पासी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के संयोजक व विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा ने कहा असंख्य कार्यकताओं के प्रेरणा पूंज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित अटल सम्मेलन जहां हम अटल बिहारी वाजपेयी के 101 वीं जयंती के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी को अलग-अलग माध्यम से याद कर रहे। विधायक ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन आदर्श मूल्यों का एक सार्थक उदाहरण है उनकी एक एक बात वर्तमान में चरिथार्त होती नजर आती है, जहां हमको याद है दो सांसद की कमी के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था, मगर उन्होंने अपने सिद्धांतो से समझौता नहीं किया था। पूर्व सांसद बलराज पासी ने कहा भाजपा को जानना है तो अटल बिहारी वाजपेयी के संघर्ष को जानना होगा। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी वाजपेयी के 101 वीं जयंती के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन कार्यक्रम उनकी स्मृति को याद करने उनके भाजपा को अपने खून पसीना एक कर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया, अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे नेता हुआ जो सबको स्वीकारीय रहे उनके हर दल में प्रशनसक होते थे। यहां प्रदेश कार्यकारणी सदस्य खूब सिंह विकल, सुनील ठुकराल, यशपाल घई, कस्तूरी लाल तागरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, वेद ठुकराल, तरुण दत्ता, हिमांशु शुक्ला, नरेश ग्रोवर, धीरेन्द्र मिश्रा, मीना शर्मा, शालनी बोरा सुनील ठुकराल, मुकेश पाल, जगद. ीश विश्वास, राजेश बजाज, महेंद्र आर्य, मोर सिंह, राधेश शर्मा, दिवाकर पाण्डेय, उपेंद्र गुप्ता, कमल पाल, चन्द्रसेन चंदा, भीम सेन, सुषमा अग्रवाल आदि थे।

## घरों से चोरी गई लाखों रुपये की ज्वैलरी के साथ पुलिस ने दो चोर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता।** घरों से लाखों रुपये कीमत के चोरी किए गए आभूषणों के साथ पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी घर का सहयोगी बनकर वारदात को अंजाम देते थे।

सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत जनवरी 2025 में बिडौरा मझोला गांव में रहने वाली सरस्वती देवी के घर अज्ञात चोरों द्वारा ज्वेलरी व नकदी चोरी कर ली गई थी। जिस संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं विगत नवंबर में पक्की खमरिया निवासी बलदेव सिंह उर्फ बिल्लू के घर से भी चोरों द्वारा ज्वेलरी व नगदी चोरी कर ली गई थी। चोरी की दोनों घटनाओं के शीघ्र खुलासे के लिए अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरे के अवलोकन एवं सर्विलेंस के आधार पर दोनों चोरी की घटनाओं में चोरी हुए ज्वेलरी व नगदी के साथ दो लोगों को टीम ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रणजीत सिंह उर्फ काके पुत्र स्व: गुरबाज सिंह निवासी ग्राम सुंदरपुर नानकमत्ता व गुरमीत सिंह उर्फ मित पुत्र करनैल सिंह निवासी निकट गुरुद्वारा ग्राम बंद. रला थाना असंध जिला करनाल हरियाणा बताया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आभूषणों में एक चैन, अंगूठी, कान के टॉप्स,मंगलसूत्र व 6600 नगदी बरामद की है। आरोपी गुरमीत सिंह ने पूछताछ बताया कि वह हरियाणा से पहले बलदेव सिंह निवासी पक्की खमरिया के घर पर काम करने के बहाने आया था वह लगभग 6 माह काम करने के बाद जब उसे घर की पूरी जानकारी हो गई, तब उसने घटना को अंजाम दिया। इस घटना में रणजीत सिंह ने उसका सहयोग किया। वहीं आरोपी रणजीत सिंह ने पूछताछ पर बताया कि वह ड्राइवर का काम करता है। बिडौरा मझोला निवासी सरस्वती देवी के पति जब बीमार थे तब वह उनको सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाता था तब उसे उनके घर की पूरी जानकारी हो गई थी। इस तरह दोनों घर के सहयोगी बनकर चोरियों की घटना को अंजाम दिया । पुलिस ने दोनों चोरियों की घटनाओं में दर्ज मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए दोनों आरोपियों को चलन न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही गिरीश चंद्र,नीरज नेगी, एसओजी सिपाही भूपेंद्र आर्य, वीरेंद्र सिंह शामिल हैं।

## वाजपेयी को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के कन्या इंटर कॉलेज में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें अटल बिहारी वाजपेई के काव्यात्मक व्यक्तित्व और उनके विचारों को याद करते हुए वक्ताओं ने उनकी प्रसिद्ध कविताओं का सस्वर पाठ और व्याख्या की।

कवि सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई को केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और राष्ट्र के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में याद किया। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति, मानवीय संवेदना, लोकतंत्र और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी की रचनाएं आज भी युवाओं को प्रेरणा देती हैं और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश देती हैं। यहां भूपेंद्र खाती, घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, पूरन नैनवाल, मनमोहन बिष्ट, भावना भट्ट, धनेश्वरी घिल्डियाल आदि थे।

# पुलिस के मुखिया के बयान से हाईकोर्ट असंतुष्ट

## 14 अगस्त को नैनीताल जिला पंचायत चुनाव प्रकरण पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2025 को नैनीताल जिला



पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल व 5 जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण व चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में रि पोलिंग तथा निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान पूर्व के आदेश पर सोमवार को प्रदेश के पुलिस मुखिया कोर्ट में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि इस क्राइम की जांच कर रहे अधिकारी अरुण मोहन जोशी को किन्ही कारणों से हटाकर जांच किसी अन्य अधिकारी को सौंपी जा रही है, इसलिए उन्हें समय दिया जाए जिस पर कोर्ट सन्तुष्ट नहीं हुई। मामले के अनुस्सर 14 अगस्त 2025 को कोर्ट ने नैनीताल के जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान उनके सदस्यो का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था।

जिसमें कई जीते हुए सदस्यो ने न्यायालय की शरण भी ली थी। बीडीसी सदस्य पूनम बिष्ट ने उच्च न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर कर कहा है कि नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनांव में एक मतपत्र में ओवर राइटिंग कर क्रमांक 1 को 2 कर अमान्य घोषित कर दिया गया। याचिका में कोर्ट से जिलाध्यक्ष पद के लिए पुन: मतदान कराए जाने की प्रार्थना की है।

### नवनिर्वाचित प्रधान के निर्वाचन को चुनौती

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण तहसील के बुंगीधार गांव के नवनिर्वाचित प्रधान के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए आगामी सोमवार यानी 5 जनवरी 2026 को राज्य निर्वाचन आयोग से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा है। बुंगीधार की मोहिनी देवी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि कुछ महीने पूर्व हुए ग्राम प्रधान चुनाव में उसके प्रतिद्वंद्वी रमेश चंद्र लखचौरा निर्वाचित हुआ है। याचिका में कहा गया कि कई मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदाता सूची में दर्ज हैं। वर्ष 2019 में हुए ग्राम प्रधान चुनाव में बुंगीधार की मतदाता सूची में कुल 183 मतदाताओं के नाम शामिल थे लेकिन वर्ष 2025 में यह संख्या 365 हो गयी। यही नहीं इनमें से 62 मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदाता सूची में शामिल हैं। यह भी कहा गया कि प्रतिवादी ग्राम प्रधान का वास्तविक नाम रमेश चंद्र लखचौरा के बजाय रमेश चंद्र है और परिवार रजिस्टर और लखनऊ की गोमतीनगर मतदाता सूची से यह साफ जाहिर हो रहा है। इसके बावजूद निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि उसने इस मामले में कई जगह शिकायत की लेकिन सोमवार तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। याचिकाकर्ता ने अदालत से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# अतिक्रमण मामले पर सुनवाई अब 6 जनवरी को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के बाजारों तथा गलियों व फुटपाथों में अवैध रूप संचालित फड़ तथा ठेलों को हटाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई 6 जनवरी 2026 मंगलवार की तिथि नियत की है। बता दें कि पूर्व के आदेश पर सोमवार को नगर निगम, एसएसपी तथा सिंचाई विभाग ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जिसपर कोर्ट ने उसपर सुनवाई हेतु 6 जनवरी 2026 की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी समाजिक कार्यकर्ता हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी शहर के बाजारों तथा फुटपाथों समेत सार्वजनिक स्थानों व गलियों में बिना रजिस्ट्रेशन के फड़ ठेले लगाये जा रहे हैं जिसकी वजह से आम जनता के लिए चलने की जगह तक नहीं रह गयी है, यही नहीं बाजारों में ई–रिक्शा व टेमपो भी घुस जा रहे हैं जिनकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो रही है। कहा है कि जिस दुकान के सामने थोड़ी जगह भी बची है तो उसने बिना लाइसेंस प्राप्त ठेलो से सौ तथा पचास रुपए रोजना किराए पर उस जगह को किराए पर दे रखा है। जिसका रिकार्ड नगर निगम के पास भी नहीं है। जिसकी वजह से शहर में अपराध भी बढ़ रहे हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि अवैध रूप से संचा. लित फड़ ठेलों को हटाया जाए। रजिस्टर्ड फड़ व्यवसाइयों के लिए भूमि का चयन किया जाय साथ ही टेंपो व ई रिकशा का लिए भी पार्किंग की व्यवस्था कराई जाय। सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए।

## एक नजर

### ठंड से बचाव के लिए प्रशासन अलर्ट

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के नैनीताल जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के सभी उप जिला. धिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही रैनबसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने तथा जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को कंबल वितरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर से किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर निगरानी रखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### विधायक कैड़ा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**भीमताल।** विधायक राम सिंह कैड़ा ने धारी ब्लॉक के पहाड़पानी में जन–जन की सरकार, जनता के द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी समस्याएं साझा कीं। विधायक कैड़ा ने अधिकारियों को इन मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए और कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम छोर तक पहुंचे। मौके पर कुछ समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री शांति महरा, सीडीओ गोस्वामी, तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### ग्राम सभा ज्योलीकोट की पहली खुली बैठक

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड की ग्राम सभा ज्योलीकोट की पहली खुली बैठक सोमवार को शहीद हीरा बल्लभ भट्ट राजकीय इंटर कालेज में ग्राम प्रधान नवल कुमार आर्या की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता जोशी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बीना बेनवाल, ग्राम विकास अधिकारी उमेश पलडिया, पूर्ति निरीक्षक रवि डालाकोटी, स्वास्थ्य विभाग के डा. हेमंत मर्तोलिया और चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कनेक्शन, जल टंकी की जर्जर स्थिति, विद्युत लाइनों की खराबी, कूड़ा निस्तारण, योजनाओं में लाभार्थियों का चयन और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जैसे मुद्दे उठाए गए। ग्राम सभा ने अधिका. रियों की उदासीनता पर आक्रोश जताया और समग्र विकास के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए। तय किया गया कि शिष्ट मंडल इस मुद्दे को जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल के समक्ष उठाएगा।

### स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रहे सात दिनी एनएसएस शिविर के तहत सोमवार को शिविरार्थियों ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इससे पूर्व शिविर की शुरुआत वंदना से हुई। उसके बाद स्वयंसेवियों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उसके बाद बौदिक सत्र में स्वयंसेवियों को अतिथियों की ओर से अनुशासन, सहयोग व सामाजिक दायित्व के महत्व को बताया गया। दोपहर के बाद विभिन्न सामूहिक गतिविधयों में स्वयंसेवी छात्राओं ने प्राथमिकता से भागादारी निभायी जबकि सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवियों ने गीत व नृत्य के रंगारंग कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट ने स्वयंसेवियों को कई जरुरी टिप्स दिए।

### कार की चपेट में आने से बालक चोटिल

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटक की कार की चपेट में आने से पर्यटकों का चार वर्षीय बच्चा चोटिल हो गया। बच्चे को उपचार के बाद छुट्टी मिल गई है लेकिन राहगीरों ने कार चालक को पीट दिया। जानकारी के अनुसार अलीगढ़ से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक सोमवार की सुबह तल्लीताल में टहल रहे थे। इस दौरान उनके हाथ से बच्चे का हाथ छूटा तो वह सड़क की ओर दौड़ गया और एक कार से जा टकराया। कार की टक्कर से बच्चा जमीन में गिरकर चोटिल हो गया। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई और राहगीरों ने कार चालक पर्यटक को पीट दिया। आनन फानन पर्ययक बच्चे को राजरीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया अलीगढ़ निवासी चार वर्षीय शिवांश के पैर में चोट है। एक्सरे में कोई फ्रैक्चर नहीं आया है।

### पीएमएस के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के भवाली में बन रहे सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीएमएस के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।सरकार की ओर से कहा गया कि नैनीताल के जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट विधिवत् रूप से काम करने लगा है। पीएमएस की ओर से राज्य सरकार को पत्राचार की गलत जानकारी दी गयी है। राज्य सरकार की ओर से पीएमएस के खिलाफ सो काज नोटिस जारी किया गया है। अदालत ने यह कहते हुए पीएमएस के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी कि राज्य सरकार को कार्रवाई से पहले अदालत को सूचित करना चाहिए था। इस मामले में अदालत 7 जनवरी 2026 बुधवार को अगली सुनवाई करेगी।

# होटलों में लाइव म्यूज़िक, बॉलीवुड नाइट से जमेगा नववर्ष का रंग


## नैनीताल की मालरोड को सजाया गया दुल्हन की तरह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वर्ष 2025 की विदाई व नववर्ष 2026 के स्वागत को सरोवर नगरी नैनीताल तैयार है। नगर के उच्च स्तरीय होटलों में लाइव म्यूजिक व बॉलीवुड नाइट की थीम पर नववर्ष का रंग जमेगा। इधर होटल एसोसिएशन ने नगर की मालरोड को विद्युत लड़ियों से दुल्हन की तरह सजा दिया है। नववर्ष सेलिब्रेशन को मंगलवार (आज) से सैलानियों का उमड़ना शुरू हो जाएगा। नववर्ष मनाने को लेकर नैनीताल आकर्षण का केंद्र रहा है।

करीब दो दशकों से यह प्रचलन चला आ रहा है। इस आयोजन में होटल कारोबारियों की बड़ी भूमिका रहती है जो इस बार भी बरकरार है। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने नगर की शान समझी जाने वाली मालरोड को रंग बिरंगी विद्युत मालाओं से सजा दिया है और मंगलवार आज से संगीत की धुनों के साथ नगर संगीतमय नजर आएगा। सैलानियों को आकर्षित करने की मुहिम में नगर के उच्च स्तरीय होटल भी पीछे नहीं हैं जिनमें रेडिसन ग्रुप का नम: नैनीताल समेत शेरवानी हिलटॉप, नैनी रिट्रीट व शिवराज होटल समूह के नाम प्रमुखता से शामिल हैं। इनके अलावा भी कई अन्य होटलों में साल की विदाई के साथ नववर्ष की धूम रहेगी।

इन होटलों ने दो रात्रि विशेष पैकेज तैयार किए हैं। जिनमें अधिकांश एडवांस में बुक हो चुके हैं। पैकेज में लाइव म्यूजिक तथा डीजे और बॉलीवुड नाइट थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जबकि बच्चों से लेकर वृद्धों तक मनोरंजन कार्यक्रम पैकेज में शामिल किए गए हैं। कुछ होटलों में कुमाऊंनी लोक गीत व संगीत की धूम रहने वाली है। गाला डिनर में दर्जनों प्रकार व्यंजन परोसे जाएंगे।



### सेलिब्रेशन के लिए होटल एसोसिएशन ने कसी कमर



नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर नववर्ष सेलिब्रेशन जैसे आयोजन महत्वपूर्ण होते हैं जिसे लेकर होटल एसोसिएशन इस वर्ष भी बखूबी अपना दायित्व निभाने जा रहा है।

### थर्टी फर्स्ट व नववर्ष को लेकर दमकल विभाग ने होटलों में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में थर्टीफर्स्ट व नववर्ष 2026 पर पर्यटकों की भीड़ व अग्निसुरक्षा के मध्यनजर दमकल विभाग ने सोमवार को होटलों रेस्टोरेंट में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संचालकों को अग्निसुरक्षा व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बतादें कि बीते दिनों नैनीताल में तीन बड़े अग्निकांड हुए हैं जिसमें करोड़ों का नुकसान हुआ है। इधर थर्टीफस्ट व नववर्ष पर पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए दमकल विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग की ओर से सोमवार को नगर के होटलों रेस्टोरेंट में निरीक्षण कर अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को अग्निसुरक्षा यंत्र रखने के साथ अन्य सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# अस्थाई पार्किंग में पर्यटकों के वाहन रोकने पर विवाद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के नैनीताल–हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्यटकों के वाहनों को रोकने पर पर्यटकों में आपस में विवाद हो गया। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बता दें कि इन दिनों नैनीताल में वाहनों का दबाव बढ़ने पर यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस की ओर से अस्थाई पार्किंग स्थलों पर बिना होटल बुकिंग वाले वाहनों को रोका जा रहा है, जहां से पर्यटकों को शटल के माध्यम से नैनीताल भेजा जा रहा है। रविवार की रात देर शाम भी जब रूसी बाईपास में पुलिस ने पर्यटकों के वाहनों को रोका तो एक पर्यटक पुलिस से भिड़ गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें पर्यटक पुलिस पर बेवजह रोकने का आरोप लगा रहे हैं। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डा. जगदीश चंद्र ने बताया नैनीताल में यातायात व्यवस्था बनाने के लिए बिना होटल बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहनों को रोककर शटल से भेजने की बात पर कई पर्यटक विवाद कर रहे हैं। बताया कि पर्यटकों को यातायात प्लान की जानकारी देने के बाद मामला शांत हो गया था।

# दो गाड़ियों की भिड़ंत में पांच लोग घायल, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीप नारायणनगर क्षेत्र में सोमवार को दो गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। इस दौरान 5 लोग घायल हो गए जिसमें एक को गंभीर चोटें आ गयी।



जानकारी के मुताबिक एक आल्टो गाड़ी नैनीताल की तरफ आ रही थी और नैनीताल से फारच्यूनर गाड़ी नीचे की तरफ जा रही थी। दोनों गाड़ियों की बारापत्थर के पास जोरदार भिड़ंत हो गई और आल्टो में सवार 5 लोग घायल हो गए जिन्हें मल्लीताल कोतवाल हेम चंद्र पंत ने मौके पर पहुंचकर बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया गया। बता दें घायलों में कोटाबाग नैनीताल निवासी मंगल सिंह (57), रामपुरा काशीपुर निवासी सुरजीत सिंह (65), मुरादाबाद निवासी मनीष कुमार (23), कालाढूंगी निवासी तैयब हुसैन (32) तथा पाठकोट कोटाबाग निवासी बहादुर सिंह (39) वर्ष शामिल थे। आल्टो वाहन चालक तैयब हुसैन ने बताया कि वह अपने टैक्सी वाहन से नैनीताल की तरफ आ रहे थे तभी अचानक सामने से दिल्ली नंबर की फारच्यूनर गाड़ी काफी तेजी से आ रही थी जो कि उनकी टैक्सी आल्टो से टकरा गई और यह दुर्घटना हो गई। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डा. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया कि नारायण नगर के पास दो गाड़ियों की भिड़ंत की सूचना आई थी। जिसमें 5 घायलों को मल्लीताल कोतवाल हेम चंद्र पंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जिसमें 2 लोगों को सिर की चोट की वजह से सीटी स्कैन के लिए भेजा है। बाकी 3 मरीज अभी स्टेबल हैं। सीटी स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# तरुणारंभ: फ्रेशर्स पार्टी को विद्यार्थियों ने बनाया यादगार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैंसी कालेज आफ नर्सिंग नैनीताल में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं के स्वागत के लिए तरुणारंभ: यूथ फुल बिगिनिंग थीम पर भव्य एवं यादगार फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कालेज प्रबंधन के मुता. बिक इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कालेज के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच सौहार्द सहयोग और अपनत्व की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अनेक राष्ट्रीय बयूटी पेजेंट्स के जज रहे मिस्टर राजीव के. श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. रितु रखोलिया रहीं। इसके साथ ही बीना जीना ग्राम प्रधान चोपड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में मिस्टर राजीव के. श्रीवास्तव ने अपने तीन दशकों के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन तथा सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला जबकि डा. रितु रखोलिया ने नर्सिंग जैसे सेवा प्रधान पेशे में करुणा व समर्पण और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी वहीं श्रीमती बीना जीना ने विद्यार्थियों से समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं द्वारा पहाड़ी समेत राजस्थानी व साउथ इंडियन सहित विविध सांस्कृतिक नृत्यों की मनमो. हक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके अतिरिक्त सिंगिंग, गेमस, टैलेंट राउंड एवं रैंप वॉक जैसी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भागीदारी निभाई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। रैंप वाक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर कल्पना चौहान को मिस फ्रेशर, गीता जोशी को बेस्ट परफार्मर तथा मनीषा बिष्ट को मिस रनर अप घोषित किया गया। अन्य श्रेणियों में लक्ष्मी मेहता को मिस फोटोजेनिक जबकि संजना राज को मिस इंटेलेक्चुअल वहीं भावना मेहता को मिस अटायरए रोकोंनेइनुओ को मोस्ट चार्मिंग फेस तथा वंदना धामी को मोस्ट टैलेंटेड का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर आई. पी. सिंह, चेयरपर्सन मंजू सिंह एवं डायरेक्टर डा. संजय कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल, शिक्षकों और छात्रों की सराहना की।



नैंसी कालेज में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं के स्वागत

# सात दिनी शिविर का रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल का सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। शि. विर के अंतिम दिन की शुरुआत स्वयंसेवियों द्वारा प्रात: जागरण और योगाभ्यास से हुई, जिससे उनका दिन ऊर्जावान और अनुशासित बना।

इसके बाद, स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर स्वच्छता और सामुदायिक सेवा का संदेश दिया। समापन सत्र में नगर पालिका परिषद की सभासद लता दफौटी ने स्वयंसेवियों को संबोधित किया और एनएसएस के माध्यम से किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक, कहानी वाचन और पहाड़ी गीत प्रस्तुत किए गए। नुक्कड़ नाटक में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता और पलायन जैसे समाजिक मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को प्रमाणपत्र दिए गए, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। समापन कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी सुनैना ने कुशलता से किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट, आलोक भट्ट, कुमारी निशा बनौला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# भीमताल विखं में हुआ किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड में सोमवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से समाधान किया। विकास खण्ड भीमताल सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने किसान दिवस में आयोजित शिविर में किसानों की समस्याओं को सुना। विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा उन्हें लाभ प्रदान किया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने किसानों से जुड़े विभागों के अधिक. ारियों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की किसानों के हित में संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समय पर पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान कभी हार नहीं मानते वह मानवता से हमेशा मेहनत करता है। अधिकारियों से कहा कि किसानों को नई तकनीकी एवं उन्नतशील खेती के लिए निरंतर सहयोग दें। डीएम ने कहा जो धरती की सेवा करता है धरती उसकी भी सेवा करती है। किसानों को संबो. धित करते हुए जिलाधिकारी ने जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बाजार में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है ऐसे में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अधिकारियों से किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर आर्गेनिक खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि पॉली हाउस तथा कृषि बीज व उपकरण एवं रसायन समय पर किसानों को मुहैया कराए जाने से उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर कृषि, उद्यान, कृषि विज्ञान केंद्र, मत्स्य पालन,पशुपालन व इफको आदि विभागों से आए अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा जंगली जानवरों की समस्या के साथ ही पॉलीहाउस मुहैया कराने, इंडिका प्रजाति की मधुमक्खी मुहैया कराने की मांग प्रमुखता से रखी। इस अवसर पर क्षेत्र उप प्रमुख भीमताल उमेश पलड़िया, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रेमा राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी क्षेत्र से आए किसान वह अनेक जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



# सुमित जोशी बने हनुमान दल के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू ने संगठन को सशक्त और विस्तारित करते हुए नैनीताल जिले के विकासखंड रामगढ़ क्षेत्र के ग्राम हरतोला के निवासी कृष्ण चंद्र जोशी के पुत्र सुमित जोशी को राष्ट्रीय हनुमान दल जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा नैनीताल के पद पर नियुक्त किया गया। दूसरी ओर सुमित जोशी का कहना है कि वह धर्म रक्षा समेत नारी रक्षा, गौ रक्षा, संत रक्षा, राष्ट्र सेवा व मानव सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड

इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, 583–ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून– 248001

टैलीफैक्स– 0135–2522941, ई–मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

Ref No: - 1486/BRIDCUL-233/25 Dated: 29/12/2025

**NIT (Notice Inviting Tender)**

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore) and as per the detailed specifications, terms & Conditions given in the tender documents for following work:-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST & All Taxes (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Rs.) | Cost of Tender Form | Tender Document can be obtained/ submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ground Water Recharge Pit & Renovation Work at Registration Cum Transit Camp Rishikesh (Dehradun), Uttarakhand | 12.11 | 36500.00 | ₹ 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of the respective Project Manager between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **30.12.2025 to 12.01.2026.** The cost of tender document amounting to Rs 5000+18%GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, BRIDCUL, Dehradun. The tenders should reach the office latest **by 1500 hours on 12.01.2026 and the technical bid shall be opened at 1530 hours on the same day** in presence of tenderers who choose to be present.

Project Manager
BRIDCUL

# मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए




## 10000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय व दुनिया की चौथी बल्लेबाजी बनी स्मृति मंधाना

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय तथा दुनिया की चौथी बल्लेबाज बन गईं हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 में हासिल की। मंधाना से पहले मिताली राज यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं। मिताली राज 10868 रनों के साथ वह सबसे जडादा रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे हैं। सूजी बेट्स 10652 रन के साथ दूसरे और शार्लेट एडवर्ड्स 10273 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मांधना इस मुकाम तक पहुंचने वाली सबसे तेज बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों की 281वीं पारी में 10 हजार रन पूरे किए। राज ने यह उपलब्धि 291 पारियों में हासिल की थी, जबकि एडवर्ड्स और बेट्स को ऐसा करने में क्रमशघ 308 और 314 पारियां लगी थीं। श्रीलंका के खिलाफ चौथे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से पहले मंधाना इस आंकड़े से मात्र 27 रन दूर थीं और उन्होंने यह उपलब्धि बाएं हाथ की स्पिनर निमाशा मीपाजे की गेंद को लॉन्ग ऑन की दिशा में एक रन के लिए ड्राइव कर हासिल किया। मंधाना के लिए 2025 अब तक एक शानदार साल रहा है। भारत की विजई महिला विश्व कप अभियान के दौरान मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार एकदिवसीय रन बनाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बनी थीं। उन्होंने साल का अंत एकदिवसीय प्रारुप में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में किया, जहां उन्होंने 1362 रन बनाए। वहीं दूसरे स्थान पर रहीं लॉरा वुलफार्ट ने 1174 रन बनाए थे। मंधाना ने इस साल पांच शतक भी लगाए, जिसकी बराबरी दक्षिण अफ्रीका की तेजमिन ब्रिट्स और लॉरा वुलफार्ट ने की। स्मृति मंधाना के इस साल 1660 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन हो गए हैं।

# आईसीसी ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान की टेस्ट पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दी

**● ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट दो दिन के अंदर समाप्त हो गया था इस कारण मेलबर्न ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला**



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की बॉक्सिग डे टेस्ट की पिच को 'अंसतोषजनक' रेटिंग दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने अपने बयान में कहा कि बहुत प्रशंसकों के पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे और उसके अलावा लाखों प्रशंसक इस मैच के लिए उत्साहित थे लेकिन पिच के कारण यह दो दिन में ही समाप्त हो गया और यह निराशाजनक है।

पिछले कुछ सालों में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के स्टाफ ने बेहद शानदार टेस्ट पिच तैयार करके दी थी और हमें उम्मीद है कि अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिग डे टेस्ट और मार्च 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में बघ्यिा पिच देखने को मिलेगी। आईसीसी ने पिच रेटिंग के लिए चार श्रेणी रखी है और इस मैदान की पिच को तीसरे स्थान 'अंसतोषजनक' श्रेणी में रखा गया है जिसमें पिच गेंदबाजों के लिए फायदेमंद रहती है और गेंद एवं बल्ले के बीच बराबर का मुकाबला देखने को नहीं मिलता। पिछले तीन बॉक्सिग डे टेस्ट में एमसीजी को 'सबसे बढ़िया' पिच की रेटिंग दी गई थी लेकिन इस बार मामला उलट गया। यह इस ऐशेज में दूसरा दो दिन वाला टेस्ट था और सीरीज के पहले तीन टेस्ट में जीत के बाद इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पघा। मैच समाप्त होने के अगले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि वह एकदम सदमे में हैं। पेज के पिच पर 10 मीमी घास छोड़ने के फैसले की भी काफी चर्चा हो रही है। इस टेस्ट के दो दिन में समाप्त होने की वजह से सीए को बड़ा आर्थिक नुकसान (10 मिलियन ऑस्ट्रेलिया डॉलर) भी हुआ है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आखिरी और पांचवें टी-20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम क्लीन स्वीप करन साल का सफल समापन करने उतरेगी। वहीं श्रीलंका के पास इस मैच में जीत दर्ज आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होगा। भारत इस पूरी सीरीज में क्लिनिकल रहा है। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला, क्योंकि उन्होंने पहले तीन टॉस जीते। भारत ने तीनों मैचों में श्रीलंका को 130 से कम के स्कोर पर रोकते हुए और कम से कम पांच ओवर और सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। श्रीलंका कल होने वाले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की चुनौती को पार करना होगा। इस भारतीय जोड़ी ने किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी की और मेजबानों का सर्वोच्च टी-20 स्कोर खड़ा किया। भारत को इस सीरीज में अब तक केवल पांच बल्लेबाजो का ही इस्तेमाल करना पड़ा है। चाहे वे लक्ष्य तय करें या उसका पीछा करें, श्रीलंका रविवार को हसिनी परेरा की शुरुआत से प्रेरणा लेगा, जिसमें उन्होंने शुरुआती ओवरों में रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी पर आक्रामक प्रहार किया। इससे पहले कि नीलाक्षी डी सिल्वा ने लोअर ऑर्डर में आखरिकार कुछ रन जोड़े। श्रीलंका चाहेगा कि भारतीय क्षेत्ररक्षकों से मिलने वाले किसी भी जीवनदान का फायदा उठाया जाए, क्योंकि इस सीरीज में भारतीय क्षेत्ररक्षक मामले में कमजोर दिखे है। पहले मैच में उन्होंने पांच कैच छोड़े और चौथे मैच में दो जो दोनों टीमों के बीच के फासले को कम करने में मेहमानों की मदद कर सकता है। श्रीलंका बल्लेबाजी में ओपनिंग में कप्तान अटापट्टू और हिसनी से बड़ी साझेदारी की उम्मीद करेगा। रविवार को हुए मुकाबले में इस जोड़ी ने अच्छी साझेदारी कर टीम को जीत की उम्मीद जगाई थी।

# मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया

**विजय हजारे ट्रॉफी**

**जयपुर, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर (चार विकेट) और शम्स मुलानी (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 68) और सिद्धेश लाड (नाबाद 48) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में छत्तीसगढ़ को 156 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया है। यहां टॉस जीतकर मुम्बई ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

शार्दुल ठाकुर 13 रन देकर (चार विकेट) और शम्स मुलानी 31 रन देकर (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ को 38-1 ओवर में 142 के स्कोर पर समेट दिया। छत्तीसगढ़ के लिए कप्तान अमनदीप खरे (68) और अजय मंडल (46) ही जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर सके। शेष नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई ने 24 ओवर में एक विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और इशान मुलचंदानी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। नौवें ओवर में हर्ष यादव ने इशान मुलचंदानी (19) को आउट कर छत्तीसगढ़ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सि(ेश लाड ने अंगकृष रघुवंशी के साथ 102 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

## मप्र ने केरल को मात दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** हिमांशु मंत्री (93) की शानदार बल्लेबाजी के बाद शुभम शर्मा (तीन विकेट), सारांश जैन और शिवांग कुमार (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में केरल को 47 रनों से शिकस्त दी। यहां केरल ने टॉस कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अंकित शर्मा (चार विकेट) और बाबा अपराजित (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर केरल ने बल्लेबाजी करने उतरी मध्य प्रदेश को 46.1 ओवर में 214 के स्कोर पर समेट दिया। मध्यप्रदेश के लिए हिमांशु मंत्री ने 105 गेंदों में सात चौकों की मदद से 93 रनों की पारी खेली। इसके अलावा त्रिपुरेश सिंह ने (37), हर्ष गवली (22), आर्यन पांडे (15) और यश दुबे ने 13 रनों का योगदान दिया। केरल के लिए अंकित शर्मा ने चार विकेट लिए।

# वनडे सीरीज हार्दिक-बुमराह को मिल सकता है आराम



**● टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 सीरीज खेली भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है।

टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी करेंगे। इनसे पहले होने वाले तीन एकदिवसीय मैच 11 जनवरी (बड़ौदा), 14 जनवरी (राजकोट) और 18 जनवरी (इंदौर) को होंगे। इनमें बुमराह और पांड्या को शामिल किए जाने की संभावना कम है। एकदिवसीय टीम की घोषणा 4-5 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है। ऐसा समझा जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि टी-20 विश्व कप के लिए अहम इन दो खिलाड़ियों को एकदिवसीय टीम से बाहर रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या, जो सिर्फ सफेद गेंद क्रिकेट खेलते हैं, फिटनेस की दिक्कतों के कारण मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद से कोई वनडे नहीं खेले हैं। जसप्रीत बुमराह, जिनके वर्कलोड पर टीम में उनकी अहमियत को देखते हुए करीब से नजर रखी जा रही है, 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से वह किसी वनडे में नहीं खेले हैं। हालांकि, उम्मीद है कि पांड्या चल रहे विजय हजारे गेम्स में बड़ौदा के लिए खेलेंगे। संभावना है कि वह घरेलू 50-ओवर के टूर्नामेंट में खेलेंगे ताकि वह बीसीसीआई के घरेलू खेल में अनिवार्य भागीदारी के फरमान का पालन कर सकें। रोहित शर्मा और विराट कोहली की तरह, जिन्होंने पहले दो खेल में मुंबई और दिल्ली के लिए खेला था, पांड्या बड़ौदा के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के आखिरी तीन लीग मैचों में से दो में खेल सकते हैं, जो 3, 6 और 8 जनवरी को राजकोट में होने हैं। इस बीच, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि कोहली, जिन्होंने 24 और 26 दिसम्बर को बेंगलुरु में दिल्ली के लिए पहले दो विजय हजारे ट्रॉफी में खेले थे, छह जनवरी को अलूर के मैदान पर रेलवे के खिलाफ खेले जाने वाले आखिरी लीग मैच के लिए वापस आएंगे। उसके बाद, वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप के लिए प्रोविजनल टीम में कमिंस-हेजलवुड को शामिल



**● सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा**

**सिडनी, वार्ता।** कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया ने चोट की चिताओं के बावजूद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रोविजनल टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड को शामिल करने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिस, जो एशेज के तीसरे टेस्ट के लिए एडिलेड में लौटे थे, लेकिन सावधानी के तौर पर बाकी सीरीज से बाहर हो गए थे, लगभग चार हफ्ते में अपनी पीठ का एक और स्कैन करवाएंगे।

सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा। मैकडॉनल्ड ने कहा कि मुझे लगता है पैट का चार हफ्ते में एक स्कैन होगा, तो उससे हमें जानकारी मिल जाएगी कि वह टी-20 विश्व कप के लिए किस स्थिति में हैं।

उन्हें 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया जाएगा। इस बीच, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और अकिलीज की समस्याओं के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। 34 साल के तेज गेंदबाज को चोटों ने परेशान किया है। हालांकि वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है और उम्मीद है कि वह जल्द ही गेंदबाजी करना शुरू कर देगा, जिससे वैश्विक टूर्नामेंट के लिए उसकी उपलब्धता की उम्मीदें बढ़ेगी। मैकडॉनल्ड ने कहा कि जॉश गेंदबाजी करने के लिए वापस आ रहा है। ऐसा लगता है कि वह संभावित समय के हिसाब से ठीक हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते समय दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट से प्रभावित मध्यमक्रम के आक्रामक बल्लेबाज टिम डेविड की फिटनेस पर भी नजर रख हुए है।

# पीएम ने कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपिशनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कोनेरू हम्पी को बधाई, जिन्होंने दोहा में फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के सेक्शन में कांस्य पदक जीता। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दोहा में फीडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीतने के लिए अर्जुन एरिगैसी पर गर्व है। उनका हौसला काबिले तारीफ है।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लिए एक दशक से भी अधिक समय खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 69 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 28 टेस्ट शामिल हैं, और उन्होंने अपने लाल-गेंद करियर में 74 विकेट लिए। ब्रेसवेल का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में 2011 में होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के लिए दर्ज है, जहां उन्होंने मैच में नौ विकेट लेकर सात रन की यादगार जीत दिलाई थी। ब्रेसवेल ने सफेद गेंद क्रिकेट में भी न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 में 41 मैच खेले। वह आईसीसीस पुरुष टी-20 विश्व कप 2012 में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे और अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के दौरान एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर नियमित रूप से योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए उनका आखिरी मैच 2023 में वेलिगटन में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट था। बाद में पसली की चोट के कारण सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ उनका घरेलू अभियान छोटा हो गया, जिसके कारण आखिरकार उन्होंने खेल से दूर होने का फैसला किया। आईसीसी ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के एक बयान के हवाले से ब्रेसवेल के हवाले से कहा कि यह मेरे जीवन का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है, और कुछ ऐसा जिसकी मैंने एक युवा क्रिकेटर के तौर पर ख्वाहिश की थी। मैं क्रिकेट के माध्यम से मिले अवसरों और अपने देश के लिए खेलने के मौके के लिए हमेशा आभारी रहूंगा, साथ ही अपने घरेलू करियर के दौरान सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी। प्रथम श्रेणी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना एक सौभाग्य की बात है, और मैं आभारी हूं कि मैंने इतने लंबे समय तक खेल खेला और उसका आनंद लिया।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा 2025

## टीम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की जीत, एशिया कप में खिताबी सफलता और इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए वर्ष 2025 का सफर काफी मिला-जुला रहा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टींम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की।

भारत ने पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की, जबकि एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत बनाम इंग्लैंड टी-20 सीरीज का सबसे बड़ा आकर्षण पल अभिषेक शर्मा का विस्फोटक शतक रहा। उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच में 135 रनों की पारी खेली, जो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय टीम ने फरवरी में पाकिस्तान और यूएई की मेजबानी में हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अपनी लय को बरकरार रखा। आठ साल बाद अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में लौटी इस प्रतिष्ठित एकदिवसीय टूर्नामेंट में भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली का शतक जीत का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा, जबकि फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा ने टीम को चैंपियन बनाया। इसके बाद भारत का अगली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज थी, लेकिन उससे पहले ही बड़ा बदलाव देखने को मिला। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके बाद चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया। हाल के वर्षों की सबसे रोमांचक टेस्ट सीरीज में से एक मानी जा रही यह सीरीज बराबरी पर खत्म हुई। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरा मुकाबला जीता, जबकि भारत ने एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट अपने नाम किया और द ओवल में खेले गए आखिरी मुकाबले में छह विकेट से शानदार जीत दर्ज कर सीरीज बराबर की। इस पूरी सीरीज में कप्तान शुभमन गिल ने 75-40 की औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक और एक दोहरा शतक शामिल रहा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए सितम्बर में यूएई में खेले गए एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म की बदौलत भारत फाइनल में पाकिस्तान को हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार महाद्वीपीय चैंपियन बना। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत धीमी रही, लेकिन नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेलने वाले तिलक वर्मा ने टीम को जीत दिलाई और फाइनल के हीरो रहे। अक्टूबर में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज की मेजबानी की और 2-0 से क्लीन स्वीप किया। यह शुभमन गिल की टेस्ट कप्तान के रूप में पहली सीरीज में जीत थी। इसी दौरान गिल को रोहित शर्मा की जगह भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान भी बनाया गया। एकदिवसीय प्रारुप में उनकी शुरुआत उतनी सफल नहीं रही।

# चोटिल गस एटकिसन एशेल के आखिरी टेस्ट से हुए बाहर



**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी को होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की एशेज सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार एटकिसन को मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट के दूसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। 27 साल के एटकिसन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर पूरा करने के बाद मैदान छोड़कर चले गए और वापस नहीं लौटे, जबकि इंग्लैंड ने इस मैच में चार विकेट से जीत हासिल की। बाद के स्कैन में हैमस्ट्रिंग की समस्या की पुष्टि हुई, जिससे एटकिसन एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट नहीं खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया अभी पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। इंग्लैंड ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड पुरुष टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिसन एशेज टूर के बाकी मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि स्कैन में पता चला है कि उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। सरे के दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने चौथे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड की जीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर फेंकने के बाद मैदान छोड़ दिया। इंग्लैंड पांचवें टेस्ट के लिए किसी रिप्लेसमेंट को नहीं बुलाएगा, जो चार जनवरी से सिडनी में शुरू होगा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटों के कारण बाहर हैं। साथी तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर और मैथ्यू पॉट्स, जो टूरिग टीम का हिस्सा हैं, अब सीरीज के आखिरी मैच के लिए एटकिसन की जगह भरने की कोशिश में हैं।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ

# भूटान के सोनम एशे ने आठ विकेट लेकर टी-20 क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड

**भूटान, वार्ता।** भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम एशे एक टी-20 मैच में आठ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। 22 वर्षीय एशे ने यह कारनामा म्यांमार के खिलाफ तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में किया। एशे शुक्रवार को म्यांमार के खिलाफ खेले गए मुकाबले के अपने चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट झटके। इस मैच भूटान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर बनाया था।

इसके जवाब में म्यांमार की पूरी टीम को 45 रन सिमट गई। इस सीरीज में एशे अब तक चार मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। सीरीज का आखिरी मैच सोमवार को खेला जाना है। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू टी-20 क्रिकेट में यह उपलब्धि किसी भी गेंदबाजा द्वारा पहली बार हासिल की गई है। एशे से पहले पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल दो गेंदबाजो ने सात विकेट लिए थे। सयाजरुल इद्रुस ने 2023 में चीन के खिलाफ मलेशिया के लिए आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। वहीं अली दाऊद ने 2025 में भूटान के खिलाफ बहरीन के लिए 19 रन देकर सात विकेट झटके थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर भी यह कारनामा केवल दो बार हुआ है।

## किसान नेता व समाजसेवी ने रुड़की प्रेस क्लब के

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की प्रेस क्लब समिति रजि0के हुए वार्षिक चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान कार्यक्रम नहर किनारा स्थित प्रेस क्लब कार्यालय पर हुआ, जिसमें उत्तराखंड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी सुभाष नंबरदार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा सहित सभी पदाधिकारी का फूल-मालाएं पहनाकर व शाल भेंटकर सम्मान किया। सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और निर्वाचित कार्यकारिणी समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी।उन्होंने कहा कि पत्रकार सच,साहस और ईमानदारी के साथ अपनी लेखनी से समाज को रोशन करता है तथा हमेशा जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाता है।अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि वह पत्रकारिता को मिशन के रूप में अपनाकर इस दौर



में सच लिखने से पीछे नहीं हटेंगे।उनकी कलम हमेशा समाज के कमजोर वर्ग तथा लोगों को जागरूक करने के लिए चलती रहेगी और वह समाज को सही दिशा देने के लिए कार्य करेंगे।नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी, डायरेक्टर अंकित त्यागी व दीपक अरोड़ा, महासचिव अश्वनी उपाध्याय,विनीत त्यागी कोषाध्यक्ष तथा सचिव नितिन कुमार का सम्मान किया।इस अवसर पर महेश्वर सिंह,सुभाष सक्सेना, योगराज पाल, मिक्की जैदी,मनोज जुयाल, संदीप पोहिवाल,अनिल सैनी, राहुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

**पत्रकार समाज का दर्पण होता है, निर्वाचित कार्यकारिणी समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी : सुभाष**

## अवैध खनन में एक ट्रैक्टर ट्राली सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियाने कोतवाली रुड़की द्वारा अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली बिना नंबर जिसको चालक मुनीश कुमार पुत्र नाइट रामनिवासी गणपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार चला जा रहा था जो ट्रैक्टर ट्राली में अवैध खनन ले जा रहा था बिना कागजात के चल रहा था उक्त ट्रैक्टर को मोटर यान अधि नियम के अंतर्गत सीज किया गया अवैध खनन के संबंध में उप जिलाधिकारी रिपोर्ट प्रेषित की गई पुलिस टीम में नरेंद्र राठी, भूपेंद्र विशु पवार थे।

# दहेज को लेकर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** स्कॉर्पियो की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया है। आरोप है कि पति ने तलाक दिए बिना ही दूसरा निकाह भी कर लिया है। पुलिस ने पति समेत सात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के थिथोला खेमपुर निवासी गुलिस्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह करीब एक साल पहले चौली शाहबुद्दीनपुर निवासी चिकित्सक अमजद के साथ हुआ था। शादी में काफी दहेज दिया गया था। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और उसे दहेज के रूप में स्कॉर्पियो कार व नकदी लाने के लिए दबाव बना रहे थे। आरोप है कि दहेज न लाने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। मायके वाले ने दो लाख रुपये दिए लेकिन ससुराल वाले अपनी जिद पर अड़े रहे। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और तीन तलाक देने की धमकी दी गई। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। अब जानकारी मिली कि ससुरालवालों ने उसे तलाक दिए बिना ही उसके पति का दूसरा निकाह भी करा दिया है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि चिकित्सक अमजद, इकबाल, इमराना, इकरा, आजम, अहसान निवासी चोली शाहबुद्दीनपुर व तैयब निवासी बुडियो हरियाणा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# बाजार में घुसी नीलगाय ने जमकर मचाया उत्पात, एक युवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की बाजार में नील गाय आने से अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। नील गाय की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। वहीं मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने नील गाय को काबू कर पकड़ा तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। घटना दोपहर की है जब रूडकी के पुराने रेलवे रोड स्थित कुंदन हलवाई वाली गली में अचानक से एक नील गाय आ जाने से हड़कंप मच गया। नील गाय बाइक,स्कूटी सवारों से टकरा गई । जिससे स्कूटी सवार एक लड़की घायल हो गई। नील गाय ने



बाजार में जमकर उत्पात मचाया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। वही नील गाय भागते हुए एक नाले में गिरकर घायल हो गयी है। नीलगाय को लोगो ने बाहर निकाला। लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कडी मशक्कत के बाद उसका रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई।

# बत्रा के कैंप कार्यालय पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम विधायक प्रदीप बत्रा के कैंप कार्यालय पर सुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश और समाज से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए, जिन्हें सभी ने ध्यानपूर्वक सुना।

आज के मन की बात एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भागीदारी, सामाजिक एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति और स्थानीय नवाचारों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने देशवासियों से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति जनभागीदारी से ही संभव है और हर नागरिक का योगदान राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करता है। कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रदीप बत्रा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए वे सीध देशवासियों से संवाद करते हैं। यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायी



है, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आम जनता की भावनाओं, आकांक्षाओं और समस्याओं को समझते हुए समाधान का मार्ग दिखाते हैं, जिससे देश में सकारात्मक सोच और राष्ट्रभक्ति की भावना सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विषय समाज के हर वर्ग को जागरूक करते हैं और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में पवन तोमर, एडवोकेट बृजेश त्यागी, सुभाष सरीन, जिला मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, आईटी प्रभारी सुशील रावत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलकमल शर्मा, गगन सरीन,पार्षद नवनीत शर्मा, जेपी शर्मा, विवेक चौधरी, दिनेश कौशिक, राजन गोयल, रीना अग्रवाल,सुजल कौशिक, रामगोपाल शर्मा,अनुज अत्रे, संजय सैनी, टोनी गंगा भक्त ,वैद टेक वल्लभ,सुधीर चौधरी, एडवोकेट आशीष पंडित आदि रहे।

# नारसन ब्लॉक में न्याय पंचायत खेल महाकुंभ का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** नारसन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले न्याय पंचायत खेल महाकुंभ 2025 का आज आगाज हुआ। प्रतियोगिता के दौरान न्याय पंचायत नारसन, मोहम्मदपुर, मखदुमपुर, लिबर्हैरी, लाठर देवा हूण एवं गाथा रोना के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में अंडर 14 एवं अंदर-19 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

यह प्रतियोगिता युवा कल्याण विभाग, प्रांतीय रक्षक दल एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित हुई। इस संदर्भ में (खंड शिक्षा अधि कारी नारसन) साने करीम सिद्दीकी एवं ब्लॉक खेल समन्वय पवन राना ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी विधानसभा प्रतियोगिता में शामिल होंगे। न्याय पंचायत लाठर देवा हूण न्याय पंचायत में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान ममता देवी के प्रतिनिधि जोगेंद्र सिंह एवं पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन के प्रभारी प्रधानाचार्य संदीप वर्मा ने सरस्वती मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता के 600 मी बालिका वर्ग 14 की रेस का उद्घाटन झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने किया। मंच का संचालन वीर सिंह किया। प्रतियोगिता मे अंडर 14 बालक



वर्ग में 600 मीटर में अभिजीत ने प्रथम, युद्धवीर ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान नवनीत ने प्राप्त किया 600 मी बालिका वर्ग में वनिक पवार ने प्रथम, खुशबू ने दूसरा एवं हिमानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया 800 मी गर्ल्स में अलीशा ने प्रथम दूसरा स्थान साक्षी एवं तीसरा स्थान आंचल ने प्राप्त किया। अंडर 14 बालक वर्ग 60 मीटर में वर्णिका परमार ने प्रथम, दूसरा स्थान तरु चौधरी, तीसरा स्थान रोजी ने प्राप्त किया। 100 मीटर अंदर-19 बालक वर्ग में प्रियांशु ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान राजा एवं तीसरा स्थान गौरवनित ने प्राप्त किया।

कबड्डी अंदर 14 बालिका वर्ग में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण ने प्रथम स्थान एवं दूसरा स्थान भारत सिंह इंटर कॉलेज में प्राप्त किया प्रतियोगिता में ठाठ सिंह, वीर सिंह, सौरभ राणा, संदीप सालार,सौरभ पवारसतीश पवार, विवेकराठी, रविंद्र चौहान, दिनेश सिंह, मुकेश बगवाड़ी, अलका रानी, अनीता देवी, उस्मान, राकेश शर्मा, आलोक द्विवेदी आदि ने उपस्थित होकर सहयोग दिया।

# शहजाद विधायक ने किया नगर कीर्तन में सिख संगत का स्वागत व अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका क्षेत्र में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व एवं श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के अवसर पर पंचवे महान नगर कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर लक्सर विधायकमोहम्मद शहजाद ने नगर कीर्तन में पधारी समस्त सिख संगत काफूल-मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।नगर कीर्तन पंच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सुसज्जित पालकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। शबद-कीर्तन, गुरुवाणी और "जो



बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारों से पूरा नगर गुरुमय हो उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया।इस अवसर पर विधायक मोहम्मद शहजाद ने गुरु गोबिन्द सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत एवं श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के महान बलिदान को नमन करते हुए कहा कि गुरु साहिबान का त्याग और बलिदान देश की एकता, अखंडता और धार्मिक स्वतंत्रता की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, सौहार्द और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।विधायक मोहम्मद शहजाद के सहयोग से नगर कीर्तन के दौरान सेवा कार्य भी किए गए। संगत एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता की। पंचवे महान नगर कीर्तन के माध्यम से लक्सर क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया गया।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक गिरफ्तार

**रुड़की।** शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को कोतवाली सिविल लाइन रुड़की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोनू पुत्र मंगल निवासी ग्राम बेलडा थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की द्वारा अपनी भाभी व परिजनों के साथ घर पर गाली गलौच ओर मारपीट कर शांति भंग करने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया उपरोक्त नहीं माना यदि उपरोक्त को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो यह कोई संज्ञेय अपराध कारित कर देता जिसे अंतर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# नेशनल कन्या इंटर कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** खानपुर स्थित नेशनल कन्या इंटर कॉलेज में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग : स्मार्ट असिस्टेंट जो आपके लिए दिन-रात काम करता है' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा जिसमें कॉलेज की 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्रबंधक डॉ. घनश्याम गुप्ता एवं प्रधानाचार्य बलराम गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला में हरिद्वार विश्वविद्यालय के डीन डॉ. रविंद्र सैनी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने छात्राओं को बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस प्रकार एक व्यक्तिगत सहायक की तरह कार्य कर शिक्षा, करियर और दैनिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। साथ ही उन्होंने एआई की सहायता से समय प्रबंधन, पढ़ाई को सरल बनाने और कठिन विषयों को आसानी से समझने के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी दी। डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना ही संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशाला में वरिष्ठ छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भविष्य की इस उभरती तकनीक को गहराई से समझा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बलराम गुप्ता, गायत्री, संजय गुप्ता, मुकेश कुमार सहित छात्राएं अंजलि, विशाखा, निकिता, वंशिका, पूजा, अर्चना आदि उपस्थित रहीं।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मुस्तफा व उसकी पत्नी ताबू का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने मुस्तफा व ताबू को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद मुस्तफा व ताबू व उसके वारिसान के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मौ. आलम पुत्र जुम्मन नि. म.न. 192 गुज्जर बस्ती, थाना पथरी जिला हरिद्वार।**

# जनपद में शहर से लेकर देहात तक सफाई अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/नारसन।** जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में जनपद भर में शहर से देहात तक लगातार सफाई अभियान चल रहा है।

नगर निगम नगर पंचायत जहां सफाई अभियान चला रही है तो ग्राम पंचायत स्तर पर भी यह सफाई अभियान चल रहा हैखंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में खुद सफाई अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं और सफाई अभियान के फोटोग्राफ्स वह कल जानकारी जिलाधिकारी को भी लगातार भेज रहे हैं। खंड विकास अधिकारियों द्वारा चलाया गया सफाई अभियान' खंड विकास अधि कारी खानपुर ने अवगत कराया है कि खानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिर्जापुर में साफ सफाई का कार्य कराया गया। खंड विकास अधिकारी नारसन ने अवगत कराया है कि नारसन मोहम्मदपुर, बरमपुर एवं लाडपुर खर्द क्षेत्रांतर्गत साफ

## ट्रेनों की रफ्तार पर कोहरे का प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** घने कोहरे के चलते ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित हुई है। कई ट्रेनों का संचालन निरस्त होने के साथ ही लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें कई घंटों की देरी से चल रहीं हैं। रविवार को भी कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से चलीं। रविवार को अमृतसर पूर्णियाकोर्ट जंक्शन, देहरादून - वाराणसी एक्सप्रेस, चंडीगढ़ - धनबाद स्पेशल एक्सप्रेस, आनंद विहार टर्मिनल-लखनऊ एक्सप्रेस, ऋषिकेश-हरिद्वार पैसेंजर ट्रेनें स्थगित रहीं। वहीं, हावड़ा - देहरादून कुंभ एक्सप्रेस आठ घंटे व वापसी में नौ घंटे की देरी से चली। हावड़ा- अमृतसर मेल एक्सप्रेस, पुरी- योगनगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस छह-छह घंटे, और वापसी में भी छह घंटे की देरी से चली। इसके अलावा सफदरजंग-देहरादून एक्सप्रेस और जम्मूतवी - गोरखपुर एक्सप्रेस 5-5 घंटे, जम्मूतवी- गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 4 घंटे, जालंधर सिटी-दरभंगा एक्सप्रेस व जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 3- 3 घंटे की देरी से चली। अमृतसर-हरिद्वार जनशताब्दी एक्सप्रेस, जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस और लालगढ़- डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस ट्रेनों की गति प्रभावित रहती है।

## 16 महीने से वेतन नहीं मिलने पर एसडीएम को दिया ज्ञापन

# लक्ष्मी शुगर मिल कर्मचारियों का धरना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में कार्यरत कर्मचारी को पिछले 16 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने सोमवार को भगवानपुर एसडीएम से वेतन दिलाने की मांग करते हुए मिल परिसर में वेतन मिलने तक धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में लगभग 300 कर्मचारी कार्यरत है ।शुगर मिल कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 16 महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। वेतन नहीं मिलने से उनकी पारिवारिक स्थिति दयनीय हो गई है। बच्चों की स्कूल फीस खाने का खर्च तथा दवाइयां के खर्च के लाले पड़ गए हैं ।राशन की दुकानों सेभी उधार मिलना बंद हो गया है। शुगर मिल प्रबंध न 16 माह से बार-बार वेतन देने का झूठा आश्वासन दे रहा है। उप जिला अधिकारी भगवानपुर को शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा मांग पत्र देकर शुगर मिल से पिछले 16 माह का वेतन दिलाने की मांग की है ।कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें वेतन नहीं मिल पाता तब तक वे शुगर मिल परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। सोमवार दोपहर से मिल परिसर में कर्मचारियों द्वारा धरना



प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है ।शुगर मिल कर्मचारी का कहना है कि शुगर मिल महाप्रबंधक तीन दिन से शुगर मिल में नहीं आए हैं। शुगर मिल महाप्रबंधक अनिल तंवर से फोन पर बात करने पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया है।

# ब्लॉक की राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ब्लॉक की राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आज राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित नवाचारी मॉडलों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक समझ, रचनात्मकता एवं नवाचार क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष नारायण शर्मा, अशोक त्रिपाठी, नरेश राजा, नीलम कटियार, सुबोध मलिक, शैलेन्द्र गौड, सुरेन्द्र कुमार, रविन्द्र ममगाई, ब्लॉक समन्वयक सुरेश कुमार, आकांक्षा सैनी, गीता शर्मा एवं अलका घनश्याला की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम अध्यक्ष नारायण शर्मा ने अपने संबोधन में विज्ञान की वर्तमान आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से वैज्ञानिक सोच अपनाने, जिज्ञासु बनने तथा नवाचार के माध्यम से समाज की समस्याओं के समाधान खोजने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही भविष्य के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। वहीं अशोक त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से महान वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा निरंतर प्रयोग और अध्ययन के माध्यम से आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रतियोगिता परिणाम सीनियर वर्ग प्रथम स्थान ख्र राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) रुड़की द्वितीय स्थान



ख्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) रुड़की तृतीय स्थान ख्र जीजीआईसी गुलाब शाह पीर जूनियर वर्ग प्रथम स्थान ख्र राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) रुड़की द्वितीय स्थान ख्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) रुड़की तृतीय स्थान ख्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (राउमा) सालियर कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं मार्गदर्शक शिक्षकों की प्रशंसा की गई तथा विजेताओं को भविष्य में विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025

## नस्लीय सोच

देहरादून में एक युवा की नस्लीय टिप्पणी के कारण हुई मौत ने देश को झकझोर दिया है। यह घटना पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति देश में मौजूद गहरी नस्लीय सोच को उजागर करती है। इस मामले में सख्त कार्रवाई और नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की जा रही है। 'मैं भारतीय हूं' देहरादून में दम तोड़ने वाले त्रिपुरा के एंजेल चकमा के ये आखिरी शब्द हर भारतीय को झकझोरने वाले होने चाहिएं। अपनी पहचान से संघर्ष करते हुए एक युवा को जान देनी पड़ी। यह शर्मनाक है कि देश के भीतर देश के ही कुछ हिस्सों के लोगों की भारतीयता पर बार-बार सवाल उठाए जाते हैं। 24 साल के एंजेल पिछले एक साल से देहरादून में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। 9 दिसम्बर को वह अपने भाई माइकल के साथ कुछ सामान लेने निकले थे, जब कुछ लड़कों ने उन पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। एंजेल ने जब विरोध किया कि हम चीनी नहीं हैं, तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस शुक्रवार को एंजेल ने दम तोड़ दिया, जबकि माइकल की हालत गंभीर है। 6 में से 5 आरोपी अरेस्ट हो चुके हैं। इस घटना से त्रिपुरा और पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में जबरदस्त गुस्सा है और यह जायज भी है। अमेरिका, यूरोप या ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों के खिलाफ नस्लभेदी अपराध होने पर जो देश विरोध जताता है, उसके भीतर ही कुछ तबकों में इतनी गहरी और खतरनाक नस्लीय सोच मौजूद है। इनके निशाने पर बार-बार पूर्वोत्तर के लोग आते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च ने 2021 में एक स्टडी के नतीजे जारी किए थे। तब सर्वे में शामिल पूर्वोत्तर के 78 प्रतिशत लोगों का मानना था कि उन्हें उनके चेहरे-मोहरे के कारण निशाना बनाया जाता है। यह बताता है कि लोगों में अपने ही देश के बारे में कितनी कम जागरूकता है। दूसरी बात, पूर्वोत्तर के लोगों को देश के कई हिस्सों में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी हर घटना के बाद कड़ी कार्रवाई की बात की जाती है, लेकिन सवाल है कि क्या उनसे कोई सबक लिया जा रहा? 2014 में दिल्ली में अरुणाचल के छात्र नीदो तानिया को इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। वहां से अभी तक, क्या कोई बदलाव आया है एंजेल की मौत के बाद कई संगठनों ने नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की है, जो बिल्कुल सही है। नस्लवाद देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि जब भी भारत के किसी शहर में किसी एंजेल के साथ भेदभाव किया जाता है, तो उससे एक बड़े वर्ग की भावनाओं को चोट पहुंचती है। देश को ऐसा कानून चाहिए, जो इन मामलों में आरोपियों के प्रति सख्ती और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाए। यदि इस तरह का कानून नहीं बन पाता है, तो देश में इस तरह की सोच रखने वाले लोग फिर किसी एक और एंजेल के साथ इसी तरह की घिनौनी वारदात अंजाम देते रहेंगे। हमें चाहिए कि हम सब मिलकर देश को आगे की ओर ले जाएं, ना कि पीछे धकेलें।

## जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बना



उप्र में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर पहुंच चुकी है, भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से हर विभाग और हर कार्य में कमीशनखोरी हावी है, निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है, कई जिलों में पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पाईं और धराशाई हो गईं, जल जीवन मिशन अब लूट का मिशन बन गया है, जहां गुणवत्ता और जनहित की बजाय कमीशन को प्राथमिकता दी जा रही है, उप्र की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में माफिया पैदा कर दिए हैं भूमाफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और लकड़ी माफिया खुलेआम लूट मचा रहे हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**

## वनों का कटान एक गंभीर समस्या



भारत में वनों की कटाई आज के समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं में से एक बन चुकी है। भारत प्राकृतिक संसाधनों, जैव विविधता और विविध जलवायु क्षेत्रों से समृद्ध देश रहा है, जहां सदियों से वन मानव जीवन, पशु-पक्षियों और पारिस्थितिक संतुलन का आधार रहे हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और विकास की अंधी दौड़ ने वनों पर अभूतपूर्व दबाव डाला है। वनों की कटाई केवल पेड़ों के काटे जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के विनाश, मिट्टी के कटाव, जल संकट और मानव जीवन की गुणवत्ता में गिरावट जैसे गहरे संकटों को जन्म देती है।

भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल वन और वृक्ष आवरण लगभग 8.27 लाख वर्ग किलोमीटर है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत है। देखने में यह आंकड़ा संतोषजनक लगता है, लेकिन इसके भीतर छिपी सच्चाई कहीं अधिक चिंताजनक है। हाल के वर्षों में घने और प्राकृतिक वनों का क्षेत्र लगातार घट रहा है, जबकि वृक्ष आवरण में हुई वृद्धि का बड़ा हिस्सा कृत्रिम पौधारोपण या सड़क किनारे लगाए गए पेड़ों से आया है। प्राथमिक या प्राकृतिक वन, जो जैव विविधता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं, सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। वैश्विक संस्थाओं की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में ही भारत ने लगभग 18 हजार हेक्टेयर प्राथमिक वन क्षेत्र खो दिया, जो पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। वर्ष 2001 से अब तक भारत लगभग 2.3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वृक्ष आवरण खो चुका है, जिससे करोड़ों टन कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में पहुंची है। वनों की कटाई के पीछे सबसे बड़ा कारण कृषि विस्तार है। बढ़ती आबादी की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जंगलों को खेतों में बदला गया। विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत और मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में झूम खेती या स्थानांतरित कृषि के कारण बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। यद्यपि यह परंपरागत खेती पद्धति रही है, लेकिन आज बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह टिकाऊ नहीं रह गई है और वनों के पुनर्जनन का समय नहीं मिल पाता। इसके अतिरिक्त अवैध कटाई भी वनों के विनाश का एक प्रमुख कारण है। लकड़ी, ईंधन और फर्नीचर उद्योग की बढ़ती मांग ने जंगलों में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। कई क्षेत्रों में संगठित गिरोह जंगलों से कीमती लकड़ी की तस्करी करते हैं, जिससे वन विभाग की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही खनन गतिविधियां, विशेष रूप से झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, बड़े पैमाने पर जंगलों को नष्ट कर रही हैं। खनन के लिए जंगल साफ किए जाते हैं, जिससे न केवल पेड़ कटते हैं बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है। तेजी से बढ़ता शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकास भी वनों की कटाई का एक बड़ा कारण बन चुका है। सड़कों, रेल लाइनों, बिजली परियोजनाओं, औद्योगिक गलियारों और आवासीय कॉलोनियों के निर्माण के लिए हजारों हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किया गया है। विकास की ये परियोजनाएं आर्थिक दृष्टि से आवश्यक मानी जाती हैं, लेकिन इनके दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों पर अक्सर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। कई बार वन भूमि को अन्य उपयोग के नाम पर गैर-वन क्षेत्र घोषित कर दिया जाता है, जिससे जंगलों का स्थाई नुकसान होता है। वनाग्नि भी वनों के विनाश का एक बड़ा कारण बनती जा रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि और वर्षा के पैटर्न में बदलाव से जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में हर वर्ष सैकड़ों हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे न केवल पेड़ नष्ट होते हैं, बल्कि वन्यजीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है और वायु प्रदूषण बढ़ता है। वनों की कटाई का सबसे गहरा प्रभाव जैव विविधता पर पड़ता है। भारत विश्व के उन देशों में शामिल है जहां जैव विविधता अत्यधिक समृद्ध है। लेकिन जंगलों के सिकुड़ने से वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है। बाघ, हाथी, तेंदुआ, गैंडा और अनेक पक्षी प्रजातियां लगातार अपने प्राकृतिक क्षेत्रों से बाहर आने को मजबूर हो रही हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं। कई प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं, जो पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। वनों की कटाई जलवायु परिवर्तन को भी तेज करती है।

जंगल कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण को संतुलित रखते हैं, लेकिन जब पेड़ काटे जाते हैं तो यही कार्बन वातावरण में मुक्त हो जाता है। इससे वैश्विक तापमान बढ़ता है, वर्षा चक्र प्रभावित होता है और सूखा, बाढ़ तथा हीटवेव जैसी आपदाएं अधिक तीव्र हो जाती हैं। भारत में हाल के वर्षों में मौसम की चरम घटनाओं में वृद्धि इसी असंतुलन का संकेत है। इसके अलावा वनों के नष्ट होने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है और कृषि उत्पादन प्रभावित होता है। जंगल वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे भूमि में समाहित करते हैं, लेकिन उनके अभाव में वर्षा का पानी बहकर नदियों में चला जाता है, जिससे बाढ़ और भूजल स्तर में गिरावट दोनों समस्याएं पैदा होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहराता जा रहा है, जिसका एक बड़ा कारण वनों का घटता क्षेत्र है। भारत सरकार ने वनों के संरक्षण के लिए कई नीतियां और योजनाएं लागू की हैं। वन संरक्षण अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और ग्रीन इंडिया मिशन जैसे प्रयास इसी दिशा में किए गए हैं। इसके अलावा क्षतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन प्राधिकरण यानी bडच। के तहत जंगलों की कटाई के बदले नए पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है। हालांकि आलोचक मानते हैं कि केवल पौधारोपण से प्राकृतिक वनों की भरपाई संभव नहीं है, क्योंकि प्राकृतिक जंगलों का पारिस्थितिक ढांचा अत्यंत जटिल होता है। सरकार द्वारा उपग्रह निगरानी और डिजिटल मैपिंग के माध्यम से वनों की स्थिति पर नजर रखने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अवैध कटाई को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। फिर भी जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की कमी, भ्रष्टाचार और संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। वनों की रक्षा में स्थानीय समुदायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां-जहां ग्राम वन समितियों और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया है, वहां वन संरक्षण के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। आदिवासी समुदाय सदियों से जंगलों के साथ संतुलन बनाकर रहते आए हैं, इसलिए उनकी भागीदारी के बिना कोई भी संरक्षण नीति सफल नहीं हो सकती। साथ ही लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है, ताकि वे जंगलों को केवल संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार समझें। भविष्य की दृष्टि से भारत के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाया जाए। सतत विकास की अवधारणा को अपनाते हुए ऐसी नीतियां बनानी होंगी जिनमें आर्थिक प्रगति के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा भी सुनिश्चित हो। हरित ऊर्जा, वैकल्पिक ईंधन, पर्यावरण अनुकूल निर्माण और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसे कदम इस दिशा में सहायक हो सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि वनों की कटाई केवल पर्यावरण की समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। यदि आज हमने जंगलों को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित जीवन देना कठिन हो जाएगा। वनों का संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा है और यही सच्चे अर्थों में सतत विकास का मार्ग है।

**...साभार सीजीपीटी**

## ग्लोबल वार्मिंग मापने की नई तकनीक से आस

**अब अलास्का के समुद्र के अंडर-सी पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के बारे में हमें कई सारी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब यह तरीका अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है। केबल पर पड़ने वाला दबाव, केबल का तापमान आदि कारणों से प्रकाश के संचार पर असर होता है। अतः इस अनुसंधान से विकसित की गई तकनीक की बदौलत जहां-जहां भी अंडर-सी केबल हैं वहां के समुद्र तल के बारे में नई जानकारी पाना संभव हो सकता है।**

आजकल ग्लोबल वार्मिंग यानी धरती के गर्माने की बहुत बातें हो रहीं है। औद्योगीकरण के चलते हवा में कार्बन डाईऑक्साइड जैसी गैसों की मात्रा बढ़ी है, जिससे विश्व का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। यह एक बहुत ही धीमी रफ्तार से होने वाली प्रक्रिया है तथा तापमान में बदलाव भी बहुत थोड़ा-थोड़ा करके, एकाध डिग्री सेल्सियस से भी कम, होता है। हालांकि, इतने छोटे बदलाव से भी कई जगह अलग-अलग असर देखने को मिलते हैं। ये असर क्या हैं, उनके कारण पर्यावरण को क्या नुकसान हो रहे हैं या आगे क्या हो सकते हैं, यह जानने के लिए दुनिया में कई सारे वैज्ञानिक काम कर रहे हैं।

इसी प्रयास में वैज्ञानिकों ने यह देखा है कि तापमान वृद्धि का बड़ा असर उत्तरी ध्रुव के बर्फीले प्रदेशों पर हो रहा है। बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे हैं। यह परिणाम तो प्रत्यक्ष नजर आते हैं जिन्हें देखना काफी आसान और संभव है किंतु समुद्र के पानी में जो बदलाव हो रहा है वह जानना काफी मुश्किल है। वैज्ञानिक उन प्रभावों को ढूंढने और मापने के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं। अन्य जगहों के मुकाबले आर्कटिक वृत्त के पास के समंदरों के बारे में इस तरह की जानकारी पाना तो और भी मुश्किल है। यहां के समंदर का पानी साल भर काफी ठंडा रहता है और तो और, जाड़े के मौसम में कई जगह बर्फ जम जाती है। यह हुई ऊपरी हिस्से की बात। जैसे-जैसे हम समंदर की गहराई में जाते हैं, पानी का तापमान और कम होता जाता है। ज्यादा गहराई में जाने पर कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जहां पानी साल भर पूरी तरह बर्फ के रूप में जमा होता है और कभी पिघलता नहीं है। इसे समंदर के अंदर का स्थाई तुषार पर्माफ्रॉस्ट कहते है। वैज्ञानिकों को आशंका थी कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इस पर्माफ्रॉस्ट पर असर हुआ है और उस के कुछ हिस्से पिघलने लगे हैं परंतु जहां पहुंचना भी मुश्किल है, वहां इतनी गहराई में उतरकर कुछ नाप-जोख कर पाना लगभग असंभव है। हाल ही में साइंटिफिक अमेरिकन में छपी एक रिपोर्ट में एक नई तकनीक का जिक्र है जिसकी बदौलत अब हमें पर्माफ्रॉस्ट की हालत के बारे में जानकारी मिलना संभव हो गया गया है। पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने का अध्ययन इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि यदि यह बर्फ पिघली तो इसमें कैद कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन वगैरह वातावरण में पहुंचकर ग्लोबल वार्मिंग को और बढ़ा देंगी, तो क्या है यह तकनीक?

हम लोग केबल टीवी से तो काफी परिचित है। अपने घर के टीवी तक लगाए गए केबल के जरिए हम बहुत सारे टीवी चैनल देख पाते हैं। सिर्फ टीवी ही नहीं बल्कि हर प्रकार के संचार संकेतों के प्रेषण के लिए केबल डाली जाती है, जैसे टेलीफोन, टेलीग्राफ, इंटरनेट के लिए। जिस तरह हमारे शहरों में सड़कों के किनारे जमीन में केबल डाली जाती है, उसी तरह दो शहरों के बीच या दो देशों के बीच भी केबल रहती है। अलबत्ता यह केबल थोड़ी अलग किस्म की होती है। उनमें तार की जगह प्रकाशीय रेशों ऑप्टिकल फाइबर के बहुत से तंतु होते हैं। दो देश जमीन से जुड़े हों तो उनके बीच इस तरह की केबल डाली जा सकती है परंतु यदि हमें इंग्लैंड और अमरीका के बीच केबल डालनी है तो? उनके बीच तो अटलांटिक महासागर है। यह केबल अब समंदर के पानी के अंदर अंडर-सी बिछानी पड़ेगी। इस तरह की अंडर-सी केबल पहली बार 1858 में इंग्लैण्ड और फ्रांस के बीच इंग्लिश चैनल के आर-पार डाली गई थी। उस समय यह केबल टेलीग्राफ के लिए इस्तेमाल की जाती थी और वह काफी प्राथमिक स्तर की थी। अब इनमें काफी सुधार हुए हैं। दुनिया के सभी महासागरों में इस तरह की केबल डाली जा चुकी हैं। आजकल दुनिया का अधिकतर दूरसंचार इसी तरह के केबल द्वारा होता है। अब स्कूल में पढ़े कुछ विज्ञान को याद करते हैं। हम जानते हैं कि प्रकाश किरण एक सीधी रेखा में चलती है, पर माध्यम बदलने पर यह अपनी दिशा बदल लेती है। इसे हम अपवर्तन कहते हैं। माध्यम का घनत्व बदलने से भी प्रकाश किरणें दिशा बदलती हैं। इसका सामान्य उदाहरण मरीचिका है- यह प्रभाव इस कारण होता है कि गर्मी के दिनों में जमीन के पास की हवा अधिक गरम होने की वजह से विरल (कम घनत्व वाली) होती है। सैंडिया नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने ध्यान दिया कि आर्कटिक वृत्त के समुद्र के तले में कई केबल डली हुई हैं। उसमें से कुछ अलास्का के ब्यूफोर्ट सागर के तले पर मौजूद पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र से गुजर रही है। उन्होंने अंदाज लगाया कि पर्माफ्रॉस्ट के कारण केबल पर जो दबाव पड़ा होगा उससे अंदर के तंतुओं पर कुछ असर हुआ होगा। अतः उस जगह हमें प्रकाश किरण का अपवर्तन और विक्षेपण (यानी बिखराव) दिखाई देगा। उन्होंने केबल के असंख्य तंतुओं में से एक ऐसा तंतु चुना जिसका उपयोग नहीं हो रहा था। उसमें एक लेजर बीम छोड़ा और यह नापने की कोशिश की कि बीम का कहां-कहां और कैसे अपवर्तन तथा विक्षेपण होता है। चूंकि पर्माफ्रॉस्ट के कारण केबल पर जो असर हुआ वह बहुत सूक्ष्म था, लेजर बीम में होने वाला बदलाव भी न के बराबर रहा परंतु चार साल के अथक प्रयासों के बाद वैज्ञानिक अपने मकसद में कामयाब रहे।

**-साभार प्रभा**

## बुढ़ापे को दावत देता है लेपटॉप और मोबाइल में घुसे रहना

मोबाइल फोन और लैपटॉप से निकलने वाली ब्लू वेवलेन्थस (तरंगदैर्ध्य) स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है और इनके साथ अधिक समय बिताने से मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं तथा बुढ़ापे को असमय न्यौता देती हैं। अमेरिका की ऑरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने अपने ताजा शोध में यह खुलासा किया है और चाहे अनचाहे इस नीले प्रकाश के जद में जी रही मानव जाति की नियति पर चिंता जताई है। उनका दावा है कि प्राकृतिक प्रकाश के अलावा हर प्रकार की कृत्रिम रोशनी सेहत के लिए नुकसानदायक है। इनमें मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर और अन्य उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी के अलावा एलईडी ब्लब एवं ट्यूबलाइट से निकलने वाला दूधिया उजाला भी शामिल है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के प्रोफेसर (ईएनटी विशेषज्ञ) डा. अशोक कुमार ने बताया था कि मोबाइल फोन समेत तमाम वैज्ञानिक उपकरणों ने हमारे जीवन को नया आयाम दिया है लेकिन इनके लगातार तथा अधिक समय तक प्रयोग करने का हमें खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने अपने नये शोध में साबित किया है कि ब्लू वेवलेन्थस किस तरह मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हम आज कृत्रिम रोशनी और विद्युत चुंबकीय विकिरण (इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रेडिएशन) के साए में जी रहे हैं जो हमारी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूकता नहीं होने से हमें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कुछ लोगों को



अधिकांश समय ईयरफोन लगाए देखा जा सकता है। ईयरफोन लगाकर गाना सुनने की आदत ज्यादातर स्कूल-कॉलेज के बच्चों और ऑफिस में काम करने वाले लोगी की होती है। वे लगातार इसका उपयोग करते हैं। आलम यह है कुछ लोग लिटरली कानों को बंद करके सड़क भी पार करते हैं। कई ईयरफोन ऐसे होते हैं कि आप आवाज देते रहिए, लोग सुनेंगे नहीं। इस दौरान सड़क हादसे की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि देर तक ईयरफोन का उपयोग करने से मस्तिष्क तक आवाज पहुंचाने वाली कोशिकाएं गर्म होकर क्षतिग्रस्त होती हैं और उन्हें ठीक भी नहीं किया जा सकता। कान सिर्फ 65 डेसिबल तक की आवाज को सहन कर सकता है। लगातार तेज अवाज के संपर्क में रहने से हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त होती हैं और कालांतर बहरेपन की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप लगातार 10 घंटे तक ईयरफोन का इस्तेमाल करेंगे तो बहरेपन की शिकायत भी हो सकती है। हेडफोन से निकलने वाली विद्युत चुम्बकीय तरंगे मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। कुछ लोगों को रात में सोते हुए गाने सुनने की आदत होती है जिसका दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ता है। कुछ इसी तरह की बात हमारे ताजा शोध में आई है कि ब्लू वेवलेन्थस हमारे मस्तिष्क और रेटिना की कोशिकाओं को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। हमें सतर्क रहने की जरूरत है। एजिंग एंड मेकैनिज्म ऑफ डिजीज में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि वैज्ञानिकों ने ड्रॉसोफिला मेलानोगेस्टर (फलों पर बैठने वाली मक्खियां) पर अध्ययन के दौरान ब्लू वेवेलेन्थस के हानिकारक प्रभावों को देखा है। अनुसंधानकर्ता प्रोफसर जे गिइबुल्टोविक्स की टीम ने बताया कि इन मक्खियों की सेलुलर (जीवकोषीय) और विकासात्मक (डिवेलप्मेन्टल) प्रक्रिया मनुष्यों और पशुओं से मेल खाती है, इसलिए इस शोध के लिए ये उपयुक्त थीं। उन्होंने कहा कि इन मक्खियों का बायोलॉजिक क्लॉक का अध्ययन किया गया। इनके एक झुंड को 12 घंटे मोबाइल, टैबलेट्स, कम्प्यूटर आदि उपकरणों की ब्लू वेवलेन्थस जैसी एलईडी लाइट में और 12 घंटे अंधेरे में रखा गया और दूसरे झूंड को ब्लू वेवलेंथस फिल्टर्ड में रखा गया। हमें बेहद चौंकाने वाले परिणाम मिले। उन्होंने कहा कि नीली रोशनी में रखी गईं मक्खियों के रेटिना और ब्रेन न्यूरोंस को क्षतिग्रस्त पाया गया। मक्खियां दीवार

**इस दौरान सड़क हादसे की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि देर तक ईयरफोन का उपयोग करने से मस्तिष्क तक आवाज पहुंचाने वाली कोशिकाएं गर्म होकर क्षतिग्रस्त होती हैं और उन्हें ठीक भी नहीं किया जा सकता। कान सिर्फ 65 डेसिबल तक की आवाज को सहन कर सकता है। लगातार तेज अवाज के संपर्क में रहने से हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त होती हैं और कालांतर बहरेपन की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप लगातार 10 घंटे तक ईयरफोन का इस्तेमाल करेंगे तो बहरेपन की शिकायत भी हो सकती है।**

आदि पर बैठने समेत अपनी कई स्वभाविक क्रियाएं नहीं कर पाईं और शिशु मक्खियों की आंखें खुलने की प्रक्रिया रुक गई। हमने यह भी देखा कि मौका मिलने पर मक्खियों ने नीली रोशनी से शीघ्र अति शीघ्र भागने की कोशिश की। प्रोफसर गिइबुल्टोविक्स ने कहा कि वैसे तो हर तरह की कृत्रिम रोशनी हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक है, लेकिन शोध के दौरान हमने देखा कि ब्लू वेवलेन्थस से मुक्त वातावरण के मुकाबले ब्लू वेवलेन्थस वाले क्षेत्र में रखी गईं मक्खियों की एजिंग प्रक्रिया तेज थी। हमारे इस शोध का निष्कर्ष मनुष्यों पर भी लागू हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्यों न हम हर संभव कोशिश करें कि ब्लू वेवलेन्थस हमारे लिए मायाजाल न बने और इस तरह के उपकरणों के लंबे इस्तेमाल से स्वयं को सुरक्षित रखने के तमाम उपायों पर अमल करें।



पश्चिम बंगाल। नादिया जिले के फुलिया स्थित बीडीओ कार्यालय में सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए अपना नाम दर्ज कराती महिलाएं मतदाता।

## इंडोनेशिया के मनाडो में नर्सिंग होम में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत की राजधानी मनाडो में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। शवों की पहचान करने के लिए इंडोनेशियाई पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को दी। पोल्डा सुलुट के जनसंपर्क अधिकारी आलमस्याह पी. हसीबुआन के अनुसार, पीड़ितों के शवों की पहचान उत्तरी सुलावेसी क्षेत्रीय पुलिस (पोल्डा सुलुट) के भायंगकारा अस्पताल में की जा रही है। हसीबुआन के अनुसार स्थानीय समयानुसार रात लगभग 8:36 बजे मनाडो जिले के पाल दुआ जिले के रानोमुट उप-जिले में स्थित पांटी वर्धा दमाई नर्सिंग होम में आग लग गई। मनाडो नगर सरकार की तीन दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और रात लगभग 9:30 बजे आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी तुरंत इलाके को सुरक्षित करने और बचाव कार्यों में सहायता करने के लिए सक्रिय हो गए।

## इस्लामिक स्टेट के खिलाफ छापेमारी में सात तुर्की पुलिसकर्मी घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत यालोवा में संदिग्ध इस्लामिक स्टेट (आईएस) सदस्यों को निशाना बनाकर किए गए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी में सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकारी प्रसारक टीआरटी की रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया कि प्रांतीय पुलिस इकाइयों ने एलमालिक गांव के एक घर पर छापा मारा, जहां छापेमारी अभियान के दौरान आईएस सदस्यों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के बाद, पड़ोसी प्रांत बर्सा से विशेष ऑपरेशन पुलिस को छापेमारी में मदद करने के लिए तैनात किया गया, जो आसपास के क्षेत्र में बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के तहत जारी है। मुठभेड़ में घायल हुए पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर बनी हुई है।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में आग लगाई

## दरवाजे बाहर से बंद थे, लोग बाड़ काटकर घर से निकले, पांच संदिग्ध गिरफ्तार किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगाने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार, 27 दिसम्बर को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है। परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे।

लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। घटना का एक वीडियो



■ आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने ईशनिंदा के झूठे आरोप में मार दिया था। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।

# पानी को हथियार बना रहा भारत: शेरी रहमान

## भारत में पर्यावरण मंत्रालय के तहत पैनल ने चिनाब नदी पर जलविद्युत परियोजना को मंजूरी पर दिया पाक सांसद ने तीखा बयान



■ भारत ने 22 अप्रैल की पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 के पुराने सिंधु जल समझौते को निलंबित करना शामिल था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक सांसद सोमवार को भारत पर पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के संबंधों में तनाव को और बढ़ा सकता है। यह टिप्पणी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सांसद शेरी रहमान ने की। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब भारत में पर्यावरण मंत्रालय के तहत एक पैनल ने चिनाब नदी पर जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दी।

इससे पहले, अप्रैल में पहलगाम में हुए खौफनाक आतकंवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित कर दिया था। रहमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 260 मेगावाट की दुलहस्ती चरण-सेकेंड जलविद्युत परियोजना को हरित पैनल ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने इसे सिंधु जल संधि का उल्लंघन करार दिया और कहा कि पानी को हथियार बनाना न तो समझदारी है और न ही स्वीकार्य है। खासकर यह क्षेत्र पहले से ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणी दबाव में है। यह पहले से ही शत्रुता और अविश्वास से भरे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 के पुराने सिंधु जल समझौते को निलंबित करना शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में तैयार किया गया यह समझौता 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और इसकी सहायक नदियों के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करता रहा है। जलविद्युत परियोजनाओं की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने इस महीने अपनी 45वीं बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दे दी। अब इसके निर्माण के लिए निविदाओं की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 3200 करोड़ रुपये से अधिक है। पैनल ने कहा कि चिनाब बेसिन का पानी भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि के नियमों के अनुसार बांटा जाता है और इस परियोजना के नियम और योजनाएं इसी समझौते के अनुसार बनाई गई हैं। हालांकि, सिंधु जल समझौता 23 अप्रैल 2025 से निलंबित है। जब सिंधु जल संधि लागू थी, तब पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों पर अधिकार था, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलज पर अधिकार था। अब जब यह संधि निलंबित है तो भारत सिंधु बेसिन में कई जलविद्युत परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहा है।

## भारत में अल्पसंख्यकों पर हमले चिंता का विषय: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने भारत में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है। पाकिस्तान का कहना है कि ऐसी घटनाएं भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती नफरत का संकेत देती हैं और इस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को ध्यान देना चाहिए।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी के मुताबिक भारत में क्रिसमस से पहले धार्मिक प्रतीकों और सजावट को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे ईसाई समुदाय में डर का माहौल बना। अंद्राबी ने ये आरोप भी लगाया कि मुसलमानों के खिलाफ घरेलू हिंसा, घरों को गिराए जाने और भीड़ द्वारा लिंचिंग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना गहरी हो रही है। पाकिस्तान ने इस दौरान 2015 में हुए मोहम्मद अखलाक हत्याकांड का भी जिक्र किया। अंद्राबी ने कहा कि इस मामले में भारतीय अधिकारियों

■ क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई

ने आरोपियों को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि इन घटनाओं से न सिर्फ मुसलमानों बल्कि दूसरे अल्पसंख्यकों में भी डर का माहौल है। इसी वजह से पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इन मामलों को गंभीरता से देखे और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने जिस घटना का जिक्र किया, वह 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई थी। रायपुर के मैग्नेटो माल में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस के मौके पर की गई सजावट और सांता की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में पुलिस ने 27 दिसम्बर को 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया

## आपका खराब रिकॉर्ड सब बयां कर रहा भारत का पाकिस्तान पर पलटवार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत में क्रिसमस पर अपवाद के तौर पर हुई तोड़फोड़ की खबरों पर ज्ञान देने की कोशिश की। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर अब भारत सरकार ने पड़ोसी देश की सरकार को दो टूक सुना दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उस देश की कथित टिप्पणियों को खारिज करते हैं जिसका इस मामले में बेहद खराब रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है, विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों पर पाकिस्तान का भयावह और सुनियोजित उत्पीड़न एक सर्वविदित तथ्य है। किसी भी तरह के आरोप-प्रत्यारोप इसे छिपा नहीं सकते हैं। भारत में क्रिसमस के दौरान हुई तोड़फोड़ की छिटपुट घटनाओं और भारत में तथाकथित तौर पर मुसलमानों के खिलाफ हिंसा को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने जहर उगला था। यहां सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस तरह का ज्ञान वो पाकिस्तान दे रहा है, जहां आए दिन अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बरता के मामले सामने आते रहते हैं।

## यूक्रेन वार्ता में प्रगति हुई है, पर अभी भी कुछ जटिल मुद्दे बाकी: ट्रम्प

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद कहा कि 'फ्लोरिडा वार्ता' के दौरान यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है, लेकिन 'एक या दो बहुत जटिल मुद्दे' अभी भी बाकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सवाल टकराव वाले क्षेत्रों (जमीन) को लेकर था। रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे।

जेलेंस्की ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे 20-सूत्रीय शांति योजना के '90 प्रतिशत' हिस्से पर समझौते पर पहुंच गए हैं, वहीं ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी का काम 'लगभग 95 प्रतिशत' पूरा हो गया है। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के दल चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत करने के लिए अगले सप्ताह यूक्रेन में मिलेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बाद में टेलीग्राम ऐप पर एक बयान में कहा कि हमने सभी मुद्दों पर सार्थक बातचीत की और हम पिछले हफ्तों में यूक्रेनी और अमेरिकी दलों द्वारा की गई प्रगति को बहुत महत्व देते हैं। रूस ने फरवरी



■ रूस ने पहले मांग की है कि यूक्रेन उसे और अधिक जमीन सौंप दे

2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था, और रूस ने इस समय यूक्रेनी क्षेत्र के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रम्प ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र, जिस पर रूस का काफी हद तक नियंत्रण है, उसे विसैन्यीकृत क्षेत्र में बदलने का प्रस्ताव 'अनसुलझा' बना हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उस जमीन का कुछ हिस्सा ले लिया गया है। उस जमीन का कुछ हिस्सा शायद हासिल किया जा सकता है, लेकिन इस पर अगले कुछ महीनों की अवधि में कब्जा भी किया जा सकता है। रूस ने इस समय डोनेत्स्क क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत और पड़ोसी लुहान्स्क के लगभग 99 प्रतिशत हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैक्सिको ट्रेन दुर्घटना में 13 मरे, 98 घायल

**मैक्सिको सिटी।** दक्षिणी मैक्सिको में सलिना क्रूज-कोत्जाकोआल्कोस मार्ग पर 'इंटरओशनिक ट्रेन' के पटरी से उतरने से 13 लोगों की मौत हो गई है और 98 लोग घायल हो गए हैं। मैक्सिको की नौसेना सचिवालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने एक बयान में बताया कि ओक्साका और वेराक्रूज राज्यों को जोड़ने वाली इंटरओशैनिक ट्रेन रविवार को निजांडा कस्बे के पास एक मोड़ से गुजरते समय पटरी से उतर गई थी।

### कश्मीर में हिमपात पूर्वानुमान से पहले रात के तापमान में वृद्धि

**श्रीनगर।** मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को कश्मीर घाटी में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आ सकता है जिसके कारण घाटी के इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बर्फवारी हो सकती है। मौसम संबंधी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर में रात के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यहां न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के 0.8 डिग्री सेल्सियस से बहुत ज्यादा है।

### अमेरिका में सड़क हादसे में तेलंगाना की दो छात्राओं की मौत

**हैदराबाद।** अमेरिका में सड़क दुर्घटना में तेलंगाना की दो छात्राओं की मौत हो गई है। सोमवार को मिली सूचना के अनुसार, मृतकों की पहचान मेघननारानी (25) और कडियाला भावना (24) के रूप में हुई है। दोनों महबूबाबाद जिले के गरला मंडल की निवासी थीं।

## बीएनपी के नेता तारीक रहमान ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने सोमवार को आगामी चुनावों के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। 'डेली स्टार' की रिपोर्ट के मुताबिक, नामांकन पत्र सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे सेगुनबागीचा स्थित ढाका संभाग आयुक्त के कार्यालय में जमा किए गए।

बीएनपी अध्यक्ष के सलाहकार अब्दुस सलाम ने बांग्लादेश डाक्टर संघ (डीएबी) के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर डा. फरहद हलीम डोनार के साथ मिलकर तारिक रहमनान की ओर से नामांकन पत्र जमा किए। तारिक रहमान 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में ढाका-17 सीट से चुनाव लड़ेंगे। 13वें संसदीय चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। अब्दुस सलाम ने मीडिया के जरिये सभी

■ 13वें संसदीय चुनाव के लिए ढाका 17 सीट से लड़ेंगे चुनाव

का आभार जताया और कहा कि 17 साल के निर्वासन के बाद तारिक रहमान का शहरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ढाका-17 के लोग 12 फरवरी के चुनाव में अपनी इच्छा से तारिक रहमान के पक्ष में मतदान करेंगे। रविवार को बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने चुनाव से कुछ हफ्ते पहले तारिक रहमान का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अनुमति दी। एक दिन पहले तारिक रहमान ने चुनाव आयोग कार्यालय का दौरा किया था और बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए अपनी उंगलियों के निशान और आंखों की स्कैन प्रक्रिया पूरी की थी।

# चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरा

## अभ्यान शुरू, जवाब में ताइवान ने काउंटर काम्बैट एक्सरसाइज लॉन्च की, तीनों सेनाएं भी अलर्ट पर

**बीजिंग/ताइपे।** चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीनी सेना ने ताइवान के उत्तर, उत्तर-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और पूर्वी तट के पास अलग-अलग जोन बनाकर लाइव-फायर ड्रिल शुरू की है।

चीन की कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने भी काउंटर काम्बैट एक्सरसाइज शुरू कर दी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अलर्ट पर रखा गया है। चीनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। ताइवान ने अपनी सेनाओं को तैनात कर काम्बैट-रेडीनेस ड्रिल शुरू की है। ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। ताइवान कोस्ट गार्ड के मुताबिक, चीन के सैन्य अभ्यास से जहाजों की आवाजाही और मछुआरों की सुरक्षा

**ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया**

पर खतरा पैदा हो गया है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के मुताबिक, इस अभ्यास में नौसेना, वायुसेना और राकेट फोर्स को एक साथ तैनात किया गया है। ड्रिल में युद्धपोत, फाइटर जेट, बाम्बर, ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए समुद्री और हवाई टारगेट को निशाना बनाने, बंदरगाहों की नाकाबंदी और बाहरी दखल को रोकने का अभ्यास किया जा रहा है। इसके साथ ही चीनी कोस्ट गार्ड को भी ताइवान के आसपास समुद्र में एक्टिव किया गया है। इस सैन्य अभियान को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीनी सेना ने कहा है कि यह अभ्यास ताइवान की 'अलगाववादी ताकतों' और बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी है। द गार्डियन ने डिफेंस एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया है कि इस बार चीन का अभ्यास पहले से ज्यादा बड़ा है और ताइवान के बेहद करीब किया जा रहा है। खासकर पूर्वी तट के पास बनाए गए सैन्य जोन को अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी दिशा से संकट के समय ताइवान को अंतर्राष्ट्रीय मदद मिल सकती है। चीन के इस युद्धाभ्यास की वजह अमेरिका और ताइवान के बीच हुई हथियारों की डील मानी जा रही है। अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को करीब 11.1 अरब डालर के हथियार बेचने की घोषणा की थी, जो अब तक का सबसे बड़ा रक्षा पैकेज है। इसमें आधुनिक मिसाइल सिस्टम, राकेट लॉन्चर और अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। इस डील से चीन भड़क गया, क्योंकि वह ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है।

# ऑस्ट्रेलिया भेजी जाने वाली सभी चीजों पर शुल्क शून्य हो जाएगा

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के तहत होने जा रहा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत से आस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले सभी तरह के माल पर आगामी पहली जनवरी से शून्य-शुल्क दर पर प्रवेश मिलेगा। यह दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते के तहत होने जा रहा है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा) की तीसरी सालगिरह के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया, 1 जनवरी 2026 से, भारतीय निर्यात के लिए 100 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई टैरिफ लाइनें (वस्तु श्रेणियां) शून्य-शुल्क वाली होंगी, जिससे (भारत के) श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता दो अप्रैल 2022 को हुआ था और यह 29 दिसम्बर 2022 को प्रभाव में आया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच इस समय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीका) की बातचीत प्रगति



■ भारत और ऑस्ट्रेलिया साथ मिलकर साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं

पर है। भारत का कहना है कि इस समझौते से मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के सपने के साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक में भारत की आर्थिक भागीदारी को मजबूती मिल रही है। साथ मिलकर, भारत और ऑस्ट्रेलिया साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले तीन सालों में, इस समझौते से भारत के निर्यात में वृद्धि, बाजार प्रवेश में आसानी और आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती आई है तथा जिससे भारतीय निर्यातकों, सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों, किसानों और मजदूरों सभी को फायदा हुआ है। मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 8 प्रतिशत बढ़ा, जिससे भारत का आस्ट्रेलिया के साथ व्यापार संतुलन बेहतर हुआ है। इससे विनिर्माण, रसायन, कपड़ा, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोलियम उत्पाद और रत्न और आभूषण क्षेत्रों में मजबूत बढ़त देखी गई है। यह समझौता कृषि-निर्यात में व्यापक वृद्धि लेकर आया है। इससे वहां भेजे जाने वाले फल और सब्जियों, समुद्री उत्पादों, मसालों में तेजी से वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार इससे आस्ट्रेलिया को कॉफी के निर्यात में असाधारण वृद्धि हुई। अप्रैल-नवम्बर 2025 में वहां के लिए रत्न और आभूषण निर्यात में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## हूती नेता की चेतावनी: सोमालीलैंड में इजरायली ठिकाना बना, तो करेंगे सैन्य हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह ने इजरायल और सोमालीलैंड के बीच बढ़ती नजदीकियों को लेकर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगर सोमालीलैंड की धरती पर इजरायल अपनी कोई भी उपस्थिति दर्ज कराता है, तो उसे हूती सेना का 'सैन्य लक्ष्य' माना जाएगा। हूती कमांडर अब्दुलमलिक अल-हूती ने रविवार को स्पष्ट किया कि सोमालीलैंड (सोमालिया का अलग हुआ क्षेत्र) को इजरायल की दी गई मान्यता न केवल सोमालिया की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि यह यमन और पूरे अरब जगत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उसने आरोप लगाया कि इजरायल इस क्षेत्र का उपयोग अफ्रीकी देशों और यमन के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधियों के लिए एक 'लॉन्च पैड' के रूप में करना चाहता है। हूती कमांडर ने सोमालिया के लोगों के प्रति एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि उनका समूह सोमालिया की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। उसने मुस्लिम और अरब देशों से अपील की कि वे इजरायल के इस 'विस्तारवाद' के खिलाफ एकजुट होकर कड़ा रुख अपनाएं।

